


www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत


तापसी पन्नू को दी हुई ...

7

■ वर्ष 29 अंक 275 डाक/नगर संस्करण ■ जबलपुर शुक्रवार 04 अप्रैल 2025 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00


# वक्फ बिल के विरुद्ध–राज्यसभा में फाइनल युद्ध

## लोकसभा की मुहर के बाद राज्यसभा में छिड़ी लम्बी चर्चा

नई दिल्ली

वक्फ संशोधन बिल बुधवार को लोकसभा में पास होने के बाद गुरुवार को राज्यसभा में पेश किया गया। दोपहर 1 बजे से शुरू हुई चर्चा देर रात्रि तक चली। अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि व्यापक चर्चा के बाद तैयार किए गए बिल को जेपीसी के पास भेज दिया गया था। वक्फ को लेकर जेपीसी ने जितना काम किया, उतना काम किसी कमेटी ने नहीं किया। रिजिजू ने राज्यसभा में कहा- संशोधित बिल में मुसलमानों के धार्मिक क्रियाकलापों में किसी तरह का हस्तक्षेप कोई गैर मुस्लिम नहीं करेगा। हमने ट्रांसपैरेंसी, अकाउंटेबिलिटी, एक्यूरेसी पर केंद्रित बदलाव किए हैं। हम किसी की धार्मिक भावना को चोट पहुंचाने के लिए नहीं हैं। गरीब मुसलमानों को न्याय मिले, हमारा यही उद्देश्य है। वक्फ बिल पर चर्चा के दौरान बीजू जनता दल ने कहा है कि पार्टी ने अपने सांसदों को कोई व्हिप जारी नहीं किया है। सांसद अपनी अंतरात्मा की सुनें और वक्फ बिल पर फैसला लें। वहीं, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने लोकसभा में वक्फ बिल का विरोध जताते हुए कहा कि उनकी पार्टी इस बिल को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। उन्होंने कहा- इसने संवैधानिक सिद्धांतों को कमजोर किया है, जबकि अधिकांश भारतीय पार्टियों ने इसका विरोध किया था। दरअसल, स्टालिन गुरुवार को वक्फ बिल के पारित होने के विरोध में विधानसभा में काली पट्टी बांधकर पहुंचे थे।




### लोकसभा में जबलपुर की गूंज, विपक्ष का वॉकआउट

जबलपुर में कैथोलिक पादरियों पर हुए कथित हमले के विरोध में विपक्षी दलों ने गुरुवार को लोकसभा से वॉकआउट किया। कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी सांसदों ने सदन में यह मुद्दा उठाने की कोशिश की। सत्र शुरू होते ही विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए गलियारे में खड़े हो गए और इस मामले पर चर्चा की मांग की। हालांकि, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने चर्चा की अनुमति नहीं दी। इसके बाद, विपक्षी सांसदों ने सदन से वॉकआउट कर दिया।

### जेडीयू के दो नेताओं ने इस्तीफा दिया

वक्फ संशोधन बिल का जेडीयू ने लोकसभा में समर्थन किया, जिसके बाद पार्टी में विरोध के स्वर उठने लगे हैं। जेडीयू नेता डॉ मोहम्मद कासिम अंसारी और मोहम्मद नवाज मलिक ने बिल के समर्थन के विरोध में अपने सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने नीतीश कुमार को अपना त्याग पत्र भेजा और पार्टी के स्टैंड की आलोचना की।

### सुधार तो हिंदू धर्म में भी होना चाहिए: सिब्बल

राज्यसभा में निर्दलीय सांसद कपिल सिब्बल ने वक्फ बिल पर चर्चा के दौरान कहा कि प्रॉपर्टी मेरी, चैरिटी में मैं देना चाहता हूं। आप कौन हैं भाई। उन्होंने वक्फ सुधारों पर कहा कि सुधार तो हिंदू धर्म में भी होना चाहिए। तमिलनाडु और एक दो जगह गड़बड़ियों की बात हुई। अरे भाई, गड़बड़ियां तो आपकी सरकार में भी हैं।

### सभी धर्मों से हो समान व्यवहार: रामगोपाल यादव

समाजवादी पार्टी के सांसद प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने इस बिल को विवादास्पद बताते हुए कहा कि सभी धर्मों के साथ समान व्यवहार होना चाहिए। बहुत बड़ी आबादी है देश में मुसलमान की। लोगों को ये लगे कि अन्याय हो रहा है, फिर आप जितना भी कहिए कि तुष्टिकरण की बात कर रहे हैं, इससे काम नहीं चलना है।

### जमीन माफियाओं ने बहुत मलाई खाई: नड्डा

जेपी नड्डा ने कहा कि गलत चल रहा था, उसे हम ठीक करने का प्रयास कर रहे हैं। इसमें कांग्रेस पार्टी को भी साथ देना चाहिए। जमीन माफियाओं ने बहुत मलाई खाई है। उम्मीद है कि कांग्रेस पार्टी मलाईखोरों से दूर रहे। हालांकि, रहना मुश्किल है। लोग सवाल उठाते हैं और झोला उठाकर चल देते हैं।

### ये कानूनी भाषा में सत्ता की मनमानी: सिंघवी

कांग्रेस के राज्यसभा सांसद अभिषेक मनु सिंघवी ने वक्फ बिल पर चर्चा के दौरान कहा कि ये जो बिल है, वह कानून नहीं, कानूनी भाषा में सत्ता की मनमानी है। उन्होंने कहा, लिमिटेशन एक्ट लागू करने के फैसले से वक्फ की प्रॉपर्टी पर कब्जा करने वाला 12 साल बाद परमानेंट ऑनरशिप का दावा करेगा।

### तनी चिंता तो जिन्ना ने भी नहीं की थी: राउत

राज्यसभा में वक्फ बिल पर चर्चा के दौरान शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने कहा कि आपको मुसलमानों के हित की इतनी चिंता क्यों हो रही है। इतनी चिंता तो बैरिस्टर मोहम्मद अली जिन्ना ने भी नहीं की थी। मंत्री जी को सुनकर ऐसा लगा जैसे मोहम्मद अली जिन्ना की आत्मा कब्र से उठकर प्रवेश कर गई है।



# टूट जाऊंगा लेकिन झुकूंगा नहीं: खड़गे

नई दिल्ली

## कांग्रेस अध्यक्ष ने अनुराग ठाकुर पर किया पलटवार

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को कहा कि अगर भारतीय जनता पार्टी के सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा उनके खिलाफ लगाए गए जमीन हड़पने के आरोप साबित हो जाते हैं तो वह इस्तीफा दे देंगे। खड़गे ने कहा कि ठाकुर ने आरोप लगाकर उनके स्वाभिमान को ठेस पहुंचाई है। अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में वक्फ बिल पर चर्चा के दौरान आरोप लगाया था कि खड़गे ने वक्फ की जमीन हड़पी है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा, अगर बीजेपी के लोग मुझे डराकर झुकाना चाहते हैं, मैं कभी नहीं झुकूंगा। मैं टूट जाऊंगा लेकिन झुकूंगा नहीं। याद रखो, मैं डराने से डरने वाला नहीं हूं। खड़गे यहीं नहीं रुके, उन्होंने आगे कहा, मेरा जीवन हमेशा एक खुली किताब की तरह रहा है। यह संघर्षों और लड़ाइयों से भरा रहा है। लेकिन मैंने हमेशा सार्वजनिक जीवन में सर्वोच्च मूल्यों को बनाए रखा है। कल, अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में मुझ पर पूरी तरह से झूठे और निराधार आरोप लगाए। जब मेरे सहयोगियों ने चुनौती दी, तो उन्हें अपनी टिप्पणी वापस लेने के लिए मजबूर होना पड़ा। लेकिन नुकसान हो चुका है। खड़गे ने दावा किया कि अनुराग ठाकुर के आरोपों ने उनके राजनीतिक करियर पर बड़ा दाग लगा दिया है और उन्होंने भाजपा से माफी मांगने की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर ठाकुर अपने आरोपों को साबित नहीं कर सकते तो उन्हें संसद में बैठने का अधिकार नहीं है और उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, अगर वह साबित कर देते हैं कि वक्फ की एक भी जमीन पर मेरा या मेरे बच्चों का कब्जा है, तो मैं इस्तीफा दे दूंगा। मैं इन चीजों से नहीं डरता। मैं एक मजदूर का बेटा हूं।

### संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करेंगे जज

**नई दिल्ली।** ज्यूडिशियरी में ट्रांसपेरेंसी और जनता का भरोसा बनाए रखने के लिए सुप्रीम कोर्ट के सभी जजों ने पदभार ग्रहण करने के दौरान ही अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करने का फैसला किया है। फुल कोर्ट मीटिंग में सभी 34 जजों ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया संजीव खन्ना की मौजूदगी में अपनी संपत्ति का खुलासा करने का फैसला लिया है।

### मणिपुर में राष्ट्रपति शासन का प्रस्ताव पारित

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने गुरुवार तड़के मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाए जाने की पुष्टि कर दी। इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया, लेकिन कई दलों ने केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके और अन्य दलों ने भी राष्ट्रपति शासन पर चर्चा के दौरान मणिपुर में शांति बहाल करने की मांग की।

### दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर बैन बढ़ा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर लगाए गए प्रतिबंध को जारी रखते हुए सालभर के लिए बैन लागू कर दिया है। जस्टिस अभय ओका और जस्टिस उज्जल भूयां की बेंच ने कहा कि पटाखों से होने वाला प्रदूषण सिर्फ 3-4 महीने की समस्या नहीं है, बल्कि यह दिल्ली की हवा को लंबे समय तक जहरीला बनाता है। अदालत ने पटाखा बनाने वालों से कहा कि वे पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

### चीनी लोगों से रोमांस ना करें अमेरिकी वर्कर्स: ट्रंप

**वाशिंगटन।** ट्रंप प्रशासन ने चीन में रह रहे अपने कर्मियों के लिए गोपनीय तरीके से एक सख्त निर्देश जारी किया है। इसके तहत चीन में रह रहे अमेरिका के सरकारी कर्मियों को चीन के स्थानीय नागरिकों के साथ रोमांटिक या निजी संबंध रखने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह निर्देश राजनयिकों, उनके परिवार के सदस्यों और सुरक्षा मंजूरी वाले कान्ट्रेक्टरों पर लागू होता है। यह निर्णय व्यापार, पर चल रहे विवादों के बीच लिया गया है।

## भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी में थाईलैंड का खास योगदान: मोदी

**नई दिल्ली/बैंकॉक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को 2 दिन के थाईलैंड दौरे पर पहुंचे हैं। यहां पर उन्होंने थाईलैंड की पीएम पाइतोंतार्न शिनवात्रा के साथ जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। सबसे पहले पीएम मोदी ने 28 मार्च को भूकंप में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उन्होंने भारत और थाईलैंड के धार्मिक और सांस्कृतिक संबंधों पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि सदियों पुराने संबंध हमारी गहरी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कड़ियों से जुड़े हैं। बौद्ध धर्म के प्रसार ने हमारे लोगों को जोड़ा है। रामायण की कहानियां थाई लोगों के जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। पीएम मोदी ने कहा कि भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी और हमारे इंडो पेसिफिक विजन में थाईलैंड का खास योगदान है। आज हमने अपने संबंधों को स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप का रूप देने का फैसला किया है। सुरक्षा एजेंसियों के बीच स्ट्रेटजिक डायलॉग स्थापित करने पर चर्चा की गई।



# भाजपा सदस्यों के हमले का आक्रामक जवाब जरुरी: सोनिया

नई दिल्ली (वार्ता)

कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने कहा है कि सरकार सोची समझी रणनीति के तहत समाज का ध्रुवीकरण कर रही है और वक्फ विधेयक जैसे कदम समाज को बांटने की उसकी इसी रणनीति का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के सदस्य संसद में कांग्रेस शासित राज्यों की मुद्दों पर तीखा हमला करते हैं इसलिए पार्टी सांसदों को भी भाजपा शासित राज्यों में उसकी विफलता को लेकर सदन में ही करारा जवाब देना चाहिए। सोनिया गांधी ने गुरुवार को संसद के केंद्रीय कक्ष में पार्टी के संसदीय दल की आम बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आज इस विधेयक को राज्यसभा में पेश किया जाना है और कांग्रेस का रुख इस पर पहले की तरह ही स्पष्ट है। संसदीय दल की इस बैठक में राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता मौजूद थे। कांग्रेस संसदीय दल की नेता ने अपने संबोधन में कहा कल, वक्फ संशोधन विधेयक को लोकसभा में जबरन पारित किया गया। इस विधेयक को लेकर हमारी पार्टी का दृष्टिकोण स्पष्ट है कि यह संविधान पर हमला है। इस तरह के विधेयक पारित कर भाजपा समाज को स्थायी रूप ध्रुवीकरण की स्थिति में रखने की सोची समझी राजनीति के तहत काम कर समाज को बांटने में लगी है। उन्होंने संसद में कामकाज का मुद्दा भी उठाया और कहा मैंने देखा है कि भाजपा के सदस्य हमारी राज्य सरकारों पर आक्रामक तरीके से निशाना साधते हैं, खास तौर पर शून्यकाल के दौरान। मुझे लगता है कि आप सभी को भी आक्रामक तरीके से भाजपा शासित राज्यों में सरकार की विफलताओं और कुशासन को उठाना चाहिए। इसका मतलब है कि हमें और अधिक गहन होमवर्क और शोध करना होगा।



## सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना सीएम को लगाई फटकार

# अवमानना पर कार्रवाई न करके क्या हमने गलती की

**नई दिल्ली।** तेलंगाना बीआरएस के 10 बागी विधायकों की अयोग्यता वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को उनके एक बयान पर फटकार लगाई। रेवंत रेड्डी ने 26 मार्च को तेलंगाना विधानसभा में 10 विधायकों को संबोधित करते हुए बोला था कि राज्य में कोई भी उपचुनाव नहीं होने वाले हैं। कोर्ट ने कहा कि हमको नेताओं के बयान से कोई फर्क नहीं पड़ता। जैसे हम लोकतंत्र के अन्य दो स्तंभों का सम्मान करते हैं। नेताओं से भी यही अपेक्षा करते हैं। इसलिए मुख्यमंत्री को संयम रखना चाहिए। इस याचिका की सुनवाई जस्टिस बी. आर. गवई और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच ने किया। कोर्ट ने कहा कि क्या हमने गलती कर दी, जब हमने कोर्ट की अवमानना करने के लिए आप पर कोई कार्रवाई नहीं की थी। कोर्ट ने यह बात दिल्ली शराब नीति मामले पर बीआरएस नेता के. कविता को बेल देने पर रेवंत रेड्डी के विवादित बयान का हवाला देकर कही। दरअसल पिछले साल के. कविता को बेल मिलने पर रेवंत रेड्डी ने सवाल उठाया था। उन्होंने कहा था कि एक तरफ मनीष सिसोदिया को बेल मिलने पर 15 महीने लग गए वहीं के. कविता को 5 महीने में ही बेल मिल गई। इससे लगता है कि बीआरएस और भाजपा के बीच कोई समझौता हुआ है।



## रिटायर्ड अधिकारी के घर गन पॉइंट पर 20 तोला सोना, 2 लाख रुपए की लूट

**रीवा (स्वतंत्र मत)।** बेटी के विवाह की तैयारियों में जुटे मनेंद्रगढ़ कोल माइंस (छग) से सेवानिवृत्त अधिकारी रमाशंकर सिंह तिवारी के घर में घुसे दो अज्ञात बदमाश पिस्टल की नोक पर 18 से 20 तोला सोना और दो लाख रुपये नकद लूटकर फरार हो गए। बुधवार रात 11 बजे हुई घटना की एफआईआर गुरुवार सुबह कराई गई। विवेक सिंह, पुलिस अधीक्षक रीवा के मुताबिक पुलिस ने फरार आरोपियों की तलाश तेज कर दी है। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर साइबर सेल की टीम सहित पुलिस बल भेजा गया था। पीड़ित मूल रूप से रीवा शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत रमकुई गांव में रहते हैं। 17 अप्रैल को उनकी बेटी का विवाह होना है। इसकी तैयारियों के सिलसिले में अन्य स्वजन शहडोल गए हैं। यहां पीड़ित की बहन रहती हैं। पीड़ित के अनुसार वे घर में अकेले थे तभी दो युवक बेटे राहुल के दोस्त बनकर पहुंचे और पानी मांगकर घर में प्रवेश कर लिया। इसके बाद बंदूक की नोक पर घर में रखा सोना और दो लाख रुपये लूटकर ले गए। बदमाशों ने पीड़ित रिटायर्ड अधिकारी को तकरीबन तीन घंटे तक घर में बंधक बनाए रखा। उनकी मानें तो बदमाशों की भाषा और वेशभूषा से वह आसपास के ही पन्ना, कटनी और जबलपुर इलाके के हो सकते हैं।

# सफाई करने कुएं में उतरे 8 लोगों की मौत

खंडवा

खंडवा में 8 लोग एक कुएं में डूब गए। सभी की मौत हो गई। करीब 3 घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन में सभी 8 शव कुएं से बाहर निकाल लिए गए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस, प्रशासन और एसडीईआरएफ की टीम पहुंच गई और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। घटना गुरुवार शाम को जिले के छैगांवमाखन क्षेत्र के कोंडावत गांव की है। बताया जा रहा है कि गणगौर विसर्जन के लिए कुएं की सफाई करने गांव के 8 लोग कुएं में उतरे थे। आशंका जताई जा रही है कि गंदगी के कारण कुएं में जहरीली गैस बनने से इनका दम घुट गया और इनकी जान चली गई। बताया जा रहा है कि दोपहर के वक्त कुएं में राकेश पिता हरी, वासुदेव पिता आसाराम, अर्जुन पिता गोविंद, गजानंद पिता गोपाल, मोहन पिता मंसाराम, अजय पिता मोहन, शरण पिता सुखराम, अनिल पिता आत्माराम उतरे थे, जो शाम तक बाहर नहीं निकले। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम के साथ ही एसडीईआरएफ के 15 सदस्यीय दल भी मौके पर पहुंच गया। रेस्क्यू टीम रस्सी और जाली लेकर कुएं में उतरी और शवों को बाहर निकाला। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, जिस कुएं की सफाई के लिए 8 लोग नीचे उतरे थे, उस कुएं के किनारे एक नाली निकलती है, इस नाली के जरिए गांव का गंदा पानी कुएं में जाता है। जिससे कुआं दलदल में तब्दील हो गया है। इसी दलदल की सफाई के लिए ग्रामीण कुएं में उतरे थे। आशंका जताई जा रही है कि गंदगी के कारण कुएं में जहरीली गैस बन गई, जिससे इन लोगों का दम घुटने लगा।



# सुप्रीम कोर्ट ने 25 हजार शिक्षकों को किया बर्खास्त

## इस फैसले का समर्थन नहीं कर सकती : ममता बनर्जी

नई दिल्ली/कोलकाता

पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी सरकार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। शीर्ष अदालत ने 25753 शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति को अमान्य करार दिया है। सर्वोच्च अदालत ने कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखते हुए पूरी चयन प्रक्रिया को हेरफेर और धोखाधड़ी से प्रेरित बताया और इसकी विश्वसनीयता पर भी सवाल किया। सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने 22 अप्रैल 2024 के कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा जिसमें नियुक्तियों को रद्द कर दिया गया था। पीठ ने कहा कि उन्हें हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं दिखता। अदालत ने कहा कि नियुक्तियां धोखाधड़ी के परिणामस्वरूप हुई हैं और इसलिए ये फर्जी हैं। कोर्ट ने कहा कि, राज्य सरकार को तीन महीने के भीतर नई चयन प्रक्रिया पूरी करनी होगी। जो लोग इस नई प्रक्रिया को पास कर लेंगे, उन्हें 2016 में नियुक्ति के बाद से लिया गया वेतन वापस नहीं करना होगा। लेकिन जो पास नहीं कर पाएंगे, उन्हें वेतन वापस करना होगा। कोर्ट ने विकलांग व्यक्तियों को छूट देते हुए कहा है कि वे अपनी वर्तमान पोस्टिंग पर बने रह सकते हैं।



### फैसला स्वीकार नहीं: ममता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि वह सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को स्वीकार नहीं कर सकतीं। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा राज्य की शिक्षा प्रणाली को निशाना बनाना चाहती है और यह सब भगवा पार्टी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (एम) द्वारा किया गया है। ममता ने आगे कहा, हम फैसले का अध्ययन कर रहे हैं। हमें न्यायपालिका का उच्चतम सम्मान है, लेकिन एक नागरिक के रूप में मुझे यह कहने का पूरा अधिकार है कि मैं इस फैसले को स्वीकार नहीं कर सकती।

# शिक्षक, विद्यार्थियों की रूचि को समझें एवं रूचि अनुसार दें शिक्षा

## एक हाथ मे लक्ष्य और दूसरे हाथ में कलम लेकर शिक्षा ग्रहण करें विद्यार्थी : राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल

### प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नात्कोत्तर महाविद्यालय बुढ़ार में वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन

शहडोल (स्वतंत्रमत)।



कुटीर एवं ग्रामोद्योग स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल की उपस्थिति में प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नात्कोत्तर महाविद्यालय बुढ़ार में वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुटीर एवं ग्रामोद्योग (स्वतंत्र प्रभार) राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि विद्यार्थी राष्ट्र के निर्माता होते हैं। विद्यार्थी पढ़ लिखकर आगे बढ़कर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देते हैं। उन्होंनें कहा कि छात्र-छात्राओं को अपना एक लक्ष्य निर्धारित कर अध्ययन करना चाहिए। विद्यार्थी लक्ष्य बनाएं एवं लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कड़ी मेहनत करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी डॉक्टर, प्रशासनिक अधिकारी, इंजीनियर एवं जिस दिशा में भी आगे बढ़ना चाहते हैं उसी दिशा में आगे बढ़ें एवं आगे बढ़ कर अपने गांव, जिला एवं प्रदेश का नाम रोशन करें। उन्होनें कहा कि विद्यार्थी समय की महत्ता को जानें तथा अपने एक-एक मिनट का सदुपयोग कर अपने जीवन में सदैव आगे बढ़ते रहें। राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल ने महाविद्यालय के शिक्षकों से कहा कि वे विद्यार्थियों की रूचि को समझें तथा उनकी रूचि अनुसार उन्हें अच्छी एवं गुणवत्ता युक्त शिक्षा देकर आगे बढ़ने में मदद करें। उन्होने कहा कि हमारी सरकार में शिक्षा के क्षेत्र में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। हमारी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में अनेक नये कार्य कर रही है। राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस महाविद्यालय को एक्सीलेन्स कॉलेज का दर्जा प्राप्त हुआ है। इस महाविद्यालय में एक्सीलेंस महाविद्यालय की सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जिससे हमारे क्षेत्र के विद्यार्थियों को शिक्षा अध्ययन के लिए दूसरे शहर नहीं जाना पड़ेगा।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती भी दी गई। इस दौरान राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल ने कालेज परिसर में बनी स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा में माल्यापर्ण किया। कार्यक्रम में विधायक जैतपुर जयसिंह मरावी, अध्यक्ष नगर पालिका धनपुरी रविंदर कौर छावड़ा, अध्यक्ष नगर परिषद बुढार शालिनी सरावगी, अध्यक्ष नगर परिषद बकहो मौसमी केवट, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. गंगा मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिध एवं काफी संख्या मे महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने सीएम हेल्पलाईन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिकारी सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों को गंभीरता से लें तथा समयावधि में शिकायतों का निराकरण करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए हैं कि अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता से बात करें, शिकायतों को समझें तथा संतुष्टिपूर्वक निराकरण करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि किसी भी स्थिति में शिकायतों का निम्नगुणवत्ता के साथ निराकरण न हो। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए हैं कि किसी भी स्थिति में आने वाली शिकायत अनअटेन्ड न रहे। आने वाली शिकायतों को अधिकारी प्राथमिकता के साथ पढ़ें एवं निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही करें। बैठक में कलेक्टर ने लोकसेवा प्रदाय गारंटी अधिनियम के अंतर्गत आने वाली शिकायतों की भी समीक्षा की तथा कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोकसेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण किया जाए।

बैठक में कलेक्टर ने खाद्य विभाग अधिकारी से धान खरीदी की जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि हैं कि धान खरीदी के बाद भुगतान प्रक्रिया को लंबित न करें। उन्होनें निर्देश दिए हैं कि धान खरीदी के बाद भुगतान की प्रक्रिया को शीघ्रता के साथ सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य विभाग, कृषि विभाग, ऊर्जा विभाग, जल संसाधन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, वित्त विभाग, सहकारिता विभाग सहित अन्य विभागों की भी समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर अरविंद शाह, सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा की मण्डल कार्यशाला सभी मण्डलों में सम्पन्न

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के निर्देशानुसार, संभागीय प्रभारी व प्रदेश महामंत्री कविता पाटीदार, व जिला प्रभारी गिरीश द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष चमरू सिंह नेताम के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी मण्डल की कार्यशाला सम्पन्न हुई। इसी तारतम्य मे जिला कार्यालय डिण्डौरी मे मण्डल डिण्डौरी की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के पूर्व सभी मंचासीन अतिथियों ने भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के तेलीय चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यशाला प्रारंभ की गई। मण्डल अध्यक्ष आशीष वैश्य ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को ज्ञात है कि हमारे वर्ष के 6 कार्यक्रम मे से एक है भाजपा स्थापना दिवस एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती हम सभी को हर्षोउल्लास के साथ इन दोनो कार्यक्रम को मतदान केन्द्र मे मनाना है। हम सभी को हर मतदान केन्द्र मे कार्यकर्ताओं के घरों मे झण्डा फहराकर एक सेल्फी लेकर सोशल मीडिया में अपलोड करना है। वहीं पंकज सिंह तेकाम ने कहा कि हम सभी को भाजपा स्थापना दिवस के साथ साथ डॉ. अम्बेडकर जयंती को लेकर हर मतदान केन्द्र मे मनाना है जिसके लिए मण्डल से एक एक प्रभारी नियुक्त करना है ताकि यह कार्यक्रम प्रत्येक मतदान केन्द्र मे हो सकें। वरिष्ठ नेता राजेन्द्र प्रसाद पाठक ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन हम सभी भारतवासियों के लिए गर्व का विषय है कि हमारे दोनो सदनों मे बक्फ बोर्ड संशोधन के समर्थन मे बिल पास हुआ है जिससे अब देश की अवैध व अनैतिक कार्यो पर लगाम लेगी एवं सरकार की मंजूरी लेना अनिवार्य होगा। वहीं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेन्द्र सिंह राजपूत ने कहा कि हमें 06 अप्रेल को स्थापना दिवस पर बूथ पर समस्त प्राथमिक सदस्यों को एकत्रित कर भारत माता, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करना एवं प्रभारी को भारतीय जनता पार्टी विचार के बारे मे अवगत कराना है,साथ ही कुछ रचनात्मक कार्य करना है। कार्यक्रम के समापन पर सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने बक्फ बोर्ड संशोधन बिल पास होने पर आतिशबाजी कर एक दूसरे को मिठाई वितरण कर खुशिया मनाई। उक्त बैठक का संचालन मण्डल महामंत्री भागीरथ उरैती व आभार मण्डल महामंत्री चन्द्रशेखर नायक ने व्यक्त किया। बैठक मे पूर्व विधायक दुलीचंद उरैती, नगर परिषद अध्यक्षद्य सुनीता सारस, उपाध्यक्ष सारिका नायक, वरिष्ठ नेता वीरेन्द्रबिहारी शुक्ला, गंगाप्रसाद तिवारी, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष महेश धुमकेती सहित पदाधिकारी व कार्यकर्तागण मौजूद रहें।



# पौधे सूखते हैं तो अधिकारी-कर्मचारियों की खैर नहीं

## कलेक्टर नेहा मारव्या ने निर्माण कार्यों एवं मनरेगा की कार्ययोजना की समीक्षा

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।



कलेक्टर मारव्या ने कलेक्ट्रेट सभागार में निर्माण कार्यों एवं महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) की वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रस्तावित कार्ययोजना की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अनिल कुमार राठौर, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा दीपक आर्मो सहित सभी जनपद पंचायत सीईओ, सहायक उपयंत्री, उपयंत्री एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर मारव्या ने मनरेगा के तहत खेत तालाब, नाडेप, कपिलधारा, कैटलसेड, ग्रेवल रोड, चेकडैम, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, शासकीय भवन निर्माण, ग्राम पंचायतों में सड़क किनारे वृक्षारोपण, सीसी रोड, तालाब और खेल मैदान निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वृक्षारोपण के लिए 30 मई तक सभी चिन्हित स्थानों पर गड्ढे तैयार कर लिए जाएं, ताकि पौधों की वृद्धि सुगमता से हो सके।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि समय-सीमा में वृक्षारोपण की तैयारी पूरी न करने वाले सहायक यंत्री, उपयंत्री एवं सचिवों का वेतन रोका जाएगा। इसके अलावा 15 जून से वृक्षारोपण कार्य प्रारंभ होगा और यदि किसी जनपद पंचायत क्षेत्र में पौधे सूखते हैं, तो संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के वेतन से उतने दिनों की कटौती की जाएगी, जितने पौधे नष्ट होंगे।

कलेक्टर मारव्या ने सभी जनपद पंचायत सीईओ को निर्देश दिया कि वे चिन्हित स्थानों का निरीक्षण कर खेत तालाब एवं अन्य जल संरक्षण कार्यों को 30 मई तक पूर्ण कर लें, जिससे बारिश के समय जल संग्रहण सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता एवं समयबद्धता बनाए रखने के निर्देश भी दिए।

# मेकलसुता महाविद्यालय में जनजातीय नायकों के सम्मान में व्याख्यान माला आयोजित

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।



मेकलसुता महाविद्यालय एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास डिण्डौरी द्वारा जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनजातीय नायकों के जीवन व संघर्ष पर विचार-विमर्श किया गया और उनके योगदान को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि डॉ. लीला भलावी ने अपने उद्बोधन में बताया कि रानी दुर्गावती, कुंवर रघुनाथ शाह, बिरसा मुण्डा, तिलका मांझी सहित कई जनजातीय महापुरुषों ने स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्र निर्माण में अपना अनमोल योगदान दिया है। विशिष्ट अतिथि रविकांत जी एवं मुख्य वक्ता महेश धूमकेती जी ने भी जनजातीय संस्कृति की महत्ता पर जोर दिया। अध्यक्षता में डॉ. बिहारी लाल द्विवेदी ने मंच पर दीप प्रज्जवलन किया और सभी सम्मानित अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा प्रस्तुत लोकनृत्य, जनजातीय पहनावे एवं प्रदर्शनी ने दर्शकों का आकर्षण बढ़ाया। नोडल अधिकारी डॉ. स्वर्ण तिवारी ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए बताया कि यह आयोजन नवयुवकों को जनजातीय विरासत की जानकारी और महत्व से अवगत कराता है। अंत में, विशिष्ट अतिथि ने गीत के माध्यम से राष्ट्रीय एकता एवं जागरूकता का संदेश दिया, और अध्यक्ष ने छात्रों से आग्रह किया कि वे जनजातीय नायकों के साहित्य एवं संस्कृति का अध्ययन करके उसे अपने जीवन में उतारें। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिससे पूरे माहौल में राष्ट्रीय भावना का संचार हुआ।

# सरपंच, सचिव और उपयंत्री की मिलीभगत से 8 इंच की जगह बना दी 2 से 3 इंच की सीसी सड़क

## जनपद पंचायत समनापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत कंचनपुर का मामला

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।

जिले जनपद पंचायत समनापुर के ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत कंचनपुर में भ्रष्टाचार का एक नया मामला सामने आया है, जहां ग्राम पंचायत सरपंच जानकी बाई वनवासी,सचिव दान सिंह को न तो जांच की चिंता न ही कार्रवाई डर है, क्योंकि जिस सेक्टर उपयंत्री को निर्माण कार्य को गुणवत्ता पूर्ण करने की जिम्मेदारी दी गई है, वे ही भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दे कर तय मापदंडों को ठेंगा दिखा रहे है।

### ये रहा पूरा मामला

दरअसल ग्राम पंचायत कंचनपुर में केंद्रीय सहायता राशि 15 वां वित्त आयोग की 6 लाख 13 हजार रू. की लागत से मुख्यमार्ग से तुलसी बनवासी के घर तक सीसी सड़क का निर्माण किया जा रहा है।

जहां सरपंच जानकी बाई बनवासी, सचिव दानसिंह और सेक्टर उपयंत्री राजेश उमरिया की सांठगांठ से सीसी सड़क मोटाई, गुणवत्ता में भारी गड़बड़ी की जा रही है। बता दें कि




नवनिर्मित सीसी सड़क की मोटाई 8 इंच होने चाहिए लेकिन ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों के द्वारा 3 से 4 इंच में पूरी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। जबकि 4 इंच 40द्वद्व गिट्टी की बेस और 4 इंच 20द्वद्व गिट्टी कंक्रीट से 8 इंच मोटी सड़क का निर्माण होना चाहिए था और मजे की बात यह कि जनपद पंचायत समनापुर के द्वारा जिस इंजीनियर को सीसी सड़क को गुणवत्ता पूर्ण निर्माण करने की जिम्मेदारी दी गई है वे सुध नहीं ले रहे है या कहे जानबूझ कर नजर अंदाज कर रहे है। जिसका पूरा लाभ ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव के द्वारा लिया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया, जिससे सड़क जल्द ही क्षतिग्रस्त होने की आशंका है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से सीसी सड़क की गुणवत्ता में हुई गड़बड़ी की उच्चस्तरीय जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### सरपंच—सचिव के विरुद्ध कार्रवाई की दरकार

ग्राम पंचायत कंचनपुर में अनियमितताओं के बावजूद उच्च अधिकारियों की निष्क्रियता के कारण सरपंच और सचिव के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। विकास कार्यों में गड़बड़ी, सरकारी फंड के दुरुपयोग से लेकर ग्रामीणों ने कई बार शिकायतें दर्ज करवाई जाती है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। अब देखना यह होगा कि खबर प्रकाशित होने के बाद जिम्मेदारों के द्वारा लापरवाही रखने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई की जाती है या फिर कार्रवाई खानापूर्ति तक ही सीमित रहेगाज्ड़

# कॉँग्रेस ने किया मुख्यमंत्री का पुतला दहन

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

जिला कॉँग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता के निर्देश पर प्रदेश सचिव अजय अवस्थी के नेतृत्व मे जिला कॉँग्रेस कमेटी द्वारा गाँधी चौक में पूर्व आरटीओ कॉन्स्टेबल और करोड़पति बिल्डर सौरभ शर्मा सहित अन्य आरोपियों को लोकायुक्त कोर्ट से मंगलवार को मिली जमानत के विरोध में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। प्रदेश सचिव अजय अवस्थी ने कहा कि लोकायुक्त कोर्ट में लोकायुक्त 60 दिन में सौरभ व उसके साथियों के खिलाफ चालान पेश नहीं कर पाई जिसके कारण उन्हें जमानत दी गई है। मध्य प्रदेश में भ्रष्टाचार की नई परतें खुलती जा रही हैं और सत्ता के संरक्षण में बड़े आर्थिक अपराधियों को बचाने का खेल जारी है। यह मामला केवल एक घोटाले का नहीं बल्कि पूरे सरकारी तंत्र की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। मध्य प्रदेश में भ्रष्टाचार अब इतनी गहराई तक समा चुका है कि वह प्रशासनिक और राजनीतिक दोनों ही स्तरों पर दिखाई देने लगा है। यह संकट केवल आर्थिक अपराधों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रदेश की न्याय व्यवस्था और कानून के शासन पर भी एक गंभीर हमला है। अजय अवस्थी ने कहा कि जिस मामले में 52 किलो सोना करोड़ों की नगदी और रियल एस्टेट में किए गए भारी निवेश का खुलासा हुआ था, उस पर उचित समय में लोकायुक्त द्वारा चालान पेश न किया जाना भाजपा सरकार की मंशा को उजागर करता है। यह सीधा संकेत है कि भ्रष्टाचार के तार केवल कुछ अधिकारियों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह एक संगठित नेटवर्क के रूप में सत्ता के शीर्ष तक फैला हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ती रही है और आगे भी लड़ेगी। कांग्रेस का लक्ष्य प्रदेश में पारदर्शिता और ईमानदारी से काम करने वाली सरकार स्थापित करना है। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि भ्रष्टाचारियों पर कठोर कार्रवाई हो और लोकायुक्त जैसी संस्थाओं का दुरुपयोग बंद हो। उक्त जानकारी जिला काँग्रेस कमेटी शहडोल के मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला ने प्रदान की पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से प्रदेश सचिव अजय अवस्थी, नगरपालिका अध्यक्ष घनश्याम जयसवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश कटारे, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष कुलदीप निगम, जिला मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला, पूर्व पार्षद प्रभात पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष अनुज मिश्रा, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनुपम गौतम, एनएसयूआई प्रदेश सचिव आशीष तिवारी, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी, शोसल मीडिया जिलाध्यक्ष प्रीतेश द्विवेदी, पूर्व पार्षद जितेंद्र सिंह, सोहागपुर ब्लाक अध्यक्ष शिव शंकर शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष नीरज द्विवेदी, पार्षद हीरालाल प्रजापति, पार्षद पूर्णेन्द्र मिश्रा, राजेश सोंधिया, नरेंद्र मरावी, पुष्पराज सिंह, दानिश अहमद, संजय पटेल, आशुतोष यादव, रविंद्र मणि शुक्ला, जय करण सिंह, प्रीतम सोनी, जसबीर सिंह पप्पू, दलप्रताप सिंह, जयकरण सिंह, अशोक तिवारी, वरुण पाल, रमेश विश्वकर्मा, अकरम, सुद्धू कोल, मनोज गुप्ता, अजय सनपाल, हरिशंकर तिवारी, हर्ष गौतम, शुभम, साहिल, गौरव, दीपांशु, कान्हा, आशु, कृष्णा, शिवार्थ, कृतार्थ, ओम आदि काँग्रेसजन उपस्थित रहे।



# ब्लैक स्पॉट पर बनाएं डबल ब्रेकर : कलेक्टर

शहडोल (स्वतंत्रमत)। कलेक्टर डॉ केदार सिंह की उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग एवं राजकीय राजमार्ग में बने ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर लें। उन्होंने निर्देश दिए कि चिन्हित ब्लैक स्पॉट में दोनों तरफ से डबल ब्रेकर बनाना सुनिश्चित करें। जिससे आने वाली गाड़ियों की गति धीमी हो सके एवं दुर्घटना न होने पाए। कलेक्टर ने कहा कि ब्लैक स्पॉट पर 'दिशा सूचक एवं कृपया धीरे चलें' का लिखित साइन बोर्ड भी लगाएं जिससे आने वाले गाड़ी के वाहन चालक को दिशा एवं ब्लैक स्पॉट की जानकारी मिल सके। कलेक्टर ने कहा कि ऐसी सड़के जो गांव से निकलकर सीधे हाईवे रोड में मिलती है एवं उसे मिलने वाली सड़क के दोनों साईड दुकान खोल दी जाती हैं जिस कारण से आने वाली गाड़ियां दिखाई नहीं देती हैं एवं दुर्घटना का कारण बनती हैं उन्होंने कहा कि ऐसी जगह पर बनी दुकानों को तत्काल हटाना सुनिश्चित करें।


## कार्यालय नगर परिषद् बकहो जिला- शहडोल (म.प्र.)

नेशनल हाईवे मेन रोड बकहो (Ph-9755485693) E-mail: cmobakho.shahdol@mpurban.gov.in

क्र./522 / न.परि./ लो.नि./2025-28 बकहो, दिनांक - 03/04/2025

### ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् बकहो जिला शहडोल म0प्र0 निकाय अन्तर्गत अधोलिखित कार्यों के लिये ऑनलाईन अधिक व कम प्रतिशत दर निविदायें (यू.ए.डी.डी. के एस.ओ.आर. दिनांक 02.08. 2021) निविदा प्रपत्र अ में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है-

#### अनुसूची

| सरल क्र. | ई-निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि | निविदा फार्म की कीमत | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | 2025_UAD_413919_1 | नगर परिषद् बकहो क्षेत्रान्तर्गत वार्डो में 02 नग 100 केवीए. एवं 03 नग 200 केवीए ट्रांसफार्मर स्थापित कार्य | 12.85 | 9638/- | 2000/- | 03 माह |
| 2 | 2025_UAD_413978_1 | वार्ड क्र. 04 मंगल भवन परिसर में स्थित विद्युत पोल स्थानांतरण कार्य | 4.50 | 4503/- | 2000/- | 03 माह |
| 3. | 2025_UAD_413898_1 | वार्ड क्र. 05 नवनिर्मित पार्क में बोरवेल खनन कार्य | 1.34 | 2691/- | 1000/- | 02 माह |
| 4 | 2025_UAD_413653_1 | वार्ड क्र. 05 नवनिर्मित पार्क में सुरक्षा कक्ष (गार्ड रूम) निर्माण कार्य | 5.17 | 5171/- | 2000/- | 02 माह |

1. इच्छुक ठेकेदार विस्तृत जानकारी बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन देख सकते है। 2 ठेकेदार द्वारा ऑनलाईन निविदा सरल क्रमांक 1 में निविदा प्रपत्र क्रय की तिथि 03.04.2025 समय 11.00 A.M. से 03.05. 2025 समय 05.00 P.M. तक रहेगी एवं निविदा सरल क्रमांक 2 से 4 में निविदा प्रपत्र क्रय की तिथि 03.04.2025 समय 11.00 A.M. से 19.04.2025 समय 05.00 P.M. तक रहेगी। 3. ठेकेदार के द्वारा ऑनलाईन निविदा सरल क्रमांक 1 में बिड सबमीशन तिथि 03.04.2025 समय 11.00 A.M. से 03.05. 2025 समय 05.00 P.M. तक रहेगी एवं निविदा सरल क्रमांक 2 से 4 में बिड सबमीशन की तिथि 03.04.2025 समय 11.00 A.M.से 19.04.2025 समय 05.00 P.M. तक रहेगी। 4. निविदा सरल क्रमांक । में ऑनलाईन बिड खोलने की तिथि 05.05.2025 समय 11.00 A.M. रहेगी एवं निविदा सरल क्रमांक 2 से 4 में ऑनलाईन बिड खोलने की तिथि 21.04.2025 11.00 A.M. रहेगी। 5. निविदा में संशोधन / परिवर्तन / परिवर्धन होने की दशा में सूचना ऑनलाईन ही जारी होगी। पृथक से कोई सूचना किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं की जावेगी।

मुख्या नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बकहो
जिला शहडोल (म.प्र.)

# अपनों को महंगी, परायों को सस्ती बिजली दे रही मप्र की पावर मैनेजमेन्ट कम्पनी

## प्रदेश में 18 पैसे महंगी हुई, दूसरे राज्यों में 27 पैसे सस्ती दे रहे

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



मप्र पावर मैनेजमेन्ट कम्पनी सामान्य घरेलू उपभोक्ताओं को जहां महंगी बिजली बेच रही है, वहीं दूसरों को यह बिजली और सस्ते दामों में दी जा रही है। मप्र विद्युत नियामक आयोग ने हाल ही में बिजली की नई दरे लागू कीं। इसमें भारी अंतर देखने मिल रहा है। आम उपभोक्ताओं की जेब काटने जहां रेट बढ़ाए गए है। वहीं कमीशनखोरी के चक्कर में दूसरे प्रदेशों को बेची जाने वाली बिजली की कीमत को कम कर दिया गया है। जानकारों की माने, तो आम उपभोक्ताओ के मुकाबले 3 अन्य कम्पनियों और दूसरे प्रदेशों को भी सस्ते दामों में बिजली दी जाती है।

### सरप्लस बिजली बेचने में कंपनी का खेल

आम घरेलू उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ाया गया। पहले 151 से 300 यूनिट तक खपत करने वाले उपभोक्ताओ से प्रति यूनिट छह रूपए 61 पैसे लिए जाते थे। लेकिन इसे 18 पैसे प्रति यूनिट बढ़ा दिया गया। अब नए टैरिफ में घरेलू उपभोक्ताओं से प्रति यूनिट 6 रूपए 79 पैसे की वसूली की जाएगी। जबकि प्रदेश के बाहर सरप्लस बिजली बेचने के दामों में भारी गिरावट की है। पहले जहां चार रुपए 58 पैसे प्रति यूनिट की दर से सरप्लस बिजली दूसरे प्रदेशों को बेची जाती थी, वहीं नए टैरिफ में इस रेट को 27 पैसे और कम कर दिया गया। अब सरप्लस बिजली चार रुपए 31 पैसे प्रति यूनिट की दर से बेची जाएगी।

### कम्पनी का यह मानना

कम्पनी का मानना है कि मप्र में सरप्लस बिजली है। ऐसे में यदि अधिक से अधिक सरप्लस बिजली दूसरे प्रदेशों को बेचनी है, तो अन्य कम्पनियों के मुकाबले रेट कम रखने होते है। इससे अधिक से अधिक सरप्लस बिजली बेची जा सके।

यही कारण है कि अधिक से अधिक सरप्लस बिजली बेचने के दामों में कमी की गई है। इधर जानकारी यह भी है कि मैनेजमेन्ट कम्पनी द्वारा पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी और पीथमपुर में एमपीआईडीसी को भी बिजली कम कीमत पर दी जाती है। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के पीजी नाजपंडे समेत अन्य ने बिजली के अलग-अलग रेट को लेकर पूर्व केबिनेट मंत्री लखन घनघोरिया को ज्ञापन सौंपा और घरेलू उपभोक्ताओं को दी जाने वाली दर को कम कराने की मांग की।


**इन्होंने कहा**

मप्र पावर मैनेजमेन्ट कम्पनी द्वारा उपभोक्ताओं को दी जाने वाली बिजली महंगी होती है, जबकि सरप्लस बिजली बेचने के रेट कम रखे गए है। यदि उपभोक्ताओं को दी जाने वाली बिजली के रेट में कमी हो, तो उपभोक्ताओं को फायदा होगा और कम्पनी को भी नुकसान नहीं होगा।

**राजेन्द्र अग्रवाल, रिटायर्ड चीफ इंजीनियर**

# सजने लगे स्विस टेंट, मोटर बोट दौड़ाने पहुंचा दल

### कल से शुरू होगा बरगी बांध की सुरम्य वादियों में झील महोत्सव



**जबलपुर।** समाधि रोड से आगे बरगी बांध के पहाड़ियों व द्वीपों से घिरे नर्मदा तट पर होने जा रहे झील महोत्सव की तैयारी पूर्णता की ओर है। कल पांच अप्रैल से आरंभ हो रहा झील महोत्सव में जल, थल और नभ पर साहसिक गतिविधियां देखने मिलेंगी, वहीं शाम को सुरों की सरिता बहेगी। मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड और जबलपुर पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद का यह आयोजन 20 अप्रैल तक चलेगा। झील महोत्सव में बरगी बांध की अथाह जलराशि में जहां मोटर बोट और अन्य राइड का पर्यटक आनंद उठाएंगे, वहीं पानी के बाहर ग्राउंड एक्टिविटीज के अंतर्गत पैरामोटरिंग का रोमांच भी होगा। मोटर बोट दौडाने वाले विशेषज्ञों का दल आयोजन स्थल पहुंच गया है। साहसिक खेल सतपुडा स्पोर्टस क्लब के ट्रेनर कराएंगे। पर्यटकों के रुकने के लिए टेंट सिटी बनाने की तैयारी पूर्णता की ओर है। पर्यटकों के लिए स्विस टेंट में रुकने की व्यवस्था की गई है। आयोजन स्थल पर लगने वाले डोम के अंदर फूड जोन के साथ विभिन्न उत्पादों के स्टाल यहां पहुंचने वाले लोगों के लिए मनोरंजन में बढोतरी करेंगे। समाधि रोड से आगे बरबटी से एकलव्य हास्टल से आगे नर्मदा के इस सुरम्य तट तक पहुंचा जा सकता है।

**राजस्थानी कलाकार देंगे मनमोहक प्रस्तुतियां**-जेएटीसीसी के सीईओ हेमंत सिंह ने बताया कि महोत्सव में वाटर स्पोर्टस की वह सभी राइड देखने मिलेंगी जो समुद्र तटीय महानगरों में देखने मिलती हैं। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में होने वाले साहसिक खेलों का आनंद अब यहाँ उठाया जा सकता है। पर्यटन प्रबंधक तरुण मिश्र ने बताया कि यह वाटर कार्नीवाल जबलपुर को पर्यटन के नक्शे में और चमकाएगा।

झील महोत्सव में राजस्थानी कलाकार प्रस्तुति देंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य नाटिका के माध्यम से मां नर्मदा की स्तुति के साथ आरंभ होंगे। झील महोत्सव में शिवनारायण का समूह चकरी घूमर, चरी, कालबेलिया जैसे राजस्थानी लोक नृत्य की प्रस्तुति देगा। मंच पर जबलपुर के कलाकारों की भी प्रस्तुतियां होंगी।



# सड़क दुर्घटनाओं को रोकने प्रभावी कदम उठाएं

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस कप्तान संपत उपाध्यायय, अपर कलेक्टर सुश्री मिशा सिंह, एएसपी ट्रैफिक सोनाली दुबे, आरटीओ जीतेन्द्र रघुवंशी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में ई-रिक्शा प्रबंधन संबंध में विस्तार से चर्चा कर कहा गया कि इस संबंध में उपयुक्त नीति बनाई जाये ताकि शहर की यातायात व्यसवस्था समुचित रूप से संचालित हो सके। बैठक में जबलपुर से मंडला मार्ग में चलने वाली बसों के संबंध में भी चर्चा की गई और कहा गया कि इसमें संयुक्त टीम जांच कर उचित रूट निर्धारित करे, ताकि शहर में जाम की स्थिति न बने। भारी वाहनों की शहर में नो-एंट्री के संबंध में भी चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये गये। इसके साथ ही कहा गया कि अंधमूक चौराहे पर निरंतर हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाया जाये।

# आईपीएल क्रिकेट का सट्टा खिलाते 5 सटोरिये पकड़ाए

### गोहलपुर पुलिस की कार्यवाही, 15 मोबाईल, दो लैपटाप सहित पांच लाख की सामग्री जप्त



**जबलपुर।** गोहलपुर पुलिस ने त्रिमूर्ति नगर लालापान चौक स्थित स्वर्ण सरोवर के द्वितीय तल पर रेड मारकर आईपीएल क्रिकेट का सट्टा खिलाते पांच सटोरियों को दबोचा है। जिनके पास से पुलिस ने पंद्रह मोबाईल फोन, दो लैपटाप, एटीएम कार्ड सहित करीब पांच लाख रुपये की सामग्री जप्त की है। गोहलपुर टीआई प्रतीक्षा मार्को ने बताया कि बीती रात मुखबिर की सूचना पर त्रिमूर्ति नगर लाला पान चौक स्वर्ण सरोवर के दूसरे तल पर दबिश दी गई। जहां कुछ लोग अपने पास लेपटाप मोबाइल में आईपीएल क्रिकेट मैच टीम आरसीबी विरूद्ध गुजराज टाईटन्स पर हारजीत का दाव लगाकर अवैध आर्थिक लाभ अर्जित कर अपने अलग-अलग एकाउण्ट में रूपये डालते पाये गये। जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में सभी ने अपने नाम क्रमशरू निखिल जायसवाल उम्र 22 वर्ष निवासी चेरीताल वार्ड, सचिन फल्के उम्र 30 वर्ष निवासी गाम जलेब थाना बुलढाणा महाराष्ट्र, मुकेश जायसवाल उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम लौर थाना मउगंज जिला रीवा, अविनाश बैजनानी उम्र 20 वर्ष निवासी खेवर लाईन संत कवार राम वार्ड कटनी मुड़वारा जिला कटनी, नितिन मोहे उम्र 26 वर्ष निवासी जय मल्हाह चौक जलेब थाना बुलढाणा महाराष्ट्र बताये।

जिनके पास रखे मोबाइल, लेपटाप, एटीएम कार्ड रख मिले पूछताछ करने पर सभी ने उपरोक्त माध्यम से आनलाईन क्रिकेट मैचे के हारजीत का सट्टा खिलना सामुहिक रूप से स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एचपी कम्पनी का 1 लेपटाप, 1 डेल कम्पनी का लेपटाप, विभिन्न कम्पनियों के 15 मोबाइल, एक एटीएम कार्ड, 4 मोबाइल चार्जर एक मोडल्युर बोर्ड, 2 लेपटाप के चार्जर, एडाप्टर जप्त करते हुये आरोपियों के विरूद्ध सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की।



# स्वास्थ्य विभाग ने मारी बाजी

### प्रदेश में जबलपुर जिले को मिला प्रथम स्थान

**जबलपुर।** क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले के सबसे अधिक 26 आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केंद्र को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक का प्रमाण पत्र प्राप्त करने में सफलता मिली है। अभी हाल ही में एनक्यूएएस के अंतर्गत जिले के पांच उप स्वास्थ्य केन्द्रो जोधपुर, रमखिरिया, फनवानी, हिनोतिया एवं बरौदा को प्रमाणन प्राप्त हुआ था, इन्हें मिलाकर कुल 26 उप स्वास्थ्य केंद्र एनक्यूएएस सर्टिफाइड हो गए हैं, जो कि प्रदेश में सर्वाधिक हैं। सीएमएचओ डॉ संजय मिश्रा ने बताया कि एनक्यूएएस राष्ट्रीय मूल्यांकन रोगी केंद्रित लाभ वाले सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों की भारत सरकार की राष्ट्रीय निगरानी पर प्रकाश डालता है।राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र प्रदान करने के पूर्व विशेषज्ञों की टीम अस्पताल की सेवाओं और संतुष्टि स्तर का विभिन्न मानकों पर जांच करती है। अस्पताल में उपलब्ध सेवाएंए मरीजों के अधिकारए इनपुटए सपोर्ट सर्विसेस, क्लिनिकल सर्विसेस, इन्फेक्शन कंट्रोल, गुणवत्ता प्रबंधन और आउटकम जैसे पैरामीटर पर परखे जाते हैं। इन मानकों पर खरा उतरने वाली संस्थाओं को ही केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा गुणवत्ता प्रमाण पत्र जारी किए जाते हैं। उपलब्धि में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विनीता उप्पल, जिला क्वालिटी नोडल डॉ आदर्श बिश्नोई, जिला कार्यक्रम प्रबंधक विजय पाण्डेय, जिला क्वालिटी मॉनिटर डॉ शिखा गर्ग, मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी, मेडिकल ऑफिसर, ब्लॉक टीम, संस्था के सीएचओ, एएनएम एवं आशा कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# 10 जल विद्युत गृहों ने उत्पादित की 2757 मिलियन यूनिट बिजली

### मप्र पावर जनरेटिंग कंपनी ने निर्धारित लक्ष्य से अधिक किया जल विद्युत उत्पादन



**जबलपुर।** मप्र पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के जल विद्युत गृहों ने वित्तीय वर्ष 2024.25 में मध्यप्रदेश नियामक आयोग द्वारा निर्धारित वार्षिक उत्पादन लक्ष्य को पार करते हुए बेहतरीन प्रदर्शन किया। मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने पावर जनरेटिंग कंपनी के जल विद्युत गृहों के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में 2694 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन करने का लक्ष्य निर्धारित किया था। जल विद्युत गृहों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 2757 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया। जल विद्युत गृहों द्वारा वर्ष 2020-21 के बाद यह उपलब्धि हासिल की। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी की जल विद्युत उत्पादन क्षमता 915 मेगावाट है

**लक्ष्य से अधिक किया उत्पादन**-मप्र पावर जनरेटिंग कंपनी के इस उपलब्धि में 90 मेगावाट स्थापित क्षमता के रानी अवंती बाई सागर जल विद्युत गृह बरगी, 160 मेगवाट स्थापित क्षमता के पेंच जल विद्युत गृह तोतलाडोह, 315 मेगावाट स्थापित क्षमता के बाणसागर.एक टोंस जल विद्युत गृह सिरमौर, 20 मेगावाट स्थापित क्षमता के बाणसागर.4 जल विद्युत गृह झिन्ना, 45 मेगावाट स्थापित क्षमता के राजघाट जल विद्युत गृह और 60 मेगावाट स्थापित क्षमता के मरहीखेड़ा जल विद्युत गृह ने प्रमुख योगदान दिया।

इन सभी विद्युत गृहों ने अपने वार्षिक उत्पादन लक्ष्य से अधिक विद्युत उत्पादन किया।

**बरगी जल विद्युत गृह का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन**-मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के रानी अवंती बाई सागर जल विद्युत गृह बरगी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए वर्ष 2013-14 के बाद पहली बार नियामक आयोग द्वारा निर्धारित वार्षिक लक्ष्य 508 मिलियन यूनिट की तुलना में 509 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया। यह पिछले वर्ष की तुलना में 58 मिलियन यूनिट अधिक है। 37 वर्ष पुराने बरगी जल विद्युत गृह का प्लांट अवेलेबिलिटी फैक्टर 92.5 प्रतिशत रहा।

### जल संरक्षण के लिए जन चौपाल

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद पाटन में जल गंगा संवर्द्धन अभियान अंतर्गत आज प्रस्फुटन ग्राम बिरुआ खजरी में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। प्रदीप तिवारी ने ग्राम चौपाल नवांकुर संस्था वीर दुर्गादास राठौर समिति सकरा सेक्टर के संयोजन में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जन समुदाय के साथ संवाद किया गया और अभियान के लोक व्यापीकरण एवं समाज की भागीदारी बढ़ने के कार्य करने का संकल्प लिया गया। जन संवाद कार्यक्रम में नूपुर खरे, जनपद सदस्य नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधी, मेंटर्स, प्रस्फुटन समितियों के सदस्य समाज सेवी सामाजिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही।

# घरेलू गैस सिलेण्डर का कर रहा था व्यवसायिक उपयोग

**जबलपुर।** सिविल लाईन पुलिस ने सर्किट हाउस नंबर-2 के पास घरेलू गैस सिलेण्डर का व्यवसायिक उपयोग खाने के ठेले में करने वाले में 32 वर्षीय विकास राव को हिरासत में लिया है। जो अपने ठेले में एक इंडेनकम्पनी का गैस सिलेण्डर से खाना बनाकर ग्राहकों के बेच कर अवैध लाभ अर्जित करते पाया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1 गैस सिलेण्डर एवं 1 भट्टी जप्त करते हुये आरोपी के प्रकरण दर्ज किया है।

# नाले में मिली अज्ञात लाश



### बेलबाग क्षेत्र की घटना, पुलिस जांच में जुटी

जबलपुर।

बेलबाग थाना क्षेत्र में एक नाले से अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस को सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला। जांच में पता चला कि मृतक की उम्र लगभग 40 वर्ष है। शव पर कोई ताजा चोट के निशान नहीं मिलेए केवल पुरानी चोटों के निशान देखे गए हैं।

बेलबाग पुलिस ने बताया कि मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस आस-पास के थानों में गुमशुदगी की रिपोर्टों की जांच कर रही है और इलाके में पूछताछ जारी है।

# युवक ने जहरीली वस्तु का किया सेवन, मौत

### प्रेम प्रसंग व कर्ज से परेशान होने की चर्चा, जांच में जुटी पुलिस



**जबलपुर।** गोरखपुर के दुर्गा नगर क्षेत्र में गुरुवार को उस वक्त सनसनी फैल गई, जब सचिन समुद्रे नामक युवक ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। सचिन द्वारा आत्महत्या किए जाने की खबर क्षेत्र में आग की तरह फैल गई और देखते ही देखते आसपास के लोग एकत्र हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस को पूछताछ में परिजनों ने बताया कि सचिन के युवती के साथ प्रेमसंबंध रहे, लेकिन युवती ने परिजनों के दबाव में आकर शादी से इंकार कर दिया। जिससे व्यथित होकर सचिन ने आत्महत्या की है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार दुर्गा नगर गोरखपुर में रहने वाला सचिन समुद्रे डीजे चलाने का काम करता रहा। उसके एक युवती के साथ प्रेम संबंध रहे, जिससे वह शादी करना चाहता थाए लेकिन युवती ने परिजनों के दबाव में शादी से इंकार कर दिया। इस बात से व्यथित सचिन बीती रात अपने कमरें में गया और जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया। गुरुवार सुबह जब सचिन कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजन कमरे में पहुंचे, सचिन को देख परिजनों में चीख पुकार मच गई। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंच गये, जिसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई।

**पुलिस कर रही मामले की जांच**-परिजनों ने आरोप लगाया युवती का भाई उनके घर आया था। जिसने कहा था कि सचिन से कहो कि मेरी बहन से दूर रहेए वहीं सचिन की मां ने कहा कि चार साल से दोनों के बीच प्रेम संबंध रहे, जब शादी के लिए कहा तो सचिन को धक्का देकर घर से निकाल दिया। शव को पीएम के लिए भेजकर मर्ग कायम कर लिया है।

# मप्र हाईकोर्ट जज पर टिप्पणी अवमानना याचिका पर हुई सुनवाई

## चीफ जस्टिस की बेंच ने 2 सप्ताह का दिया समय

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



विगत 22 मार्च को मप्र हाईकोर्ट में सुनवाई का नंबर नहीं आने पर एड पीसी पालीवाल मप्र हाईकोर्ट की जस्टिस अनुराधा शुक्ला से नाराज हो गए। इस दौरान उन्होंने जज से कहा कि इस कोर्ट में 4 घंटे से तमाशा चल रहा है, मैं बैठा देख रहा हूं। हाईकोर्ट के जज दूसरी जगह जाकर कहते हैं कि नए जज की नियुक्ति करो, लेकिन जजों का हाल तो देखो। जो दिल्ली में हुआ, वह भी देखा जाए। इस टिप्पणी को जस्टिस शुक्ला ने गंभीरता से लेते हुए इसे कोर्ट की अवमानना माना और अपने आदेश में इस पूरे घटनाक्रम का उल्लेख करते हुए प्रमाणित प्रति हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को अग्रिम कार्यवाही के लिए भेज दी। इस पर चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने एडवोकेट के खिलाफ आपराधिक अवमानना की सुनवाई की।

### माफी देने का किया आग्रह

चीफ जस्टिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए अधिवक्ता के खिलाफ न्यायालय की आपराधिक अवमानना की सुनवाई के आदेश जारी किए थे। मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने आपराधिक अवमानना की सुनवाई की, जिसमें अधिवक्ता पालीवाल ने उपस्थित होकर कोर्ट के समक्ष बिना शर्त माफीनामा पेश करने के लिए समय प्रदान करने का आग्रह किया।

### भाषा अनुचित, अदालत की प्रतिष्ठा के खिलाफ

मप्र हाईकोर्ट में एडवोकेट पीसी पालीवाल की टिप्पणी पर जस्टिस शुक्ला ने इसे गंभीरता से लेते हुए कोर्ट की अवमानना माना और अपने आदेश में पूरे घटनाक्रम का उल्लेख करते हुए प्रमाणित प्रति हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को अग्रिम कार्यवाही के लिए भेज दी। जस्टिस शुक्ला ने लिखा कि इस प्रकार की भाषा अत्यंत अनुचित है और यह अदालत की प्रतिष्ठा के विरुद्ध है।

एड पालीवाल के मुताबिक, 22 मार्च को जस्टिस शुक्ला के पास 149 केस सुनवाई के लिए आए थे, लेकिन अधिकांश समय केवल उन 6 मामलों पर लगाया गया, जिनमें सेशन कोर्ट पहले ही आरोपियों को जमानत दे चुका था। एड पीसी पालीवाल ने कहा कि मैडम जिला जज रही हैं, अब हाईकोर्ट जज बन गई हैं। फैमिली कोर्ट और क्रिमिनल कोर्ट का काम किया ही नहीं। हम चीफ जस्टिस को बता चुके हैं कि हम इनसे त्रस्त हैं।

# मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त ने बीरसिंहपुर-उमरिया नई विद्युतीकृत तीसरी लाइन का किया निरीक्षण

## ट्रेनों के परिचालन में आएगी गतिशीलता

उमरिया (स्वतंत्रमत)।

इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास तथा गाड़ियों के गतिशील परिचालन हेतु मंडल में नई रेललाइन, दोहरीलाइन, तीसरीलाइन एवं चौथीलाइन का कार्य व्यापक स्तर पर कराये जा रहे हैं। इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत अनूपपुर कटनी स्टेशनों के मध्य 165.52 किमी विद्युतीकृत तीसरीलाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा था, इस कार्य को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया गया। इस कार्य के अंतिम चरण में बुधवार 2 अप्रैल को बीरसिंहपुर उमरिया स्टेशनों के मध्य लगभग 30 किमी विद्युतीकृत नई तीसरी लाइन का सम्पूर्ण कार्य पूरा होने के पश्चात् मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त, जनक कुमार गर्ग द्वारा इस नईलाइन का निरीक्षण किया गया। उक्त लाइन का निरीक्षण कार्यक्रम के तहत मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त जनक कुमार गर्ग निरीक्षण दल के साथ उमरिया



स्टेशन पहुंचे। इस सेक्शन के मध्य उमरिया सहित विभिन्न स्टेशनों में पेनल रूम, स्टेशन तथा यार्ड का तथा मोटर ट्राली निरीक्षण किए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इस नई विद्युतीकृत तीसरी लाइन की संरचनात्मक मजबूती, सुरक्षा मानकों, इंटरलाकिंग, क्रासिंग, पाइंट, कर्व, ब्रिज, सिग्नलिंग सिस्टम एवं परिचालन संबंधी अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं की जांच की। इसके पश्चात आब्जर्वेशन कार के साथ स्पीड ट्रायल किया गया । मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त से अनुमति मिलने के बाद इस तीसरीलाइन पर निर्बाध रूप से गाडियों का परिचालन प्रारम्भ होगा।

### यात्रियों को मिलेगा गतिशील परिचालन का लाभ

तेज, कुशल और सुरक्षित रेल सेवा ट्रेनों की गति और संचालन क्षमता में सुधार होगा। जिससे यात्रियों को तेज, कुशल और सुरक्षित रेल सेवा का लाभ मिलेगा। पर्यावरण के अनुकूल परिवहन विद्युतीकृत लाइन पर्यावरण के अनुकूल होती है इसलिए प्रदूषण भी नहीं होगी। संपर्क और यातायात में वृद्धि यात्रियों और व्यापारिक गतिविधियों के लिए बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। निरीक्षण दल में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) आलोक तिवारी, मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल सहित मंडल तथा मुख्यालय के संबंधित विभागों के अनेक अधिकारी शामिल थे।

# पंचमी के दिन की गई स्कंद माता की पूजा अर्चना

उमरिया (स्वतंत्रमत)।

जिला मुख्यालय सहित नौरोजाबाद, पाली, मानपुर, चंदिया सहित ग्रामीण अंचलों में इन दिनों नवरात्रि का पर्व की धूम है। जहां एक ओर माता की पूजा अर्चना की जा रही है वहीं दूसरी ओर धार्मिक अनुष्ठानों का भी आयोजन किया जा रहा है। नवरात्र की पंचमी पर मां स्कंद माता की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। नवरात्रि पर सुबह से ही भक्तों का तांता मंदिरो में उमड़ रहा है। बिरसिंहपुर स्थित मां विरासिनी धाम मंदिर में प्रात: काल से ही भक्तों का जन सैलाब उमड़ता है। इसी तरह नौरोजाबाद के उंचेहरा धाम में भी ज्वालामुखी माता के दर्षन के लिए भक्तों की भीड उमड रही है। ऐसी मान्यता है कि ज्वालाधाम मंदिर में विराजी मां ज्वालामुखी माता के दर्षन मात्र से ही भक्तों के सारे दुख दर्द दूर हो जाते है। यही कारण है कि यहां बडी संख्या में भक्त गण मंदिर पहुंचते है और माता की विधि विधान से पूजा अर्चना करके परिवार के सुख समृध्दि की कामना करते है। इसी प्रकार चंदिया स्थित मां चंडिका मढ़लिन मंदिर में भी भक्तों का तांता उमड रहा है। शक्ति में भक्ति का पर्व पर श्रध्दालुओं व्दारा नौ दिनों का उपवास भी रखा जा रहा है।

### लोकप्रिय गायिका बाली ठाकरे की प्रस्तुति से गूंजेगा बिरसिंहपुर पाली

जिले के बिरसिंहपुर पाली में आयोजित होने वाले बिरासिनी माता के जवारे विसर्जन कार्यक्रम में इस वर्ष भव्य आयोजन किया जा रहा है। नगर पालिका परिषद पाली के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में लोकप्रिय गायिका बाली ठाकरे अपनी सुमधुर आवाज से भक्तों को मंत्रमुग्ध करेंगी। कार्यक्रम का आयोजन 7 अप्रैल को मेला ग्राउंड में किया जाएगा, जो शाम 8 बजे से शुरू होगा। बिरासिनी माता के जवारे विसर्जन का यह आयोजन प्रतिवर्ष श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहता है। इस बार नगर पालिका परिषद ने इसे और भव्य रूप देने के लिए विशेष तैयारियां की हैं। भक्ति संगीत से सराबोर इस कार्यक्रम



में बाली ठाकरे की विशेष प्रस्तुति होगी, जो अपनी सुरीली आवाज और भजनों के लिए पूरे क्षेत्र में प्रसिद्ध हैं। हर वर्ष की तरह इस बार भी बिरासिनी माता के जवारे विसर्जन के दौरान नगर में विशाल जवारा जुलूस निकाला जाएगा। नगर पालिका परिषद पाली द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा, यातायात, पेयजल और साफ-सफाई की पुख्ता व्यवस्था की गई है। पुलिस बल भी तैनात रहेगा ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नगर पालिका परिषद पाली ने समस्त नगरवासियों एवं श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे 7 अप्रैल की शाम 8 बजे मेला ग्राउंड में आयोजित इस भव्य आयोजन में शामिल होकर माता बिरासिनी का आशीर्वाद प्राप्त करें और भक्ति संगीत का आनंद लें।

### चंदिया में देवी जागरण 7 अप्रैल को

चंदिया स्थित मां चंडिका मढ़लिन मंदिर के जवारों का विसर्जन 7 अप्रैल को सायं 4 बजे से आयोजित किया गया है। इस अवसर पर देवी जागरण कार्यक्रम रात्रि 8 बजे से आयोजित किया गया है। देवी जागरण कार्यक्रम में इषरत जहां मुंबई व्दारा देवी गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। भंडारे का आयोजन 8 अप्रैल को किया गया है। मां चंडिका सेवा परिवार ने चंदिया ने अधिक से अधिक संख्या में देवी जागरण कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत भौतरा में किया गया बोरी बंधान

उमरिया (स्वतंत्रमत)।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिला समन्वयक रविन्द्र शुक्ला के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत भौतरा के अहिरबुढा नाला में जन अभियान परिषद द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान नाला से कचरा निकाला गया साथ ही जल संरक्षण हेतु जल को रोकने हेतु बोरी बंधान कर श्रमदान किया गया। श्रमदान में ग्राम पंचायत भौतरा सरपंच लाल बहादुर सिंह,सचिव चमन सिंह ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति से ध्यान सिंह, लाल सिंह सुरेश बैगा, पुष्पेंद्र सिंह



परामर्शदाता अर्चना मिश्रा बी एसडब्ल्यू छात्र वीरेंद्र सिंह , धर्मेंद्र सिंह रामबाई सिंह, कुशल सिंह, तेजराज सिंह शिवकुमार सिंह, उपसरपंच ज्योति केवट उपस्थित रहे।

# गेहूं पंजीयन हेतु 9 अप्रैल तक तिथि बढ़ी

**उमरिया।** जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन की अवधि में वृद्धि करते हुए 9 अप्रैल तक तिथि बढाई गई है। जिले में गेहूं पंजीयन के लिये 35 पंजीयन केन्द्र निर्धारित है, इसके अतिरिक्त एम.पी. ऑनलाईन एवं कॉमन सर्विस सेंटर पर भी किसानों के गेहूं विक्रय के लिये पंजीयन का कार्य किया जा रहा है। जिले में कुल 11805 किसानों द्वारा गेहूं विक्रय के लिये पंजीयन किया गया है। किसानों के पंजीयन का कार्य निरंतर पंजीयन केन्द्रो एवं कियोस्क सेंटर पर किया जा रहा है। रबी विपणन वर्ष 2025-26 में गेहू पंजीयन से शेष रहे गेहूं उत्पादक एवं न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहू विक्रय के इच्छुक किसानों के गेहूं पंजीयन का कार्य 9 अप्रैल 2025 तक करना सुनिश्चित करें।

# रामनवमीं पर प्राकट्य पर्व 6 अप्रैल को सायं 7 बजे से मंगल भवन परिसर में

उमरिया (स्वतंत्रमत)।

जिले में श्री रामनवमीं के पवित्र अवसर पर प्राकट्य पर्व 6 अप्रैल को सायं 7 बजे से मंगल भवन परिसर में आयोजित किया जाएगा जिसमें सांस्कृतिक स्वरूपों में श्रीराम की महिमा दिखेगी। संचालक, संस्कृति डॉ. पूजा शुक्लां ने बताया कि मध्यप्रदेश के छह प्रतिष्ठित स्थलों पर श्रीरामनवमीं के पवित्र अवसर पर प्राकट्य पर्व के आयोजन का उद्देश्य आम जन को सांस्कृतिक स्वरूपों में श्रीराम के जीवन से जुड़े प्रसंगों का आस्वादन और भगवान राम के सम्बन्ध में पौराणिक मान्यताओं से परिचित कराना है। जिला मुख्यालय उमरिया स्थित मंगल भवन परिसर में श्री मुनीन्द्र कुमार मिश्रा एवं साथी, शहडोल द्वारा बघेली लोकगायन, इसके बाद सुश्री अवंतिका दुबे एवं साथी, खजुराहो द्वारा नृत्य नाटिका राम आरंभ की प्रस्तुति और अंत में श्री गिरीश ठाकुर एवं साथी, सिवनी और सुश्री मुस्कान चौरसिया एवं साथी, बालाघाट द्वारा भक्ति गायन की सभाएं सजेंगी। यह पर्व मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन - अनूपपुर, पन्ना, सतना, निवाड़ी, शहडोल, उमरिया के सहयोग से श्रीरामनवमीं के पवित्र अवसर पर एक दिवसीय प्राकट्य पर्व का आयोजन 6 अप्रैल को मध्य प्रदेश के छह प्रतिष्ठित स्थलों पर एक साथ सायं 7 बजे से किया जाएगा। सभी स्थलों पर सांस्कृतिक स्व रूपों में श्रीराम की महिमा दिखेगी। कार्यक्रम में प्रवेश निशुल्क रहेगा। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने प्राकट्य पर्व के आयोजन हेतु नोडल अधिकारी एवं उनकी सहायता के लिए अन्य अधिकारियों की डयुटी लगाई है। आपने कार्यक्रम के आयोजन की समीक्षा करते हुए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है।

# जिला भाजपा की बैठक सम्पन्न

## स्थापना दिवस '6 अप्रैल को व 14 को डॉ. अंबेडकर जयंती मनाएगी भाजपा : आशुतोष अग्रवाल



उमरिया (स्वतंत्रमत)।

भारतीय जनता पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक जिला भाजापा कार्यालय में गुरुवार 3 अप्रैल को सम्पन्न हुई जिसमें महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए आगामी 6 अप्रैल को स्थापना दिवस और डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल को बड़े ही व्रहद तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल की अध्यक्षता में तैयारी बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में कार्यक्रम को विशाल रूप में मनाने को लेकर जिला पदाधिकारियों, मंडल, मोर्चा, पार्षदों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर कार्यक्रमों पर मंथन किया गया।इसी संबंध में एक बैठक जिलाध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल की अध्यक्षता में भाजपा कार्यालय उमरिया में हुई जिसमें आगामी 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस व 14 अप्रैल को बाब साहब डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने के लिए विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में तय हुआ 6 अप्रैल को प्रत्येक कार्यकर्ता के घर पर भाजपा का ध्वज लहराएगा। 8 और 9 अप्रैल को विधानसभा स्तर पर सभी सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया जावेगा 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक मण्डल से लेकर जिला पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों को षांव चलो अभियानष् में भाग लेना है जिसमें स्वच्छता अभियान, लाभार्थी सम्पर्क, जलाशय की सफाई, रात्रि चौपाल और बुथ समितियों की बैठक इत्यादि कार्य करने है।

विधायक शिवनारायण सिंह ने कहा कि पार्टी कार्यालय पर सजावट की जाएगी। सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को अपने घरों पर पार्टी का झंडा लगाना है। 14 अप्रैल को मंडल में डा. अंबेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया जाएगा। जिला संगठन प्रभारी विनोद यादव ने पार्टी की विचारधारा और रीति नीति के बारे में विस्तार से बताते हुए संगठन को मजबूत करने का आह्वान करते हुए कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। जिला महामंत्री दीपक छतवानी ने कार्यक्रम का संचालन किया।

बैठक मे जिला संगठन प्रभारी विनोद यादव, विधायक सुश्री मीना सिंह, विधायक शिवनारायण सिंह ,पूर्व जिला अध्यक्ष दिलीप पांडे ,राकेश शर्मा ,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुश्री ज्ञानवती सिंह जिला महामंत्री दीपक छतवानी धनुषधारी सिंह राजेन्द्र तिवारी, अर्जुन सिंह सैयाम ज्ञानेंद्र सिंह गहरवार, राजेन्द्र कोल सुमित गौतम विनय मिश्रा व सभी मंडल के अध्यक्ष भाजपा के जेष्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता जन उपस्थित रहे।




# जन अभियान परिषद दीवार लेखन के माध्यम से आम जनो में जल संवर्धन हेतु जगा रहे अलख

उमरिया (स्वतंत्रमत)।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल की एक एक बूंद को सहेजने, आम जनों को जल की महत्वार समझाने हेतु जन अभियान परिषद व्दारा दीवार लेखन का कार्य किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के जन अभियान परिषद व्दारा गांव गांव में दीवार लेखन कर आम जनों में जल संरक्षण करने हेतु अलख जगाई जा रही है। मां वैभव लक्ष्मी रेखा समिति सेक्टर क्रमांक 5 चौरी विकासखंड पाली अंतर्गत जल है तो कल है, जल ही जीवन है, हम सबने ठाना है, पानी को बचाना है आदि नारो से ग्रामीणों जनों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों से अपील की जा रही है कि जल गंगा संवर्धन अभियान मे सभी लोग जुडकर जल को सहेजने का कार्य करें।

# बहोरीबंद जनपद पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित

## सम्मिलन में शामिल नहीं हुए अध्यक्ष सहित 6 जनपद सदस्य

कटनी, बाकल।

गुरुवार को बहोरीबंद जनपद पंचायत अध्यक्ष लाल कमल बंसल के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव 18 के मुकाबले 0 मत से पारित हो गया!जिस कारण भाजपा समर्पित बहोरीबंद जनपद पंचायत अध्यक्ष लाल कमल बंसल की कुर्सी चली गई !अविश्वास प्रस्ताव को विशेष सम्मिलन गुरुवार को तहसील कार्यालय बहोरीबंद मे पीठासीन अधिकारी राकेश चौरसिया की मौजूदगी मै आयोजित सम्मिलन में जनपद अध्यक्ष सहित 6 सदस्य शामिल नहीं हुए। दोपहर 2 बजे शुरू हुआ।

तहसील कार्यालय में दोपहर 2 बजते ही अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया शुरू हुई। जिसमें 18 जनपद सदस्य उपस्थित हुए तो प्रक्रिया को पूर्ण मानते हुए प्रक्रिया आगे बढाई गई!18 जनपद सदस्य अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष रहे जिनकी पीठासीन अधिकारी ने वोटिंग कराई! सभी 18 मत अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में पड़े। जिसके चलते जनपद अध्यक्ष बहोरीबंद लाल कमल बंसल पद से मुक्त हो गए!जिसके बाद राजनैतिक सरगर्मी अचानक तेज हो गई।

अविश्वास प्रस्ताव के लिए दोपहर 2 बजे का समय नियत किया गया था।

जिसमें 18 जनपद सदस्य जो अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष मै थे वो निर्धारित समयावधि के पहले पहुंचकर प्रक्रिया मै भाग ले लिए थे।

लेकिन जनपद अध्यक्ष लाल कमल बंसल सहित पांच अन्य जनपद सदस्य



देरी से सम्मिलन स्थल पहुंचें!लेकिन उन्हें समय अधिक होने का हवाला देकर अधिकारियो ने गेट के अंदर नहीं जाने दिया। जिसके बाद कुछ देर के लिए गहमागहमी का माहौल बना। इसके बाद जनपद अध्यक्ष अपने सदस्यों के साथ वापिस लौट आए ओर प्रशासन पर एक तरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाया!

### एक महीने के अंदर दो अध्यक्ष हुए पद मुक्त

बहोरीबंद विधानसभा मै पहले भाजपा समर्पित रीठी जनपद अध्यक्ष अर्पित अनुरोध अवस्थी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था जो 13 के मुकाबले 1 वोट पड़ने से पारित हुआ था। अब बहोरीबंद जनपद अध्यक्ष के खिलाफ भी अविश्वास प्रस्ताव पारित हुआ है। पंचायत राज लागू होने के बाद यह पहला अवसर है जब कमोबेश एक माह में विधानसभा क्षेत्र की दोनों जनपदों के अध्यक्ष की कुर्सी अविश्वास प्रस्ताव के जरिए खाली हुई है।हालांकि बहोरीबंद जनपद अध्यक्ष के खिलाफ करीब 27 साल पहले भी अविश्वास प्रस्ताव पारित हुआ था।तब जनपद अध्यक्ष लल्ला तिवारी की कुर्सी छिनी थी।

### इनका कहना है

अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया दोपहर 2 बजे से थी। किसी कारण 10 मिनट विलम्ब हुआ था। जिसके कारण प्रशासनिक अधिकारियों ने अंदर नहीं जाने दिया ओर प्रक्रिया में भाग नहीं ले पाए। अधिकारियो की इस मनमानी ओर एकतरफा अविश्वास प्रस्ताव की कार्रवाई को लेकर अब जनपद सदस्यों के साथ हाईकोर्ट मै याचिका दायर की जाएगी। अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया पंचायत राज अधिनियम के तहत पूर्ण कराई गईं है। जनपद अध्यक्ष बहोरीबंद के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया। जनपद अध्यक्ष सहित पांच अन्य जनपद सदस्य इस प्रक्रिया मै शामिल नहीं हुए !निर्धारित समयावधि के बाद जनपद अध्यक्ष आये जिस कारण नियमानुसार उन्हें प्रक्रिया मै शामिल नहीं होने दिया गया।

**राकेश चौरसिया पीठासीन अधिकारी**

# चंदिया में 9 से 11 मई तक आयोजित होगा उर्स



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** हर वर्षों की भांति इस वर्ष भी जिला उमरिया के चंदिया में स्थित हजरत नौगजा शाह दाता रहमतुल्लाह अलैह के आस्ताने में होने वाले रात्रिकालीन उर्स की तारीख 9, 10 व 11 मई को होना सुनिश्चित किया गया है। उर्स कमेटी के अध्यक्ष अब्दुल नसीब खान व सेकेट्री असफाक खान द्वारा संयुक्त रूप से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि उर्स आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों से चल रही है। उर्स में देश के ख्याति प्राप्त कव्वालों का आगमन होगा, जो तमाम रात्रि कव्वाली का प्रोग्राम देंगे, तय किए गए क्रायर्कम अनुसार 9 मई को मजार ए पाक में शाही चादर संदल पेश किया जाएगा एवं जलाल अजमेरी कव्वाल गुजरात के द्वारा कव्वाली का प्रोग्राम दिया जाएगा। 10 मई को सिराज चिश्ती कव्वाल गुजरात व गीता चिश्ती दिल्ली एवं 11 मई को नौशाद अली खान व गुलजार नाजा मुम्बई द्वारा तमाम रात्रि कव्वाली का शानदार प्रोग्राम दिया जाएगा, उर्स में लाखों की तादाद में श्रद्धालुजन दर्शन के लिए पहुंचते, कमेटी द्वारा यहां आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए सभी प्रकार की व्यवस्था कराई जाती है, कमेटी ने उर्स प्रोग्राम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की हैं।

# नरवाई को जलायें नहीं बल्कि उसका जैविक खाद बनाकर पुन: खेतों में करें उपयोग

**उमरिया।** कृषि विज्ञान केंद्र उमरिया के कृषि वैज्ञानिक डा धनंजय सिंह ने बताया कि बहुत से किसान कार्बाइन हारर्वेस्टर से फसल की कटाई करते है तो अवशेष खेतो में पडा रह जाता है। बहुत से किसान जायद की फसल बोना चाहते है लेकिन नरवाई के कारण बो नही पाते है, जिससे किसान नरवाई में आग लगा देते है। उन्होने बताया कि नरवाई जलाने से धुंआ निकलता है, जिससे वायुमंडल में प्रदूषण फैलता है। खेत में जैव विविधता खत्म हो जाती है और सूक्ष्म जीव जलकर खत्म हो जाते हैं। नरवाई में आग लगाने से भूमि में रहने वाले लाभकारी बैक्टीरिया, सूक्ष्म जीव जलकर नष्ट हो जाते हैं। जिसके कारण उत्पादन क्षमता कम हो जाती है। कृषि वैज्ञानिक डा धनंजय सिंह ने जिले के समस्त किसानों को सलाह दी है कि नरवाई को जलाएं नही बल्कि जैविक खाद बनाकर उसका पुन: खेतो में उपयोग करें जिससे मिट्टी को सभी पोषक तत्व मिलेगे और फसल भी अच्छी प्राप्त होगी।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद उमरिया, जिला-उमरिया (म.प्र.)

Address- Near Ranvijay Chowk Umaria, Email : cmoumaria@mpurban.gov.in
Fax No. 07653 222823, Tel. No. 07653 222220 , website-mpurban.gov.in

क्रमांक/958/वि.शा./न.पा./2025 — उमरिया, दिनांक 28.03.2025

### प्रथम GEMबिड आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा पंजीकृत फर्म/संस्था/ठेकेदारों सूचित किया जाता है कि सूची में वर्णित कार्यों के लिए GEM बिड आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | GEM बिड क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की लागत (GST सहित)& EMD | ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | GEM/2025/B/6094055 | LED फ्लड लाईट क्रय | 978739.2 & 9787.00 | 11.04.2025 |

4. निविदा प्रस्तुत करने संबंधी सभी जानकारी वेबसाईट (GEM portal) में नि:शुल्क देखी व प्राप्त की जा सकती हैं।
5. बिड प्रस्तुतीकरण (ऑनलाईन) तिथि एवं अन्य जानकारी BID DATA SHEET व “KEY DATE” में देखी जा सकती है।
6. निविदा की किसी भी प्रकार का संशोधन का प्रकाशन केवल वेबसाईट में किया जावेगा, समाचार पत्र में नहीं।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद उमरिया**
**जिला-उमरिया (म.प्र.)**

## सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** पी एम श्री एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगारपुर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ रानी दुर्गावती विश्विद्यालय जबलपुर के आदेशानुसार तथा जिला संगठक रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के निर्देशन में और विकासखंड शिक्षा अधिकारी जेएस उइके तथा प्रभारी प्राचार्य जय बैरागी के मार्गदर्शन में और कार्यक्रम अधिकारी अशोक वरकड़े के नेतृत्व में जिले के मोहगांव जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बडझर के पोषक ग्राम औढ़ारी में 25 मार्च को राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। समापन अवसर पर अतिथियों और ग्रामवासियों के समक्ष राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं के द्वारा एक से बढ़कर एक सुंदर और मनमोहक नृत्य और स्वच्छता एवं स्वास्थ्य से संबंधित नाटक की प्रस्तुति दी गई। समापन कार्यक्रम में मंच संचालन कार्यक्रम अधिकारी अशोक वरकड़े के द्वारा किया गया।

## लोकसेवा केन्द्रों की समीक्षा आज

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** प्रभारी अधिकारी लोक सेवा प्रबंधन ने बताया कि मध्यप्रदेश लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम 2010 के अंतर्गत जिले में विकासखण्ड स्तर पर समस्त संचालित 9 लोक सेवा केन्द्रों में 27 विभाग की अधिसूचित 335 सेवाओं को आम नागरिकों को प्रदाय की जा रही है। समस्त विभागों की अधिसूचित सेवाओं के केन्द्र में प्राप्त आवेदन की स्थिति एवं निराकरण की स्थिति के संबंध में समीक्षा बैठक 4 अप्रैल को अपरान्ह 4 बजे से कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला योजना भवन में आयोजित की गई है।

## मानव श्रृंखला से जल संरक्षण संदेश

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट के निर्देशन में लगातार जल संरक्षण एवं संवर्धन की विविध गतिविधियाँ की जा रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत अध्ययनरत एमएसडब्ल्यू, बीएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं द्वारा आरडी कॉलेज में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मानव श्रृंखला बनाकर जल संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में जल से संबंधित स्लोगन का उद्घोष किया गया। म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक राजेन्द्र चौधरी की मौजूदगी में विकासखण्ड समन्वयक मंडला संतोष कुमार झारिया ने जल संरक्षण की शपथ दिलाई। इस दौरान मेंटर्स आशीष नामदेव, संतोष कुमार रजक, श्रीमती दीपा श्रीवास, श्रीमती रागिनी हरदहा, लालाराम चक्रवर्ती एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## पुनर्जीवन कार्यक्रमों का आयोजन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन-अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में नदी, कूप, तालाबों, बावड़ियों सहित अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता रैली और दीवार लेखन सहित अन्य गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में मण्डला विकासखंड के ग्राम सेमरखापा में महेन्द्र पटेल के घर के पास स्थित सावर्जनिक कूप की साफ-सफाई की गई। साथ ही आवश्यकतानुसार नलकूप की मरम्मत भी गई।

## कलेक्टर ने ली राजस्व की बैठक

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मुख्यमंत्री द्वारा समाधान ऑनलाईन की वीसी के माध्यम से दिए गए निर्देश के पालन में कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के संबंध में निर्देशित करते हुए कहा कि जल संरचनाओं के आसपास अतिक्रमण हटाए जाएं तथा उन्हें राजस्व अभिलेख में दर्ज कराएं। जलदूत ऐप के संबंध में इसे डाउनलोड कराते हुए अगले टीएल बैठक में इसका प्रेजेन्टेशन करें। अधिनस्थ शासकीय अमले को इस ऐप के माध्यम से वॉलेंटियर जल दूत के रूप में अभियान से जुड़ने के लिए निर्देशित करें। वर्षाकाल में डूब की दुर्घटनाओं को रोकने के संबंध में कलेक्टर ने कहा कि तालाब, कुआं, नहर, नाला, जलभराव क्षेत्र, खदान आदि क्षेत्रों में बहुत सी डूब की दुर्घटनाएं होती हैं जिनका कारण लोगों की लापरवाही, तैराकी सुरक्षा नियमों की अनदेखी तथा जागरूकता की कमी है। ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्घटना संभावित क्षेत्रों का चिन्हांकन करें। इन क्षेत्रों में नाव तथा नाविकों का रजिस्ट्रेशन कराएं।

## शेड निर्माण कार्य का निरीक्षण

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** माहिष्मति घाट पर माई की रसोई के सामने बनाये जा रहे शेड के निर्माण कार्य का कलेक्टर ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शेड निर्माण को शीघ्र पूर्ण करायें। शेड में लोगों के बैठने के लिए समुचित व्यवस्था करें। परिसर में लगाई गई सीमेंट की कुर्सियों को व्यवस्थित कराएं। शेड के पाइप और ग्रिल्स पर एक ही रंग से रंगाई कराएं। परिसर की नियमित साफ-सफाई कराएं। इस अवसर पर एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, तहसीलदार हिमांशु भलावी, नगर पालिका परिषद के अधिकारी उपस्थित रहे।

# विश्व हिंदू परिषद गौरक्षा विभाग ने मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन, गौ तस्करी के साथ गौवंश सुरक्षा की रखी मांग

मण्डला(स्वतंत्रमत)





विश्व हिंदू परिषद गौ रक्षा विभाग के द्वारा जिले में हो रहे गोवंश तस्करी को लेकर एवं गोवंश की रक्षा को लेकर उनके चारे, भूसे एवं शासकीय गौशालाओं में गौ माता की सही तरीके से देखरेख न होने की स्थिति होने पर एवं ऐसे बहुत से गोवंश रक्षा से जुड़े हुए मुद्दों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को तहसीलदार के माध्यम से ज्ञापन सौंपा है ज्ञापन में बताया गया कि आपके द्वारा गौरक्षा उठाये गये संकल्प का स्वागत है सरकार की मंशा के विरूद्ध गोवंश तस्करी में कमी नहीं आ रही है। इसके पीछे दलाल एवं मांस कारोबारियों का समूह सक्रिय है हाल ही में घटिया जिला उज्जैन में आरोपियों ने 2000 गोवंश को लोकल स्लाटर कर लोकल मार्केट में बेचना स्वीकार किया है। आरोपी के विरूद्ध 24 आरोप पंजीबद्ध होने के बाद भी बेखोफ गोमाता का कत्ल किया जा रहा है। पूर्व में भी मंदसौर जिले के रूणिजा में हुई गोवंश की हत्या में प्राप्त जानकारी के अनुसार आगर जिले के सुसनेर के गौमांस सप्लायर की जानकारी मिली थी। देवास, महू, आगर, उमरिया इन्दौर जैसे अनेक स्थानों पर गोमांस जप्त हुआ है। इसके पिछे बिचौलिया दलाल जैसा कि खण्डया में गोवंश तस्करों से रूपये लेते हुए पुलिस जवानों का विडियो वायरल हुआ है जिला प्रशासन ने सक्रिता दिखाते हुए उन्हें निलंबित भी किया है। गौवंश की तस्करी में मध्यप्रदेया सहित राजस्थान, गुजरात, यूपी से होकर महाराष्ट्र छत्तीसगढ़ बार्डर पर बड़े स्तर पर साप्ताहिक पशु हाट बाजार मेलों के माध्यम से किसानों के नाम से गरीब निर्धनों का उपयोग कर तस्करी की जा रही है। मेला हाट बाजारा तस्करों के इशारों पर संचालित हो रहें है ऐसे हाट बाजारों पर प्रतिबंध लगाया जाए या निगरानी समिति बनाकर तस्करों से गोवंश को बचाया जाए पशु बाजार मेले बंद किये जाये। गोवंश तस्करी में उपयोग किये गये वाहन को आबकारी जैसे तुरंत राजसात किये जाए जिस थाना क्षेत्र में गोवंश तस्करी होती है या गोवंश का वध हुआ पाया जाता है तो तुरंत थाना प्रभारी को निलंबित किया जाए एक से अधिक बार गोवंश तस्करी में लिप्त आरोपी एवं वाहन मालिक के विरूद्ध रासुका के तहत कार्यवाही की जाये 1962 संजीवनी पशु एम्बुलेंस को गोवंश के लिये 150 रू शुल्क से मुक्त रखा जाये गौतस्करी रोकने में बलीदान अंगविहिन होने पर गोभक्तों को गौसेवक सम्मान दिया जाए परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी दी जाये। गौशालाओं को भूमि आवंटन प्रक्रिया सरल कर तुरन्त भूमि आवंटन की जाये। गौशालाओं को 5 हार्स पॉवर का विद्युत कनेक्शन मुफ्त दिया जाये न जनभागीदारी से गौशालाओं में निर्माण कार्य की अनुमती हो स्वयंसेवी संस्थाओं को मनरेगा से मजदूर सेवक दिया जाये गोचर भूमि उद्योग के लिए आवंटित नहीं की जाए और यदि की गई है तो उसे उद्योग से मुक्त कराकर गौ माता के लिए सुरक्षित रखी जाए गोचर भूमि पर अतिक्रमण हटाने के सरकार के आदेश के बाद भी गोचर भूमि पर अतिक्रमण लबित है गोचर भूमि से अतिक्रमण हटाया जाये गौशालाओं द्वारा निर्मित वर्मी कम्पोस्ट, किटनियंत्रक को फर्टीलाजर्स एक्ट से बाहर किया जाये गोशालाओं द्वारा निर्मित वर्मी कम्पोस्ट, किटनियंत्रक को शासन खरीद कर सहकारी संस्थाओं के माध्यम से बिक्री करे गोउत्पाद को टेक्स मुक्त किया जाये। पशु जांच चौकियां स्थापित कि जाये गौसमाधी स्थल का चयन कर सुरक्षित की जाये। प्रदेश में नवनिर्मित मनरेगा गौशाला की पूर्ण कर गौवंश रखा जाऐ ताकि बारिश में गौवंश सुरक्षित रह सके प्रत्येक गौपालक जो कि घर में गौमाता की सेवा करता है उसे प्रति गाय के हिसाब से प्रति माह 120 रूपये गौवंदन राशि जल्दी शुरू की जाये। गौवंश पशुधन के उपयोगी घांस भूसा जिले एवं प्रदेश के बाहर जाने पर प्रतिबंध लगाया जाये घांस भूसा की जमाखोरी बंद हो हारवेस्टर के उपयोग के बाद मशीन से भूसा बनाना अनिवार्य करें निरवाई के जलने पर सख्त कार्यवाही की जाये। कानून का पालन सख्ती से किया जाये। सिंगल यूज पोलेथिन का उपयोग बंद हो। कानून का पालन सख्ती से किया जाये मंदिरो में भगवान को चढ़ने वाले प्रसाद पॉलीथीन, प्लास्टिक कोटेड की पेकिंग पर रोक लगाई जाये। भोजन भण्डारे में पॉलीथीन डिस्पोजल प्लास्टिककोटेड पत्तल दोना पर प्रतिबंध लगाया जाये मनरेगा द्वारा संचालित गौशालाओं को अनुभवि संस्थाओं द्वारा संचालित कराई जाये आपके द्वारा 7 मार्च 2024 प्रति गोवंश 40 रूपये अनुदान की घोषणा की गई जो गौशालाओं को अभी प्राप्त नहीं हुई है। बियर चापड़ के नाम से शराब एल्कोहल फैक्ट्री से बचा वेस्ट गौवंश तथा दुधारू पशुओं को खिला रखे जिससे दूध तो बढ़ता है पर गौवंश सहित दुधारू पशुओं को आने वाले समय में स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव इसकी जांच करवारकर बंद करवाना चाहिए। इस दौरान गौ रक्षा जिला प्रमुख रेनू कछवाहा, नगर गौरक्षा प्रमुख मोहित कछवाहा, ललित हिड़ाऊ सुरेंद्र एवं हेमंत दुबे सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रभु श्रीराम पर टिप्पणी का विरोध



मण्डला(स्वतंत्रमत)

गुरूवार को विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत पत्र सौंपा है। जिसमें कहा गया है कि 1 अप्रैल 2025 को जॉय स्कूल विजय नगर के संचालक अखिलेश मैंबन के द्वारा भगवान श्रीराम के लिए एवं समस्त हिन्दू समाज के विरुद्ध अपमान एवं आपत्तिजनक टिप्पणी की गई और इन्हीं के ईसाई समुदाय से आने वाले लोगों ने इसको शेयर किया जिसका विरोध विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा शांतिपूर्वक स्कूल में प्रदर्शन किया जा रहा था वहां पर भी इसी प्रकार से कार्यकर्ताओं को उकसाने एवं अपशब्दों का प्रयोग स्कूल प्रबंधन के द्वारा किया जाने लगा जब विरोध ज्यादा बड़ा तो पुलिस के द्वारा वहां पर सभी को अलग कराया गया है एवं प्रभु राम के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले अखिलेश मैबन के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट विजय नगर जबलपुर थाने में दर्ज की गई है जिसमें अभी तक गिरफ्तारी नहीं की गयी है विश्व हिंदू परिषद शासन-प्रशासन से मांग करती है कि प्रभु श्रीराम के खिलाफ में इस प्रकार आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले इस व्यक्ति जिसका आपराधिक रिकॉर्ड भी है इसके सभी अनैतिक कृत्यों पर शासन के द्वारा उसे अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई एवं अखिलेश का जो घर बना हुआ है वह भी अवैध रूप से बनाया गया है इस पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए इसके ऊपर रासुका की कार्रवाई की जाए एवं इसके साथ में डेविड जॉर्ज, अरविंद एंड्रयू, क्रिस्टोफर एंथोनी, इसाक चौरे(बॉबी) एवं अन्य लोगों ने प्रभु रामजी के खिलाफ में की गई टिप्पणी को शेयर किया ये वो अपने फेसबुक से डाला है उन सभी की जाँच पड़ताल करके उन सभी के ऊपर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तारी की जाए अन्यथा विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल भविष्य में उग्र आंदोलन करेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## कांग्रेस ने जलाया सीएम का पुतला

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** जिला कांग्रेस कमेटी ने बीते दिनों मुख्यमंत्री का पुतला जलाया है। नगर अध्यक्ष रजनीश रंजन उसराठे ने बताया कि सौरभ शर्मा को जमानत लोकायुक्त की नाकामी का प्रमाण लोकायुक्त अब पहरेदार नहीं हिस्सेदार है। सौरभ शर्मा मामला लोकायुक्त और सरकार की मिलीभगत का ताजा उदाहरण बनकर सामने आया है। पूर्व परिवहन आरक्षक सौरभ शर्मा जिसके पास से करोड़ों रुपये की अघोषित संपत्ति 52 किलोग्राम सोना और 11 करोड़ से अधिक की नकदी बरामद हुई थी। को लोकायुक्त पुलिस की घोर लापरवाही के चलते विशेष लोकायुक्त अदालत से जमानत मिल गई। निर्धारित 60 दिनों में चालान पेश न कर पाने की यह नाकामी कोई संयोग नहीं बल्कि एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा प्रतीत होती है। इस पूरे प्रकरण में लोकायुक्त की संदिग्ध भूमिका और सरकार की चुप्पी जनता के सामने सच्चाई को उजागर कर रही है। जनता इस अन्याय को बर्दाश्त नहीं करेगी और इसका जवाब सड़कों पर और लोकतंत्र के हर मंच पर देगी।

## टिकरी में देवी भागवत पुराण आंरभ



**मण्डला/ बम्हनी (स्वतंत्रमत)।** बम्हनी टिकरी में स्थित सिद्धपीठ खेरमांई माता मंदिर में भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इसके साथ ही नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत महापुराण नवह ज्ञान यज्ञ एवं रात्रि में नौ दिवसीय मेला और रामलीला का शुभारंभ हुआ। रविवार को महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा रेलवे-स्टेशन नौ दुर्गा खेरमांई मंदिर से निकाली। जहां बड़ी संख्या में माताओं-बहनों भव्य कलश यात्रा में शामिल हुईं। पारम्परिक वेशभूषा में महिलाएं कन्याएं एवं महाबली हनुमान जी, राधा-कृष्ण पार्वती-भोलेनाथ के साथ झांकी सिद्धपीठ खेरमांई प्रांगण टिकरी पहुंची। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। यहां खेरमांई प्रांगण टिकरी में 7 अप्रैल तक जबलपुर से आईं युगविभूति ऋचा गोस्वामी के श्रीमुख से श्रीमद् देवी भागवत पुराण का कथा वाचन दोपहर 2 बजे से 6 बजे किया तक जा रहा है। 7 अप्रैल को पूर्णाहुति के साथ विशाल भंडारा होगा। आयोजकों की ओर से समस्त श्रृद्धालु भक्तों से आग्रह किया गया है कि वे इस दिव्य आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने अपील की गई है।

# निषादराज की जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा

### जय निषादराज के जयघोश लगाते हुए चले युवा



**नैनपुर।** नगर के ढीमर मांझी समाज नैनपुर द्वारा भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त और भगवान श्रीराम को गंगा पार कराने वाले निषादराज की जयंती हर साल की तरह इस वर्ष भी 3 अप्रैल 2025 को धूमधाम से मनाई गई। इस कार्यक्रम में मांझी समुदाय के ढीमर केवट, कहार, भाई, मल्लाह, निषाद, बर्मन, रैकवार, सौंधिया, कश्यप, बाथम, बरमैरया सामाजिक महिला पुरुष युवा युवतियों बच्चो की उपस्थिति रही ओर सामाजिक बन्दुओ द्वारा सुबह से निषादराज की पूजन हबन आरती करते शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सुन्दर जीवंत झांकी बनाई गई। जय निषादराज के जयघोष लगाते हुए युवा युवतियों महिला पुरुषो को हाथ में भगवा पताकाएं बैनर लेकर देखा गया। जो नगर के वार्डों का भ्रमण करते वापस कार्यक्रम स्थल वार्ड क्रमांक 1 पहुंची बाद इससे भोजन प्रसादी कार्यक्रम के बाद समापन किया गया।

# सामूहिक विवाह 16 को, मंत्री ने किया निरीक्षण


मण्डला(स्वतंत्रमत)



प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने गुरूवार को मंडला जिले के ग्राम पंचायत टिकरवारा में 16 अप्रैल को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री विवाह निकाह योजना की तैयारियों का निरीक्षण किया। उक्त कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन प्रस्तावित है जिसके लिए कार्यकम स्थल पर व्यापक तैयारियाँ की जा रही हैं। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कार्यक्रम स्थल में विवाह स्थल, मंच व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, पेयजल प्रबंध, पार्किंग व्यवस्था सहित की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विवाह निकाह योजना की संपूर्ण तैयारियाँ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कर ली जाए। 16 अप्रैल को ग्राम टिकरवारा में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह निकाह कार्यक्रम में वर-वधुओं का वैवाहिक निकाह कार्यक्रम संपन्न किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, एसडीएम नैनपुर आशुतोष ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे। वहीं प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने गुरूवार को ग्राम पंचायत टिकरवारा में मुख्यमंत्री विवाह निकाह योजना के संबंध में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि 16 अप्रैल को ग्राम पंचायत टिकरवारा में आयोजित मुख्यमंत्री विवाह निकाह योजना में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन प्रस्तावित है, जिसको लेकर सभी अधिकारियों को तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिससे मुख्यमंत्री विवाह निकाह योजना को सफलतापूर्वक संपन्न कराया सके।

# जवारे और ज्योति कलश से जगमगा रहे हैं देवी मंदिर

### चारो ओर गुंजित हो रहा है मातारानी का जयकारा



**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** चैत्र नवरात्र पर्व के चलते नगर में देवी मंदिर जवारे कलश के ज्योतिर्मय प्रकाश से आलोकित हो रहे हैं। प्रत्येक देवी मंदिर में बोए गये जवारे और कलश में स्थापित अखंड ज्योति जगमगा रही है। वही देवी भक्तों की भी? सुबह और शाम को होने वाली देवी मंदिरों की आरती में उम? रही है। नगर में आस्था का केंद्र माना जाने वाले खेरमाई माता शीतला मंदिर में सुबह से ही देवी भक्त दर्शन पूजन के साथ अपनी मनोकामनाएं लेकर पहुंच रहे हैं। वार्ड 14 स्थित तालाब के किनारे सजा देवी माता का दरबार भक्तों को आकर्षित कर रहा है। आज सप्तमी पूजन के बाद कल अष्टमी में मातारानी को अठवाई का भोग लगाया जाएगा। इसके बाद घर घर कन्या पूजन का दौर चलेगा। देवी भक्त उपासक अपनी पूरी शिद्दत और श्रद्धा के साथ उपासना में जुटे हुए हैं। इस बार नवरात्र में दो तिथि एक साथ प? जाने के कारण उपासको को विशेष पूजन के लिए नवरात्र में कुल 8 दिन ही मिल रहे है। इसके साथ ही महिला मंडलो के द्वारा मंदिर मंदिर गाये जाने वाले देवी भजन जश और कीर्तन में मातारानी की अनेकों रूपो की महिमा गान की जा रही है। सुबह से लेकर देर शाम तक गुंजित होने वाले मातारानी के जयकारो का शोर भी कर्णप्रिय लग रहा है। नगर के वार्ड 9 स्थित शंकर काली मढिया में रोजाना रात्रि काल मे होने वाली महाआरती में भक्त ब?ी संख्या में उपस्थित होकर अपनी अर्जी लगा रहे है। वही दूसरी ओर 6 अप्रैल को श्रीराम नवमी के पर्व को उल्लास और उमंग के साथ मनाये जाने की तैयारियों में श्रीराम भक्त और हिन्दू संगठन जुटे हुए है। अपनी प्रारम्भिक तैयारियों में नगर के प्रमुख चौराहों और गलियों को भगवा झंडे और पताकाओं से सजाया जा रहा है।

## कृषि उपज मंडी में गेहूं खरीदी प्रारंभ न होने से किसान परेशान

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** मध्य प्रदेश शासन के आदेशानसार सम्पूर्ण खरीदी केन्द्रो में गेहूं की खरीदी प्रारंभ कर दी गई है। परंतु सिर्फ नैनपुर कृषि उपज मंडी में गेहूं खरीद करने किसी भी संस्था का चयन इन पंक्तियों के लिखे जाने तक नागरिक आपूर्ति अधिकारी द्वारा नहीं किया गया। जिससे किसानों में रोष व्याप्त है। जबकि सरकारी के द्वारा इस वर्ष गेहूं खरीद करने 15 मार्च से 15 मई तक की अवधि निर्धारित की गई। लेकिन नैनपुर कृषि उपज मंडी में आज तक गेहूं खरीदी शुरू नहीं हुई है। जिससे किसानो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ इन दिनों हल्की वर्षा प्रारंभ है जिससे गेहूं की कटाई कर किसान घर आंगन मे रख हलाकान हो रहा है। इस सम्बन्ध में नागरिक आपूर्ति अधिकारी की लापरवाही स्पष्ट दिखाई दे रही है।


## कार्यालय नगर परिषद बम्हनी बंजर जिला मण्डला म.प्र.

क्रमांक/रा.वि./2025 / 289 // चतुर्थ ऑफर सूचना // बम्हनी बंजर दिनांक 2/4/25

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर परिषद बम्हनी बंजर स्वामित्व का साप्ताहिक बैठकी बाजार शुल्क ठेका वित्तीय वर्ष 2025-26 (ठेका पश्चात) के लिए बंद लिफाफे में आफर द्वारा ठेके पर दिया जाना है। जिस हेतु दिनांक 02.04.2025 से दिनांक 11/04/2025 तक समय दिन के 2.00 बजे तक अपने ऑफर बंद लिफाफे में अमानत राशि के साथ जमा कर सकते है। जो उसी दिन 3.00 बजे खोले जावेगे। ऑफरकर्त्ता चाहे तो उपस्थित रह सकता है। आफर राशि पर जी.एस.टी. 18 प्रतिशत अलग से जमा करना अनिवार्य होगा।

### विवरण

| क्रमांक | ठेके का नाम | अमानत राशि प्रतिभूति वसूली | सरकारी राशि आरक्षित निक्षेप | ठेका अवधि | सालवेशी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | साप्ताहिक बाजार बैठकी शुल्क ठेका | 50000 | 2272697=00 | वित्तीय वर्ष 2025-26 (ठेका पश्चात) | 500000 |

टीप- 1. ठेका निलामी से संबंधी नियम व शर्त कार्यालय के राजस्व शाखा न.पा. में देखी जा सकती है। एवं निविदा प्रपत्र राशि 300/- रू जमा कर प्राप्त कर सकते है। 2. नगर परिषद बम्हनी बंजर के किसी भी प्रकार के बकायादारो को निविदा प्रपत्र प्रदान नही किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद बम्हनी बंजर**

संपादकीय

# ठंडे बस्ते में सिफारिशें

अलग-अलग सूबों में फसल उत्पादन की अलग लागत आने के बावजूद केंद्र सरकार देश भर के लिए एक ही न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी तय कर देती है। हालांकि, कोई भी राज्य एमएसपी के ऊपर जरूरत के हिसाब से बोनस दे सकता है, लेकिन केंद्र सरकार इस तरह की किसी भी कोशिश को ठीक नहीं मानती। केंद्र ने खरीफ मार्केटिंग सीजन 2024-25 के लिए धान की एमएसपी 2300 रुपये क्विंटल तय की थी। जबकि उस साल के लिए महाराष्ट्र ने धान की एमएसपी 4661 रुपये प्रति क्विंटल मांगी थी। केरल ने 3690 रुपये और कर्नाटक सरकार ने 3426 रुपये प्रति क्विंटल एमएसपी की मांग की थी। उत्तर प्रदेश ने 3000 और बिहार सरकार ने 3201 रुपये की डिमांड की थी। तेलंगाना ने 5428 और उत्तर प्रदेश सरकार ने 3000 रुपये प्रति क्विंटल की एमएसपी मांगी थी। राज्य सरकारों ने केंद्र से अपने सूबे के लिए चाहे जितनी एमएसपी का प्रस्ताव दिया हो लेकिन, उसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।

केंद्र ने देश में धान की संपूर्ण लागत (सी-2 कॉस्ट) महज 2008 रुपये प्रति क्विंटल माना है। ताज्जुब यह है कि सी-2 कॉस्ट बताने के बावजूद केंद्र सरकार ने उसे माना नहीं। सरकार ने धान की उत्पादन लागत को प्रति क्विंटल 1533 रुपये बताया और उस पर न्यूनतम 50 फीसदी मुनाफा जोड़कर 2300 रुपये एमएसपी तय कर दी। राज्यों के प्रस्तावों पर इतनी कटौती के बावजूद कुछ लोगों को लगता है कि एमएसपी की लीगल गारंटी मिलने के बाद महंगाई बढ़ जाएगी। गुजरात सरकार ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर एक अप्रैल 2025 से शुरू हुए रबी मार्केटिंग सीजन 2025-26 के लिए गेहूं की एमएसपी 4050 रुपये प्रति क्विंटल तय करने की मांग उठाई थी। पश्चिम बंगाल ने 3350 और महाराष्ट्र ने गेहूं की एमएसपी भी 4461 रुपये मांगी। जबकि केंद्र सरकार ने एमएसपी 2425 रुपये तय की है। यानी इन सूबों की मांग के मुकाबले एमएसपी बहुत कम है। राज्यों से आई सिफारिशों को दरकिनार करते हुए केंद्र सरकार ने एक औसत निकालकर यह बताया कि गेहूं की संपूर्ण लागत 1720 रुपये प्रति क्विंटल आई है। हालांकि सरकार ने सी-2 कॉस्ट के आधार पर एमएसपी तय नहीं किया। सरकार ने गेहूं की उत्पादन लागत 1182 रुपये ही मानी। इस पर 105 फीसदी का मुनाफा देकर पूरे देश के लिए एमएसपी तय कर दी। अब यहां सवाल यह है कि औसत दाम तय करने से किसानों को लाभ कैसे हो सकता है? कृषि लागत एवं मूल्य आयोग के अनुसार रबी मार्केटिंग सीजन 2025-26 के दौरान गेहूं की एमएसपी के लिए आठ राज्यों ने सिफारिश दी है, लेकिन चार सूबों ने कोई प्रस्ताव नहीं दिया। इनमें गेहूं का सबसे बड़ा उत्पादक उत्तर प्रदेश भी शामिल है। इसके अलावा राजस्थान, हरियाणा और छत्तीसगढ़ से भी गेहूं की एमएसपी को लेकर केंद्र सरकार को कोई सिफारिश या सुझाव नहीं दिया गया है। ऐसा नहीं है कि राज्य सरकारें हर साल केंद्र से अपने सूबे में लागत के हिसाब से एमएसपी नहीं मांगतीं। लेकिन उनकी सिफारिशों को दरकिनार करके एक औसत निकालकर यह बताया जाता है कि देश में किस फसल की कितनी लागत है और उस आधार पर एमएसपी कितनी होगी। इस तरह वर्षों से कुछ राज्य एमएसपी का मजा ले रहे हैं तो कुछ के लिए एमएसपी एक बेमानी शब्द बनकर रह गया है।

# मथुरा-काशी से जुड़ी नई मुहिम का आह्वान



ललित गर्ग

लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

हिंदू समूहों का दावा है कि मुस्लिम आक्रमणकारियों ने मथुरा में श्रीकृष्ण मंदिर और वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर को नष्ट करके उनके ऊपर मस्जिदें बना दीं। इसीलिये विश्व हिंदू परिषद और साधु-संतों ने 1984 में तीन मंदिरों की बात की थी, जिनमें में अयोध्या में श्रीराम मन्दिर बन चुका है। इसके बाद कई लोगों को लगने लगा था कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व उसके अन्य सहयोगी संगठन इससे संतुष्ट हो चुके हैं और काशी व मथुरा के विषय को जैसे उन्होंने त्याग दिया है या भूला दिया है। लेकिन ऐसा नहीं है, लोकसभा में वक्फ विधेयक के पेश किए जाने से कुछ ही घंटे पहले संघ के सरकार्यवाह एवं महामंत्री दत्तात्रेय होसबाले ने काशी ज्ञानवापी और मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि से जुड़े आंदोलनों-कार्यक्रमों में संघ के स्वयंसेवकों को न रोकने की बात कह कर एक नई मुहीम के आह्वान का अप्रत्यक्ष रूप से संकेत दे दिया है, जिसके गहरे राजनीतिक निहितार्थ हैं। पिछले कुछ समय से इनको लेकर एक ऊहापोह की स्थिति थी, लेकिन संघ के इस मुद्दे पर छाये धुंधलको को हटाते हुए अपने नये बयान से ऊर्जा का संचार किया है। भले ही इससे राजनीति गर्माये, लेकिन हिन्दू आस्था को इससे खुशी मिली है।

संघ की कन्नड़ साप्ताहिक पत्रिका विक्रमा को दिए इंटरव्यू में होसबाले ने साफ कर दिया कि उस समय यानी 1984 में विश्व हिंदू परिषद और साधु-संतों ने तीन मंदिरों की बात की थी। इसलिए अगर संघ के स्वयंसेवक इन मंदिरों के लिए काम करना चाहते हैं, तो हम उनको रोकेंगे नहीं। साफ है, इस बयान के बाद इन मथुरा-काशी दोनों स्थलों से जुड़े विवाद और इनके आंदोलनों को एक नई ऊर्जा, इन मन्दिरों के जीर्णोद्धार, स्वतंत्र अस्तित्व हासिल करने में सफलता मिलेगी। इससे एक बार फिर भाजपा की ताकत बढ़ेगी एवं हिन्दुओं को एकजुट करने का वातावरण बनेगा। बिहार में कुछ ही माह बाद विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और साल 2027 की शुरुआत में ही उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव होंगे। बिहार एवं उत्तर प्रदेश दोनों ही प्रदेशों में जातिगत गणना और आरक्षण को बड़ा चुनावी मुद्दा बनाने की कोशिशें हो रही हैं। इन दोनों चुनावों में काशी और मथुरा बड़ा मुद्दा बने, तो कोई आश्चर्य नहीं है। दोनों मन्दिर बिहार से सटे उत्तर प्रदेश के दो छोरों पर स्थित हिंदुओं के दो बड़े पवित्र एवं पावन धर्मस्थल हैं। मथुरा में श्रीकृष्ण मंदिर भगवान कृष्ण के जन्मस्थान के रूप में और वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग के रूप में हिंदू धर्म में अत्यधिक महत्वपूर्ण आस्था-स्थल हैं, जहाँ लोग मोक्ष प्राप्ति के लिए आते हैं। दोनों मंदिर हिंदू धर्म में




महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं और करोड़ो भक्तों को आकर्षित करते हैं, दोनों मंदिर भारतीय संस्कृति और इतिहास का अहम हिस्सा हैं और उनकी धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हैं।

काशी में विश्वनाथ और मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर का पुनरुद्धार केवल भौतिक संरचनाओं को पुनर्स्थापित करने का प्रयास नहीं है- यह भारत के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक सार को पुनर्जीवित करने एवं आहत हिन्दू आस्था पर मरहम लगाने का आह्वान है। सनातन धर्म की शाश्वत विरासत के प्रतीक ये मंदिर आक्रमणकारियों के सदियों के हमलों के बावजूद हिंदुओं की दृढ़ता और भक्ति के प्रमाण हैं। इन पवित्र स्थलों को पुनः प्राप्त करना हमारे पूर्वजों के बलिदान का सम्मान करने, हमारी विरासत को संरक्षित करने और हमारी समृद्ध परंपराओं को आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने का कार्य है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हिंदू मंदिरों के बारे में सच्चाई सबके सामने है, लेकिन ये मामले अनसुलझे हैं। ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के ये स्थल लंबी अदालती लड़ाई के बावजूद अभी भी न्याय का इंतजार कर रहे हैं।

दत्तात्रेय होसबले का यह साक्षात्कार महत्वपूर्ण होने के साथ दूरगामी सोच से जुड़ा है। हालांकि, होसबले ने अपने इसी इंटरव्यू में देश की सभी मस्जिदों को मुद्दा बनाने की प्रवृत्ति को सामाजिक ताने-बाने के लिए नुकसानदेह बताकर संतुलन साधने की कोशिश की है। इससे पहले संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा था कि हर मस्जिद के नीचे शिवलिंग तलाशना सही नहीं है। भले ही पिछले साल दिसंबर में मस्जिदों को लेकर उठ रहे विवाद को शांत करने का उन्होंने यह प्रयास किया था। लेकिन काशी और मथुरा भी उसमें शामिल रहे हो, ऐसा कैसे सोचा जा सकता है? होसबले ने इस साक्षात्कार में गौ हत्या, लव जिहाद और धर्मांतरण जैसी चिंताओं को स्वीकार किया। उन्होंने अस्पृश्यता यानी छुआछूत को खत्म करने, युवाओं में संस्कृति के संरक्षण और देशी भाषाओं की सुरक्षा जैसे समकालीन मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। भाषा नीति पर होसबाले ने त्रिभाषी दृष्टिकोण का समर्थन किया और इसे 95 प्रतिशत भाषाई विवादों का समाधान बताया। उन्होंने भारतीय भाषाओं के संरक्षण और उनमें शिक्षित लोगों के लिए आर्थिक अवसर सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया।

होसबोले ने कहा कि लोगों को यह समझना चाहिए कि वैश्विक भूराजनीति में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। यदि भारत में हिंदू समाज मजबूत और संगठित नहीं है, तो केवल 'अखंड भारत' के बारे में बोलने से परिणाम नहीं मिलेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अतीत की खोज में लगे रहने से समाज अन्य महत्वपूर्ण सामाजिक परिवर्तनों पर अपना ध्यान केंद्रित नहीं कर पाएगा, जैसे अस्पृश्यता को समाप्त करना, युवाओं में मूल्यों का संचार करना तथा संस्कृति और भाषाओं को संरक्षित करना। निश्चित ही होसबले के बोल से जहां हिन्दू धर्म एवं संस्कृति की रक्षा को बल मिला है, वहीं राष्ट्रीयता भी मजबूत होती हुई दिख रही है। संघ की स्थापना भी इसी उद्देश्य एवं राष्ट्रवादी आंदोलन को एक मजबूत सांस्कृतिक आधार देने के लिए की गई थी। हमारी सदियों पुरानी प्राचीन सभ्यताएं जो धर्म, अहिंसा और भक्ति के सिद्धांतों पर आधारित थी उपनिवेशवाद के शोर में अपनी आवाज खो न जाये, हिन्दू समाज पर रह-रह हो रहे हमले रूके, हिन्दू एवं सनातन संस्कृति को सलक्ष्य कुचलने के प्रयास विराम पाये-इन जटिल स्थितियों में भारत के लोगों को एक सांस्कृतिक छत्र के नीचे एकजुट करने की दृष्टि से होसबले ने जगाया है, चेताया है, संगठित होने का आह्वान किया है। निश्चित तौर पर इन दोनों मन्दिर मुद्दों को नए सिरे से हवा देने की इस कवायद ने संघ विरोधियों एवं मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों के सामने एक नई गंभीर चुनौती पेश की है। खासकर यह देखते हुए कि अयोध्या की रणनीतिक सफलता ने हिंदुत्व की राजनीति का आधार मजबूत किया है, हिन्दुओं को संगठित किया है।

मंदिर-मस्जिद विवाद के बीच संघ की तरफ से पहले भी कई बयान आते रहे हैं। ये बयान दर्शाते हैं कि संघ भले ही सीधे-सीधे विवाद से खुद को भले ही अलग रखता हो, वैचारिक रूप से वह इनको पूरा समर्थन देता है। संघ का समर्थन देश को अराजक बनाने का कभी नहीं रहा, उसके सामने बड़ा लक्ष्य देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का भी है। बांग्लादेश समेत कई पड़ोसी देशों में भारत-विरोधी शक्तियां नए सिरे से सक्रिय होने लगी हैं, उनसे लड़ने की ताकत एवं रणनीति भी संघ चाहता है। संघ सामंजस्यपूर्ण और संगठित भारत के आदर्श को आकार देने के लिये प्रतिबद्ध है। श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति जैसे आंदोलनों ने भारत के सभी वर्गों और क्षेत्रों को सांस्कृतिक रूप से संगठित किया। राष्ट्रीय सुरक्षा से लेकर सीमा सुरक्षा, शासन में सहभागिता से लेकर ग्रामीण विकास तक, राष्ट्रीय जीवन का कोई भी पहलू संघ के स्वयंसेवकों से अछूता नहीं है। सौ वर्षों की संघ यात्रा हिन्दू एकता, विश्व शांति व समृद्धि के साथ सामंजस्यपूर्ण और एकजुट भारत के भविष्य के संकल्प के साथ-साथ काशी-मथुरा के मुद्दे से भी जुड़ी है। हिंदुओं को बचाने और उन्हें सम्मान और गरिमा के साथ देश सेवा में तत्पर करने के लिये उनकी आस्था एवं अस्तित्व पर लगे घावों को तो भरना ही होगा।

# परीक्षा हर दिन



अनिरुद्ध सिंह 'कुसुम'

लेखक/पत्रकार

शिक्षा से संबंधित पाठ्यक्रम के लिए परीक्षा का एक विशेष दिन हो सकता है, लेकिन जीवन की परीक्षा तो आपके जीवन मे आने से लेकर, अंतिम दिन तक प्रतिदिन आपको परीक्षा देनी होती है। परीक्षा मानव जीवन का अहम हिस्सा है, बिना परीक्षा के आप जीवन को ना तो उच्च शिखर पर ले जा सकते हैं, और ना ही जीवन में सम्मान प्राप्त कर सकते हैं, और ना ही आप समाज के लिए उपयोगी साबित होंगे, क्योंकि आपके पास जो भी ज्ञान है, या जो हुनर है, यदि वो जांच परीक्षा से नही गुजरा , तो वो किसी काम का नही, और कोई उसे उपयोग करेगा भी नही। हम जो भी उपयोग करते हैं वो परीक्षण से ही गुजरा होता है, तभी हम उसका उपयोग करते हैं। हम स्वयं भी दुनिया मे परीक्षा के बाद ही आए हैं, यही सत्य है।दुनिया मे हम जो कुछ भी चमकता हुआ देख रहे हैं, वो परीक्षा से ही गुज़र के निकला है, राम, सुभाष, अंबेडकर, गांधी, पटेल सब परीक्षा से गुजरे हैं, और तभी वो हमारे आदर्श हैं। परीक्षा कोई भी हो सकती है ज्ञान की, जीवन की चुनौतियों की, जीवन के प्रति अपने अपने उद्देश्यों की समर्पणता आदि किसी के आदर्श आप तभी बन सकते हैं, जब आप परीक्षा मे खरे उतरे हों और तभी आपको याद किया जाएगा जो परीक्षा से गुजरा ही नहीं उसे कौन याद रखता है, तभी तो वो गुमनाम है।

ज़ाहिर है जब हम परीक्षा के बाद ही कोई वस्तु लेते हैं, और अपने काम के लिए जांचा परखा व्यक्ति ही चाहिए, तो ऐसे मे हम भी किसी के लिऐ तभी उपयोगी होंगे जब हम खुद परीक्षण से गुजरे होंगे। इसलिए परीक्षा से गुजरिए और अपने हुनर को तराशिए , तभी आप उपयोगी होंगे अपने लिए, और समाज के लिए भी ।

परीक्षा ना केवल आपके ज्ञान और कौशल को परीक्षण का मौका देती है, अपितु आपको अपनी क्षमताओं और कमियों से भी रुबरू कराती है, जिससे आप आगे की तैयारी और बेहतर तरीके से कर सकें। परीक्षा सिर्फ़ सवालों का जवाब भर नही है, बल्की ज़िम्मेदारीपूर्वक जवाब देने की कला को विकसित करना भी है, यहां गौरतलब है कि आप जितना बेहतर जवाब देंगे नंबर भी उतने बेहतर मिलेंगे।

परीक्षा का अविष्कार दशक 1800 के अंत मे एक अमेरिकी व्यवसाई हेनरी फिशेल नामक व्यक्ति ने किया था। चीन ने पहली परीक्षा आयोजित की और परीक्षा की अवधारणा को अपनाने वाला पहला देश बना। चीन की पहली परीक्षा की इंपीरियल परीक्षा के नाम से जाना जाता है।

दुनिया की सबसे कठिन परीक्षा है गाओकाओ , जिसका का अर्थ होता है सबसे कठिन परीक्षा है गाओकाओ परीक्षा चीन मे किसी यूनिवर्सिटी या कालेज मे एड्मिशन के लिए ये एकमात्र परीक्षा है । चीन मे गाओकाओ परीक्षा का आयोजन प्रत्येक वर्ष जून के महीने मे होता है।

अब सवाल ये है कि जब परीक्षा इतनी महत्वपूर्ण है, और परीक्षा से कोई नही बचा, जाने अनजाने आप इससे रूबरू होंगे ही, तो क्यों ना इसका सामना पूरी तैयारी के साथ किया जाए। परीक्षा से गुजरने मे सबसे बड़ी कमी जो रह जाती है, वो है तैयारी, यदि तैयारी मुकम्मल है तो परिणाम मायने नही रखता, क्योंकि मुकम्मल तैयारी से हम इतने सक्षम हो जाते हैं कि विपरीत परिणाम को भी हम अपने पक्ष मे कर सकें। अनुशासन और टाइम मैनेजमेंट ये दो परीक्षा की तैयारी के अचूक अस्त्र हैं। इसके दायरे मे जिसने अपने आपको कस लिया, फिर वो हार नही सकता,।

किसी भी परीक्षा की तैयारी के लिए, सबसे पहले अपनी क्षमताओं को पहचानना बहुत ज़रूरी है, और इसके बाद चाहे कोई विषय हो या समस्या उसे छोटे छोटे लक्ष्यों मे विभाजित करें और इस तरह छोटे छोटे लक्ष्यों पर विजय हासिल करते हुए बड़े लक्ष्य को प्राप्त करें । परीक्षा मे सफल कैसे हों, उसके सभी तरीके प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से साल भर और विद्यार्थी के विद्यालयीन वर्षों में यही सिखाया जाता है। टाईम टेबल का आशय यही है, थोड़ा, थोड़ा रोज़ पढ़ें और पढ़ने मे निरंतरता लाएं,। चार दिन पढ़ें फिर हफ्ते भर मौज करें, ऐसा ना करें, इससे आपके अध्ययन की लय टूटेगी, और फिर आप वहीं से शुरू करेंगे, और वहीं ङ्कवहीं उलझे रहेंगे।

और ज़रूरी नहीं आप पढ़ाई मे ही सफल हों, तभी आप सफल कहलाएंगे। सचिन, आइंस्टीन, लता, रफ़ी, तुलसीदास, कबीर इनके कोई सर्टिफिकेट नहीं थे , और थे भी तो कोई बहुत ज्यादा नही।पर अपने हुनर मे माहिर थे, उसमे पूरा सौ प्रतिशत देते थे, और इसीलिए आज वो अपने हुनर का खुद सर्टिफिकेट हैं।और इसीलिए उनका अपने अपने क्षेत्रों मे सम्मान से याद किया जाता है, और दूसरे उनके जैसे बनने की प्रेरणा लेते हैं।आपका जो हुनर है, लिखना, गाना, बजाना , खेलना , खाना बनाना, पेंटिंग आदि आदि जिसमे आपकी रुचि हो, उसे निखारिये, याद रहे अपना सौ प्रतिशत दीजिए, और अपनी कमजोरियों को पहचान कर दूर कीजिए ,साथ ही उस क्षेत्र के दूसरे प्रतिभागियों को भी समझिए , उनसे अलग अपनी रणनीति बनाइए , याद रखिए हमे किसी की नकल नही करनी है , आपको अपनी मौलिकता बनाए रखनी है, यही पहचान आपको दूसरों से अलग करेगी।फिर देखिए आप परीक्षा मे सफल कैसे नही होंगे।

परीक्षा हर दिन है, परीक्षा के प्रति समर्पण और लगन के साथ, अपने प्रयास पूरी ईमानदारी से करें, इसमे कोई लुकाछिपी ना करे, अन्यथा सफलता आपके साथ सारी जिन्दगी लुकाछिपी खेलती रहेगी। और आप यही कहते रहेंगे

एक कदम गलत उठा था,
सफलता आज तक पता ढूंढ रही है।

# राजनीतिक पुतले और गर्मी का मौसम

संतोष उत्सुक

राजनीतिक पार्टियां अपने कर्मठ कार्यकर्ताओं, बेरोजगार और विद्यार्थियों के सहयोग से एक दूसरे के नेताओं के पुतले अब कम फूंकती हैं। गर्मी के मौसम में काफी मुश्किल होती है। आजकल छोटे से छोटा नेता भी अपनी कुनीतियों की राजनीति बढ़िया ढंग से चमकाना चाहता है। वह इस काम को संजीदा स्टार्टअप की तरह लेता है। राजनीतिक स्टार्टअप के लिए तो कई व्यवसायी और अनुभवी बंदे इन्वेस्टर बनने को भी तैयार होते हैं। उन्हें पता होता है बंदा राजनीति में चल निकला तो देश की सेवा के साथ उनकी भी खूब सेवा करेगा। माफ़ करें बात कहीं और जा रही है, हमें बात पुतलों की करनी है।




यशस्वी नेता बताते हैं आजकल पुतले बड़े आकार के बनाए जा रहे हैं जिसकी सामग्री नेता के स्तर के हिसाब से रहती है। खास तौर पर पुतले का मुंह किसी बेरोजगार व्याव्सायिक कलाकार से नेता जैसा ही बनवाया जाता है ताकि नेता के समर्थक उन्हें बता दें और पुतला बनवाने वालों को गर्व महसूस हो। आम वोटरों के काम न करवाने वाले, वादा खिलाफी करते हुए गुंडागर्दी करने वाले छुटभइए नेताओं के पुतले जलाने का कार्यक्रम सामूहिक रूप से आयोजित तो किया जा सकता है लेकिन गर्मी के कारण विचार बदल कर पुतले को जूतों से पीटने का कार्यक्रम आयोजित करना ज़्यादा बेहतर है। ऐसा करने से पुतला पीटने वाले पर्यावरण प्रेमी भी कहला सकते हैं। इन कार्यक्रमों में संभावित मतदाताओं को भी बुलाया जा सकता है।

पुतले को अपने महंगे जूतों से ठोकर मारकर या हॉकी की स्टिक से पीटकर अपनी व्यक्तिगत खुनूस भी निकाली जा सकती है। पुतले बनाने के लिए पुराने जूते चप्पलें, फटे कपडे, कूड़े कचरे का इस्तेमाल भी किया जा सकता है। इस आयोजन का शुभारंभ, पार्टी के ऐसे नेता कर सकते हैं जिन्हें कभी उदघाटन का अवसर नहीं मिला। छोटे स्तर के नेताओं के पुतले पीटने शुरू किए जाएं तो उन्हें अपने राजनीतिक कैरियर में शीघ्र पहचान मिलने के अवसर बढ़ सकते हैं। सच पूछिए तो वे पुतला पीटने के आयोजन को प्रायोजित भी कर सकते हैं। ठंडे पानी, लस्सी, छाछ या तरबूज वितरण का आयोजन भी हो सकता है जो वोटरों व राजनीतिक कार्यकर्ताओं की संख्या में बढ़ोतरी करवा सकता है।

गर्मी के जला देने वाले मौसम को ध्यान में रखकर छोटा स्टार्टअप शुरू किया जा सकता है जिसका विज्ञापन कुछ ऐसा हो सकता है। 'नेताओं के पुराने लेकिन महंगे जूतों और कपड़ों से बनाए बेहतरीन कवालिटी के पुतले चौबीस घंटे तैयार मिलते हैं। पीटने के लिए ठंडे पानी में डुबोए जूते व पहनाने के लिए फटी पुरानी लेकिन सुगंधित चप्पलों की मालाएं उपलब्ध हैं। पुतलों के साथ टोपी मुफ्त दी जाती है। दो पुतले एक साथ लेने पर दस प्रतिशत और चुनाव के दौरान खरीदने पर तेतीस प्रतिशत की छूट का लाभ उठा सकते हैं।

# जज वर्मा मामले से जजों की नियुक्ति में केंद्र को मिला मौका

योगेंद्र योगी

दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से कथित तौर पर मिले लाखों रुपए के बाद हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति और तबादलों में केंद्र सरकार को हस्तक्षेप करने का मौका मिल गया है। केंद्र सरकार ने संसद में कॉलेजियम व्यवस्था के स्थान पर राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग का कानून पारित किया था। इस कानून के एक विवादास्पद प्रावधानों में राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग में भारत के प्रधान न्यायाधीश और सुप्रीम कोर्ट के दो वरिष्ठतम जजों और केन्द्रीय कानून मंत्री के अलावा दो जानी मानी हस्तियों को शामिल करने की व्यवस्था थी। वर्ष 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग कानून-एनजेएसी को असंवैधानिक ठहराते हुए रद्द कर दिया था।

जस्टिस वर्मा नोट प्रकरण के बाद न्यायिक नियुक्ति आयोग फिर से लागू करने की संभावना के बाद सुप्रीम कोर्ट में जजों की नियुक्ति में केंद्र सरकार के हस्तक्षेप की उम्मीद फिर से पैदा हो गई है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राज्यसभा में राजनीतिक दलों से कहा कि उन्हें जजों की तरफ से जजों की नियुक्ति की व्यवस्था को समाप्त करने के लिए एक तंत्र के बारे में सोचना चाहिए। धनखड़ ने कानून को रद्द करने के शीर्ष अदालत के फैसले को गलत बताया। उन्होंने वर्ष 2014 में सर्वसम्मति से बनाए गए राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग अधिनियम को दूरदर्शी कदम बताया। इसका उद्देश्य एससी और एचसी के न्यायाधीशों की नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के एकाधिकार को समाप्त करना था। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खडगे और टीएमसी के सुखेंदु शेखर रॉय सहित विपक्षी नेताओं ने सरकार से उन कदमों की रूपरेखा तैयार करने को कहा है जो वह उठाना चाहती है।

जज कैशकांड के बाद सुप्रीम कोर्ट की फजीहत दो कारणों से हो रही है। न्यायिक नियुक्ति आयोग को रद्द करने और जस्टिस वर्मा का तबादला इलाहाबाद हाईकोर्ट में करने से। आयोग को रद्द करने पर उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति धनखड़ द्वारा राजनीतिक दलों की बैठक के दौरान सुप्रीम कोर्ट के न्यायिक आयोग को निरस्त करने के फैसले की तीखी भर्त्सना की गई। दूसरी तरफ इलाहाबाद हाइकोर्ट बार एसोसिएशन ने जस्टिस यशवंत वर्मा के तबादले का विरोध किया है। एसोसिएशन ने हड़ताल के अलावा जस्टिस वर्मा की कोर्ट के बहिष्कार की चेतावनी दी है। जस्टिस वर्मा प्रकरण के बाद सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम द्वारा हाईकोर्ट के जजों की नियुक्ति प्रक्रिया पर फिर से उंगलियां उठने लगी हैं। न्यायपालिका में जजों की नियुक्ति में पारदर्शिता नहीं होने और इनमें परिवारवाद को वरीयता दिए जाने को अंकल जज सिंड्रोम कहते हैं। जब जज बनाने के लिए अधिवक्ताओं के नाम प्रस्तावित किए जाते हैं तो किसी भी स्तर पर किसी से कोई राय नहीं ली जाती। ऐसे में जिन लोगों का नाम प्रस्तावित किया जाता है, उनमें से कई पूर्व न्यायाधीशों के परिवार से होते हैं या उनके संबंधी होते हैं। भारतीय विधि आयोग ने अपनी 230वीं रिपोर्ट में उच्च न्यायालयों में अंकल जजों की नियुक्ति के मामले का उल्लेख किया है, जिसमें कहा गया है कि जिन जजों के परिजन किसी उच्च न्यायालय में वकालत कर रहे हैं, उन्हें उसी उच्च न्यायालय में नियुक्त नहीं किया जाना चाहिए। विवादों में घिरे जस्टिस वर्मा का अकेला मामला नहीं है, जिससे सुप्रीम कोर्ट के समक्ष परेशानी खड़ी हुई है। पूर्व में हाईकोर्ट के जजों खिलाफ इस तरह के मामले सामने आते रहे हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस शेखर कुमार यादव पिछले दिनों विश्व हिंदू परिषद के कार्यक्रम में बयानबाजी को लेकर चर्चा में रहे। सुप्रीम कोर्ट ने उनके बयान को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट से पूरी जानकारी मांगी वहीं, संसद में उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की मांग ने जोर पकड़ा। जस्टिस वी. रामास्वामी पहले न्यायाधीश थे जिनके खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही शुरू की गई थी। उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव 1993 में लोकसभा में लाया गया था। लेकिन यह प्रस्ताव गिर गया था क्योंकि उसे जरूरी दो-तिहाई बहुमत हासिल नहीं हो सका। जस्टिस रामास्वामी 1990 में पंजाब और हरियाणा के मुख्य न्यायाधीश थे तब उन पर आधिकारिक तौर पर अलॉट किए गए घर पर कब्जा किए जाने का आरोप लगा था।



कलकत्ता हाईकोर्ट के जस्टिस सौमित्र सेन देश के दूसरे जज थे जिन्हें महाभियोग का सामना करना पड़ा था। उनके खिलाफ 2011 में राज्य सभा द्वारा महाभियोग प्रस्ताव लाया गया था। जस्टिस सौमित्र सेन ने महाभियोग चलाए जाने के बाद तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा देवी पाटिल को अपना इस्तीफा भेज दिया था। वह पहले ऐसे न्यायाधीश थे जिन पर उच्च सदन द्वारा कदाचार के लिए महाभियोग का प्रस्ताव लाया गया था। वर्ष 2015 में राज्यसभा के 58 सदस्यों ने गुजरात हाईकोर्ट के जस्टिस जे.बी. पारदीवाला के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पेश किया था। जेबी पारदीवाला ने आरक्षण के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। सांसदों ने अपने प्रस्ताव में अनुसूचित जाति और जनजाति के खिलाफ उनके अपशब्द कहे जाने पर आपत्ति जताई थी। उस समय उपराष्ट्रपति रहे हामिद अंसारी के पास महाभियोग का प्रस्ताव भेजे जाने के बाद जस्टिस पारदीवाला ने अपने फैसले से वह शब्द हटा लिए थे। भ्रष्टाचार और पद के दुरुपयोग के आरोपों पर सिक्किम हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पी.डी. दिनाकरन के खिलाफ महाभियोग लाने की तैयारी की गई थी। लेकिन सुनवाई के कुछ दिनों पहले ही दिनाकरन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। दिनाकरन पर जमीन पर कब्जा करने और आय से अधिक संपत्ति के मामले थे। इसके अलावा 2017 में राज्यसभा सांसदों ने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना हाईकोर्ट के जस्टिस सी.वी. नागार्जुन रेड्डी के खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही शुरू करने के लिए एक प्रस्ताव पेश किया गया था। मार्च 2018 में विपक्षी दलों ने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए एक मसौदा प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए थे। उन पर विपक्षी दलों ने दुर्व्यवहार का आरोप लगाया, लेकिन राज्यसभा के तत्कालीन सभापति ने उसे खारिज कर दिया था। इसके अलावा मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के जस्टिस एस.के. गंगले के खिलाफ भी महाभियोग की कार्यवाही की प्रक्रिया शुरू हुई थी, लेकिन पूरी नहीं हो पायी।

स्वतंत्र भारत के इतिहास में आज तक एक भी जज के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। अर्थात किसी भी जज को महाभियोग के जरिए नहीं हटाया गया है। दरअसल हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जजों की नियुक्ति के बाद गंभीर किस्म के आरोपों के बाद किसी भी जज को हटाया जाना आसान नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के पास सिर्फ हाईकोर्ट के जजों की तबादले की शक्ति है। हटाने का काम संसद का है। संसद में राजनीतिक दल भी ऐसे मुद्दों पर बंटे नजर आते हैं। जस्टिस वर्मा प्रकरण के बाद न्यायिक नियुक्ति आयोग को बहाल करने की मांग बेशक की जा रही हो, किन्तु जजों के खिलाफ भ्रष्टाचार और कदाचार के मामलों में महाभियोग के पारित नहीं होने के लिए राजनीतिक दल ही जिम्मेदार हैं। राजनीतिक दलों के अपने-अपने स्वार्थ निहित हैं। वर्मा प्रकरण की आड़ में केंद्र सरकार जजों की नियुक्ति-तबादले में अपनी हिस्सेदारी चाहती है। ऐसा नहीं है कि जजों की नियुक्ति में लगे भाई-भतीजावाद के आरोप सिर्फ सुप्रीम कोर्ट पर ही लगे हों, यदि राजनीतिक दलों को आयोग की बहाली के बाद ऐसा करने का मौका मिल गया तो वे उससे दो कदम आगे जाएंगे। इसके बाद न्यायिक शुचिता का अभी जो हाल है, उसे और भी ज्यादा खराब होने से कोई रोक नहीं सकता।

# डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ वार की चपेट में पाकिस्तान और बांग्लादेश

## तबाह हो सकता है कपड़ा उद्योग, गर्त में जाएगी अर्थव्यवस्था!



इस्लामाबाद

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रेसिप्रोकल टैरिफ की घोषणा कर दी है। उन्होंने भारत, चीन, पाकिस्तान समेत कई एशियाई देशों पर टैरिफ बढ़ा दिया है। ट्रंप ने भारत पर 26% टैरिफ लगाने की घोषणा की है तो पाकिस्तान पर 29 फीसदी टैरिफ लगाया है। बांग्लादेश पर ट्रंप ने 37 फीसदी टैरिफ लगाया है। डोनाल्ड ट्रंप के फैसले ने पाकिस्तान और बांग्लादेश के बाजार में हलचल पैदा की है। पाकिस्तान पर इसका सीधा होगा क्योंकि इस्लामाबाद अमेरिका का एक बड़ा व्यापारिक साझेदार है। ट्रंप के फैसले से पाकिस्तान के साथ-साथ बांग्लादेश के कपड़ा उद्योग पर भी संकट हो सकता है।

पाक की पूर्व राजदूत मलीहा लोधी ने कहा है कि पाकिस्तान का एक बड़ा व्यापारिक साझेदार अमेरिका है। पाकिस्तान का कपड़ा उद्योग ज्यादातर माल अमेरिका को बेचता है। ऐसे में पाक का कपड़ा उद्योग इससे प्रभावित होगा। लोधी ने कहा कि पाकिस्तान को यह देखना होगा कि वह कैसे नई स्थिति से तालमेल बिठाता है। पाकिस्तान को इससे पार पाने के लिए ज्यादा बाजार तलाशने होंगे और अपने निर्यात को और प्रतिस्पर्धी बनाना होगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने बांग्लादेशी उत्पादों पर टैरिफ 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 37 प्रतिशत कर दिया है। इससे अमेरिकी बाजार में बांग्लादेश के रेडीमेड गारमेंट के निर्यात पर बुरा असर पड़ सकता है। दक्षिण एशियाई देशों के साथ वॉशिंगटन के संबंधों के विशेषज्ञ माइकल कुगेलमैन ने कहा है कि ट्रंप के फैसले से कपड़ा बाजार प्रभावित होगा, जो पाकिस्तान और बांग्लादेश के लिए मुख्य निर्यात है। कुगेलमैन ने कहा कि भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका की मुश्किल ट्रंप के फैसले से बढ़ेगी क्योंकि ये चारों देश पहले से ही आर्थिक तनाव से जूझ रहे हैं।

डोनाल्ड ट्रंप के फैसले का असर शेयर बाजार पर भी देखने को मिला है। गुरुवार को एशिया में इस खबर के आने के बाद बीजिंग और टोक्यो के शेयर बाजार कई महीनों के निचले स्तर पर आ गए। अमेरिका ने अपने करीबी दोस्तों को भी नहीं छोड़ा है। ट्रंप ने यूरोपीय संघ पर 20% और जापान पर 24% टैक्स लगाया गया है। टोक्यो ने इस अफसोसनाक कहा है।

डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि पारस्परिक टैक्स अमेरिका के सामानों पर लगाए गए टैक्सों और दूसरी बाधाओं का जवाब है। उन्होंने कहा कि नए टैक्स से देश में मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में नौकरियां बढ़ेंगी। ट्रंप ने कहा कि कई दशकों से हमारे देश को लूटा गया और ये दोस्त और दुश्मन दोनों ने किया। अब हम इसका जवाब दे रहे हैं। दूसरी ओर अर्थशास्त्रियों ने चेतावनी दी है कि टैक्स से वैश्विक अर्थव्यवस्था धीमी होगी और मंदी का खतरा बढ़ सकता है।

## ट्रंप को चीनियों से रोमांस भी नहीं मंजूर



**वॉशिंगटन।** अमेरिका की डोनाल्ड ट्रंप सरकार चीन से इतना घबराई है कि अब वह अपने अधिकारियों के चीनी लोगों से प्यार पर भी पहरा लगा रही है। अमेरिका को अब चीन में तैनात अपने कर्मचारियों का चीनी नागरिकों से रिश्ता मंजूर नहीं है। इसके लिए बकायदा आदेश जारी किया गया है। अमेरिकी सरकार ने चीन में अमेरिकी सरकारी कर्मचारियों, साथ ही परिवार के सदस्यों और सुरक्षा मंजूरी प्राप्त ठेकेदारों पर चीनी नागरिकों के साथ किसी भी प्रकार का रोमांटिक या यौन रिश्ता रखने पर प्रतिबंध लगा दिया है। 'एसोसिएटेड प्रेस' (एपी) को इस बारे में जानकारी मिली है। मामले से अवगत चार लोगों ने नाम नहीं जाहिर करने की शर्त पर एपी को इस नीति के बारे में बताया जिसे जनवरी में अमेरिकी राजदूत निकोलस बर्न्स ने चीन छोड़ने से कुछ समय पहले लागू किया था। कुछ अमेरिकी एजेंसियों ने पहले से ही ऐसे रिश्तों को लेकर सख्त नियम लगा रखे हैं। हालांकि, अन्य देशों में अमेरिकी राजनयिकों के लिए स्थानीय लोगों के साथ 'डेटिंग' करना और उनसे शादी तक करना भी असामान्य नहीं है। पिछले साल गर्मियों में इस नीति को सीमित रूप में लागू किया गया था, जिसके तहत अमेरिकी कर्मियों को चीन में अमेरिकी दूतावास और पांच वाणिज्य दूतावासों में गार्ड एवं अन्य सहायक कर्मचारियों के रूप में काम करने वाले चीनी नागरिकों के साथ %रोमांटिक और यौन रिश्ता% रखने पर रोक लगा दी गई थी। प्रतिबंध से अवगत दो लोगों ने 'एपी' को बताया कि नई नीति पर पहली बार पिछली गर्मियों में चर्चा हुई थी। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी संबंधी प्रतिनिधि सभा की चयन समिति ने टिप्पणी के अनुरोध का जवाब नहीं दिया। नई नीति के दायरे में मुख्य भूमि चीन में अमेरिकी मिशनों को शामिल किया गया है, जिसमें बीजिंग में दूतावास और गुआंगझू, शंघाई, शेनयांग और वुहान में वाणिज्य दूतावास के साथ हांगकांग के अर्द्ध-स्वायत्त क्षेत्र में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास शामिल हैं। यह चीन के बाहर तैनात अमेरिकी कर्मियों पर लागू नहीं है।

## अमेरिका के पारस्परिक टैरिफ विश्व व्यापार संगठन के नियमों के अनुरूप नहीं हैं : जापान

**टोक्यो, (वार्ता)।** जापान के मुख्य कैबिनेट मंत्री योशिमासा हैयाशी ने गुरुवार को अमेरिका के आपसी शुल्क लगाने के निर्णय पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने इस निर्णय पर सवाल करते हुए कहा कि क्या यह विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों और बाइलेट्रल व्यापार समझौते के अनुरूप है। श्री हैयाशी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि टोक्यो ने वाशिंगटन से जापानी उत्पादों पर 24 प्रतिशत का शुल्क लगाने के फैसले को वापस लेने की कड़ी मांग की है, जो कि आपसी शुल्क के हिस्से के रूप में लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी प्रशासन की यह शुल्क योजना वैश्विक अर्थव्यवस्था और बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली पर 'बड़ा नकारात्मक प्रभाव' डाल सकती है। जापान के आर्थिक, व्यापार एवं उद्योग मंत्री योजी मूटो ने कहा कि उन्होंने यूएस कॉमर्स सचिव हॉवर्ड लुटनिक से आज दिन में एक ऑनलाइन बैठक के दौरान कहा कि यह नया शुल्क निर्णय अफसोसजनक है और इससे कंपनियों के लिए अमेरिकी बाजार में निवेश करना कठिन हो जाएगा, साथ ही यह अमेरिकी अर्थव्यवस्था को भी नुकसान पहुंचाएगा। श्री मूटो ने कहा कि टोक्यो अमेरिकी शुल्कों से छूट प्राप्त करने के लिए अपनी मांग जारी रखेगा।

## मेलोनी ने ईयू पर टैरिफ लगाने के अमेरिकी फैसले की आलोचना की

**रोम, (वार्ता)।** इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने बुधवार रात को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के यूरोपीय संघ पर टैरिफ लगाने के फैसले की आलोचना की और कहा कि यह एक गलती है जिससे किसी को कोई लाभ नहीं होगा।सुश्री मेलोनी ने कहा कि इटली अमेरिका के साथ एक समझौता करने के लिए काम करेगा ताकि एक व्यापार युद्ध से बचा जा सके, जो पश्चिमी देशों को कमजोर और अन्य वैश्विक खिलाड़ियों को मजबूत कर सकता है। उन्होंने कहा, हम जो भी कर सकते हैं, करेंगे ताकि अमेरिका के साथ एक समझौता किया जा सके और व्यापार युद्ध से बचा जा सके, जो स्वाभाविक रूप से पश्चिम को कमजोर और अन्य वैश्विक शक्तियों को मजबूत करेगा। सुश्री मेलोनी ने कहा, हमेशा की तरह, हम इटली और उसकी अर्थव्यवस्था के हित में काम करेंगे, साथ ही अपने यूरोपीय भागीदारों के साथ समन्वय भी करेंगे।

## ब्राजील ने अमेरिका के नए आयात शुल्कों के बीच व्यापार पारस्परिकता विधेयक पारित किया

**ब्रासीलिया (वार्ता)।** ब्राजील कांग्रेस ने बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा के देश के आयातों पर नए 10 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा के कुछ घंटों बाद ही व्यापार पारस्परिकता विधेयक पारित किया। यह विधेयक सरकार को विदेशी प्रतिबंधों के खिलाफ पारस्परिक व्यापार और पर्यावरण उपाय लागू करने की अनुमति देता है। सीनेट से मंजूरी मिलने के एक दिन बाद चैंबर ऑफ डेप्युटीज में स्वीकृत इस विधेयक को अब राष्ट्रपति के अनुमोदन का इंतजार है। इसे राजनीतिक स्पेक्ट्रम के सांसदों के समर्थन से दोनों सदनों में तेजी से पारित किया गया। अंतिम संस्करण सरकार को किसी भी देश या आर्थिक समूह पर प्रतिक्रिया करने के लिए अधिकृत करता है जो ब्राजील के निर्यात या कृषि और उद्योगों में वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता के लिए हानिकारक माने जाने वाले व्यापार या पर्यावरणीय उपाय लागू करता है। नए कानून के तहत ब्राजील के विदेश व्यापार चैंबर को व्यापार प्रतिबंध, रियायतों का निलंबन या निवेश और बौद्धिक संपदा समझौतों के तहत दायित्वों की समीक्षा जैसे प्रतिवाद लागू करने का अधिकार होगा। यह बदलाव विदेशों में बढ़ती संरक्षणवादी नीतियों विशेष रूप से अमेरिका की ओर से ब्रासीलिया के सख्त रुख का संकेत देता है जिसने पारस्परिक व्यापार के बैनर तले प्रमुख आयातों पर शुल्क बढ़ाने का कदम उठाया है। ब्राजील के विदेश मंत्रालय ने श्री ट्रम्प की नवीनतम घोषणा के तुरंत बाद इस कदम की निंदा करते हुए एक कड़े शब्दों वाला बयान जारी किया जिसमें कहा गया कि टैरिफ विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के तहत वाशिंगटन के दायित्वों का उल्लंघन करते हैं।

## बंगाल की खाड़ी में सबसे लंबी कोस्टल लाइन हमारी जयशंकर ने थाईलैंड में मोहम्मद यूनुस को दिखाया आईना




नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर इस समय बीआईएमएसटीईसी में हिस्सा लेने के लिए थाईलैंड में हैं। इस दौरान जयशंकर ने राजधानी बैंकॉक में बांग्लादेश सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के पूर्वोत्तर को भारत से जोड़ने वाले चिकन नेक वाले बयान और खुद को इस क्षेत्र के समंदर का एकमात्र गार्जियन बताने पर मुंहतोड़ जवाब दिया है। जयशंकर ने बांग्लादेश के मोहम्मद यूनुस को आईना दिखाते हुए कहा कि भारत बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिए बीआईएमएसटीईसी के संबंध में अपनी जिम्मेदारी से अवगत है। बंगाल की खाड़ी में भारत की सबसे लंबी तटरेखा भी है, जो लगभग 6500 किलोमीटर है। उन्होंने कहा कि हमारे पास बंगाल की खाड़ी में लगभग 6500 किलोमीटर की सबसे लंबी तटरेखा है। हमारा पूर्वोत्तर क्षेत्र सड़कों, रेलवे, जलमार्ग, ग्रिड और पाइपलाइनों के नेटवर्क के साथ बिम्सटेक के लिए कनेक्टिविटी केंद्र के रूप में उभर रहा है। इसके अलावा त्रिपक्षीय राजमार्ग का पूरा होना भारत के उत्तर पूर्व को प्रशांत महासागर तक जोड़ देगा, जो एक वास्तविक गेम-चेंजर है। हम इस बात के प्रति सचेत हैं कि इस बड़े भूगोल में वस्तुओं, सेवाओं और लोगों के सुचारू प्रवाह के लिए हमारा सहयोग और सुविधा एक आवश्यक शर्त है। इस भूरणनीतिक कारक को ध्यान में रखते हुए हमने पिछले दशक में बीआईएमएसटीईसी को मजबूत करने के लिए बढ़ती ऊर्जा और ध्यान समर्पित किया है। चीन दौरे पर गए बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने चीन की धरती पर कहा था कि इस क्षेत्र के समंदर का एक मात्र गार्जियन ढाका है। चीन को अपने देश में निवेश करने का न्योता देते हुए यूनुस ने कथित तौर पर भारत की मजबूरियां गिनाई थी और चीन को लुभाते हुए कहा था कि उसके पास बांग्लादेश में बिजनेस का बड़ा मौका है। मोहम्मद यूनुस ने कहा था कि सेवन सिस्टर्स चारों ओर से भूमि से घिरे हुए देश हैं, भारत का लैंड लॉक्ड क्षेत्र हैं।

## राज्यसभा की पवित्रता की रक्षा का संकल्प लें : धनखड़

नयी दिल्ली (वार्ता)



उप राष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने राज्य सभा दिवस के अवसर पर गुरुवार को सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुये इस प्रतिष्ठित सभा की पवित्रता की रक्षा करने और महान राष्ट्र भारत की लोकतांत्रिक नींव को मजबूत करने के लिए दृढ़ संकल्पित रहने की अपील की। श्री धनखड़ ने आज सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होते ही राज्यसभा दिवस पर सदस्यों को शुभकामनायें दी और कहा कि

राज्यों की परिषद, हमारी सम्मानित राज्य सभा, हमारे संसदीय लोकतंत्र के प्रतिष्ठित ऊपरी सदन - बुजुर्गों के सदन के रूप में प्रतिष्ठित है। उन्होंने कहा कि भारत की संघीय वास्तुकला की सर्वोत्कृष्ट इमारत के रूप में, यह आदरणीय संस्था व्यापक प्रतिनिधित्व, शासन में संतुलन और चिंतनशील बुद्धिमत्ता को सुनिश्चित करती है। राज्य सभा एक प्रतिष्ठित मंच के रूप में बनी हुई है जहाँ प्रांतीय दृष्टिकोण और विशिष्ट विशेषज्ञता हमारे राष्ट्र को समृद्ध करने के लिए एकत्रित होती है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 250वें सत्र के दौरान कहा था, यद्यपि राज्य सभा को दूसरा सदन कहा जा सकता है, फिर भी इसका महत्व सर्वोपरि है। संसद हमारे ध्रुव की तरह खड़ी है - हमारा अटल ध्रुव तारा - जो राष्ट्र की सबसे कठिन चुनौतियों के दौरान आगे का मार्ग प्रशस्त करता है, तथा अशांत समय में मार्गदर्शन की किरण के रूप में कार्य करता है। श्री धनखड़ ने कहा, यह स्मरणीय अवसर हमें इस शानदार संस्था की विशेषताओं को संरक्षित करने के लिए खुद को नए सिरे से समर्पित करने के लिए प्रेरित करता है, जो लोकसभा के विपरीत अपनी चिरस्थायी निरंतरता को बनाए रखती है। इस संस्था की गंभीरता तथा इसके प्रतिष्ठित सदस्यों की विद्वता सर्वोपरि महत्व रखती है। मैं माननीय सदस्यों से उत्कृष्टता, अटूट समर्पण, दृढ़ प्रतिबद्धता, गहन विद्वता तथा बौद्धिक चिंतन और ज्ञान को प्रेरित करने वाले भाषण के माध्यम से उत्कृष्ट आचरण का उदाहरण प्रस्तुत करने का आग्रह करता हूँ। यह अनुकरणीय मानक नागरिकों के लिए तत्काल प्रकट होना चाहिए, क्योंकि राज्य सभा को हमारे गणतंत्र में विधायी निकायों के लिए आदर्श आदर्श के रूप में कार्य करना चाहिए।

## केन्द्र सरकार मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए अल्पसंख्यकों को निशाने पर लेने वाले बनाती है कानून : गहलोत

**जयपुर (वार्ता)।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने कहा है कि ऐसा लगता है कि केंद्र सरकार महंगाई, बेरोजगारी, शेयर मार्केट में चल रही गिरावट, रुपये के अवमूल्यन जैसे जरूरी मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए बार-बार अल्पसंख्यक वर्ग को निशाने पर लेने वाले कानून बनाती है।श्री गहलोत ने श वक्फ संशोधन बिल पर अपनी प्रतिक्रिया में गुरुवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि

पूर्व में सीएए के दौरान भी ऐसा देखा गया क्योंकि कानून 2020 में ही बना दिया पर इसके नियम 2024 में बनाए गए थे परन्तु इसका राजनीतिक लाभ बार-बार इस मुद्दे को उछाला गया और पूरे देश में तनाव पैदा किया गया।उन्होंने कहा कि वक्फ को लेकर बनाया गया कानून भी इसी का हिस्सा है। वक्फ को लेकर किसी नए कानून की आवश्यकता नहीं थी पर बहुसंख्यक वर्ग का जरूरी विषयों से ध्यान हटाने एवं अल्पसंख्यक वर्ग में भय पैदा करने तथा दोनों वर्गों के बीच तनाव पैदा करने के लिए यह कानून बनाया गया है।

## 200 एयरस्ट्राइक के बाद भी पीछे नहीं हटे हूती

सना

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में कहा था कि हूतियों पर हमले तब बंद होंगे, जब वे लाल सागर में जहाजों को निशाना बनाना बंद कर देंगे। लेकिन ऐसा लगता है कि हूतियों को अमेरिकी हमलों का कोई डर नहीं है। अमेरिकी सेना यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर बीते 15 मार्च से लगातार हवाई हमले कर रही है, लेकिन दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी हूतियों ने झुकने के कोई संकेत नहीं दिए हैं। अमेरिकी हमले शुरू होने के दो सप्ताह से अधिक समय बाद हूतियों ने दावा किया है कि उन्होंने लाल सागर में अमेरिकी युद्धपोतों पर अपने हमले जारी रखे हैं। अमेरिकी धमकी पर अमल करने के बजाय हूतियों ने इजरायल पर अपने हमले बढ़ा दिए हैं और दर्जनों बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं। हूती रुकने के कोई संकेत नहीं दे रहे हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि उनके पास बहुत बड़ा शस्त्रागार नहीं है और वे अमेरिकी युद्धपोतों को नुकसान पहुंचाने में सक्षम नहीं दिखते हैं। इजरायल पर दागी गई उनकी गई मिसाइलों को रोक दिया गया है।

हूतियों को अमेरिकी बमबारी अभियान से बचने के लिए कुछ करने की जरूरत नहीं है। हवाई शक्ति जंग जीतने के लिए हमेशा कारगर नहीं होती है। हूती गुफाओं और बंकरों में छिप सकते हैं। इसलिए यह साफ नहीं है कि उन्हें कैसे हराया जाएगा। इसके पहले हूतियों ने 2015 से 2022 के बीच सऊदी अरब से सफलतापूर्वक लड़ाई लड़ी है। यह दिखाता है कि ईरान समर्थित हूतियों को काबू करना आसान नहीं है। 3 अप्रैल को ईरान की सरकारी मीडिया ने बताया कि हूतियों ने कहा कि उन्होंने क्रूज मिसाइलों और ड्रोन का उपयोग करके लाल सागर में अमेरिकी युद्धपोतों पर बड़े पैमाने पर हमला किया है, जिसमें विमानवाहक पोत यूएसएस हैरी एस ट्रूमैन भी शामिल है। हूतियों ने इसे अमेरिकी हमले का जवाब बताया है। इस बीच हूतियों ने बताया कि बुधवार को संदिग्ध अमेरिकी हवाई हमले में कम से कम छह लोग मारे गए। हूती विद्रोहियों की ओर से मृतकों के संबंध में जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल के दौरान यमन में विद्रोहियों को निशाना बनाते हुए किए गए हमलों की संख्या में वृद्धि हुई है और इन हमलों में कम से कम 67 लोग मारे गए हैं।

## म्यांमार में भूकंप के तीव्र झटके से व्यापक विनाश

**यांगून, (वार्ता)।** म्यांमार में शुक्रवार को आए शक्तिशाली भूकंप से दो अप्रैल तक व्यापक विनाश हुआ है। सरकारी दैनिक म्यांमार एलिन ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट में बताया कि घरों, कार्यालयों, स्कूलों, धार्मिक स्थलों, अस्पतालों और कृषि भूमि को नुकसान पहुंचा है।रिपोर्ट के मुताबिक, कुल 21,783 घर, 805 कार्यालय भवन, 115 कर्मचारी आवास इकाइयां, 1,041 स्कूल भवन, 921 मठ और नन आवास, 1,690 पगोडा, 312 अन्य धार्मिक संरचनाएं, 48 अस्पताल और क्लीनिक तथा 45 एकड़ फसलें प्रभावित हुई हैं। देश की राज्य प्रशासन परिषद के अनुसार म्यांमार की सरकार भूकंप राहत और पुनर्वास प्रयासों के लिए 500 अरब क्यात आवंटित करेगी।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**

## 63 वर्ष की हुयी जया प्रदा



जया प्रदा आज 63 वर्ष की हो गयी। जया प्रदा का मूल नाम ललिता रानी है उनका जन्म आंध्र प्रदेश के एक छोटे से गांव राजमुंदरी में 03 अप्रेल 1962 को एक मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ। उनके पिता कृष्णा तेलूगु फिल्मों के वितरक थे। बचपन से ही जयाप्रदा का रूझान नृत्य की ओर था। उनकी मां नीलावनी ने नृत्य के प्रति उनके बढ़ते रूझान को देख लिया और उन्हें नृत्य सीखने के लिए दाखिला दिला दिया। चौदह वर्ष की उम्र में जयाप्रदा को अपने स्कूल में नृत्य कार्यक्रम पेश करने का मौका मिला। जिसे देखकर एक फिल्म निर्देशक उनसे काफी प्रभावित हुए और अपनी फिल्म भूमिकोसम में उनसे नृत्य करने की पेशकश की लेकिन उन्होंने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। बाद में अपने माता-पिता के जोर देने पर जयाप्रदा ने फिल्म में नृत्य करना स्वीकार कर लिया।इस फिल्म के लिए जयाप्रदा को पारश्रमिक के रूप में महज 10 रुपए प्राप्त हुए लेकिन उनके तीन मिनट के नृत्य को देखकर दक्षिण भारत के कई फिल्म निर्माता -निर्देशक काफी प्रभावित हुये और उनसे अपनी फिल्मों में काम करने की पेशकश की जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। वर्ष 1976 जयाप्रदा के सिने कैरियर का महत्वपूर्ण वर्ष साबित हुआ। इस वर्ष उन्होंने के. बालचंद्रन की अंथुलेनी कथा के. विश्वनाथ की श्री श्री मुभा और वृहत पैमाने पर बनी एक धार्मिक फिल्म सीता कल्याणम में सीता की भूमिका निभाई। इन फिल्मों की सफलता के बाद जयाप्रदा दक्षिण भारत में अभिनेत्री के रूप में अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गई।वर्ष 1977 में जयाप्रदा के सिने कैरियर की एक और महत्वपूर्ण फिल्म आदावी रामाडु प्रदर्शित हुयी। जिसने टिकट खिड़की पर नए कीर्तिमान स्थापित किए। इस फिल्म में उन्होंने अभिनेता एन.टी. रामाराव के साथ काम किया और शोहरत की बुलंदियों पर जा पहुंचीं। वर्ष 1979 में के. विश्वनाथ की श्री श्री मुवा की हिंदी में रिमेक फिल्म सरगम के जरिये जयाप्रदा ने हिंदी फिल्म जगत में भी कदम रखा। इस फिल्म की सफलता के बाद वह रातों रात हिंदी सिनेमा जगत में अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गई और अपने दमदार अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार से नामांकित भी की गई।सरगम की सफलता के बाद जयाप्रदा ने लोक परलोक, टक्कर, टैक्सी ड्राइवर और प्यारा तराना जैसी कई दोयम दर्जे की फिल्मों में काम किया लेकिन इनमें से कोई फिल्म टिकट खिड़की पर सफल नहीं हुयी। इस बीच जयाप्रदा ने दक्षिण भारतीय फिल्मों में काम करना जारी रखा।



## डांस के साथ एक्टिंग और निर्देशन में भी माहिर हैं प्रभु देवा, कहे जाते हैं इंडिया के माइकल जैक्सन

भारतीय सिनेमा के डांस के जादूगर कहे जाने वाले प्रभु देवा आज यानी की 03 अप्रैल को अपना 52वां जन्मदिन मना रहे हैं। उन्होंने अपनी बहुमुखी प्रतिभा से हर किसी को हैरान कर दिया है। प्रभु देवा को डांस में महारत हासिल है, इसके अलावा वह शानदार अभिनेता और कुशल निर्देशक हैं। उन्होंने साउथ से लेकर बॉलीवुड तक अपनी कला से दर्शकों का दिल जीता है। प्रभु देवा के अनोखे डांस मूव्स ने उनको देशभर में मशहूर कर दिया है। तो आइए जानते हैं उनके जन्मदिन के मौके पर प्रभु देवा के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में... मैसूर में 03 अप्रैल 1973 को प्रभु देवा का जन्म हुआ था। वह एक बेहतरीन डांसर हैं। प्रभु देवा के पिता भी शानदार डांसर थे और वह साउथ इंडस्ट्री में डांस मास्टर के रूप में काम करते थे। प्रभु देवा की डांस प्रतिभा को देखते हुए उनके पिता ने उनको भरतनाट्यम के साथ वेस्टर्न डांस की भी शिक्षा दिलाई थी। बता दें कि न सिर्फ डांसिंग बल्कि निर्देशन के क्षेत्र में भी प्रभु देवा ने कमाल किया है। प्रभु देवा ने कई सुपरहिट फिल्मों का निर्देशन किया। उन्होंने अक्षय कुमार, सलमान खान और अजय देवगन जैसे बड़े स्टार्स के साथ काम किया है। इसके अलावा उनकी फिल्में पोकिरी और नुव्वोस्तानान्ते नेनोद्दन्ताना ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर धमाल मचाया। वहीं एक्टिंग के मामले में भी अपनी अलग पहचान बनाई थी। काधलन और मिनसारा कनावु जैसी साउथ फिल्मों में प्रभु देवा का अदाकारी काफी यादा पसंद की गई। इसके साथ ही उन्होंने बॉलीवुड में एबीसीडी और स्ट्रीट डांसर थ्रीडी जैसी फिल्मों में अपनी एक्टिंग का जलवा दिखाया। वहीं प्रभु देवा की पर्सनल लाइफ भी कम सुर्खियों में नहीं रही। उनकी शादी और डिवोर्स की खबरों ने खूब चर्चा बटोरी। दरअसल, साल 2010 में प्रभु देवा की पत्नी ने पारिवारिक न्यायालय में एक याचिका दायर की थी। जिसमें प्रभु देवा और एक्ट्रेस नयनतारा के लिव-इन रिलेशनशिप से रोकने को अनुरोध किया गया था। इसके अलावा प्रभु देवा की पत्नी ने धमकी दी थी कि अगर प्रभु देवा ने नयनतारा से शादी की तो वह भूख हड़ताल करेंगी। वहीं उन्होंने कई महिला संगठनों ने नयनतारा के खिलाफ तमिल संस्कृति को बदनाम करने के लिए विरोध प्रदर्शन किया और उनका पुतला जलाया। साल 2011 में प्रभुदेवा का उनकी पत्नी से तलाक हो गया तो वहीं साल 2012 में नयनतारा ने इस बात की पुष्टि की कि उन्होंने प्रभुदेवा के साथ अपने रिश्ते को समाप्त कर दिया है। हालांकि तमाम मुश्किलों के बाद भी प्रभु देवा ने हार नहीं मानी और लगातार अपने काम कर ध्यान दिया और आगे बढ़ते रहे।

## तापसी पन्नू की दी हुई साड़ी ने बुजुर्ग जोड़े के लिए रचा अनमोल पल



तापसी पन्नू की दी गयी एक साड़ी बुजुर्ग जोड़े के लिये अनमोल पल बन गयी। हाल ही में एक पत्रकार ने इंस्टाग्राम पर बताया कि कैसे तापसी की एक छोटी-सी अच्छाई एक बुजुर्ग कपल के लिए यादगार बन गई और उनसे उनका एक खास रिश्ता जुड़ गया। पत्रकार ने अपने पिता की एक दिल छू लेने वाली कहानी शेयर की, जो ब्रेन स्ट्रोक के बाद याददाश्त खो बैठे थे, यहां तक कि अपने परिवार के नाम भी भूल गए थे। लेकिन हैरानी की बात ये थी कि छह महीने बाद भी उनके दिमाग में एक नाम साफ़-साफ़ याद था और वह था तापसी पन्नू का नाम। जब वो धीरे-धीरे फिर से बोलना सीख रहे थे और रोज़ टहलने जाते थे, तो गली के आखिर में बने एक बंगले को मज़ाक में तापसी पन्नू हाउस कहने लगे। ज़िंदगी के इतने सारे नाम और बातें भूलने के बावजूद, उनका दिमाग तापसी का नाम थामे रहा, जो एक अनोखा और दिल को छू लेने वाला कनेक्शन बन गया। हाल ही में जब उनके माता-पिता दिल्ली में कहीं बाहर गए, तो उनकी मां ने वो साड़ी पहनी जो उन्होंने किसी खास मौके के लिए संभालकर रखी थी, वही साड़ी जो तापसी ने अपने ब्रांड लॉन्च के दौरान पिछले साल गिफ्ट की थी। ये छोटी लेकिन दिल छू लेने वाली बात दिखाती है कि तापसी के एक छोटे से प्यार भरे इशारे ने इस कपल की ज़िंदगी में कितनी गहरी छाप छोड़ी, जो उनके लिए खुशी और यादों से भरा एक खास लम्हा बन गया। तापसी ने भी इस पोस्ट पर रिएक्ट किया और बताया कि ये लम्हा वो हमेशा संजोकर रखेंगी। उन्होंने कमेंट में लिखा, थैंक यू, मुझे याद दिलाने के लिए कि एक एक्टर होने से ज्यादा मेरी जिम्मेदारी और भी बड़ी है। इस खूबसूरत कहानी को शेयर करने के लिए धन्यवाद, जो हमेशा मेरे लिए मोटिवेशन का हिस्सा बनी रहेगी। ये प्यार मैं ताउम्र संभालकर रखूंगी और इसे दिल के सबसे करीब रखूंगी।

# विद्यालय और कक्षा से दूरी नहीं बनायें विद्यार्थी : मंत्री पटेल

### मंत्री श्री पटेल केरपानी में आयोजित शाला उत्सव कार्यक्रम में हुए शामिल



नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत तीसरे दिन गुरुवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला केरपानी में शाला उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन व दीप प्रज्जवलन कर किया। उन्होंने बच्चों को प्रेरणादायी बातें बताई और उनका हौसला अफजाई किया। उन्होंने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद कर उनके जीवन के लक्ष्य के बारे में जाना और उन्हें कहा कि मन में कोई जिज्ञासा नहीं रखें। सवाल पूछने की आदत अपने जीवन में शामिल करें। मंत्री श्री पटेल व अन्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकों का वितरण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया व उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर, पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल, पं. रामसनेही पाठक, महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका, सीईओ जिला पंचायत श्री दलीप कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी श्री अनिल व्यौहार, डीपीसी, बीईओ, अन्य अधिकारी- कर्मचारी, विद्यार्थी, उनके माता- पिता, अभिभावक और ग्रामीणजन मौजूद थे। मंत्री श्री पटेल ने सभी नवप्रवेशी बच्चों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि स्कूल चलें हम अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में शामिल होना था, इसलिए ग्रामीण क्षेत्र के इस स्कूल को चुना। पहले यह छुट्टियों का समय हुआ करता था। जुलाई से विद्यालय प्रारंभ होते थे। अब समय बदल चुका है। समय के साथ हुये परिवर्तन को हमें स्वीकारना चाहिये। मंच से मंत्री श्री पटेल ने बताया कि विद्यालय में दर्ज संख्या के अनुसार कई विद्यार्थी आज नहीं आये हैं। उनके नहीं आने का कारण भी हमें जानकर इस पर विचार करना होगा। उन्होंने माता- पिता और अभिभावकों से आग्रह किया कि बच्चों को फसल कटाई के कार्य में नहीं शामिल करें। यह समय उनके जीवन में फिर कभी नहीं आने वाला। बच्चे नियमित रूप से विद्यालय जायें और कक्षाओं में अध्ययन करें। आपको हर त्यौहार मनाने मिलेंगे। इस मामले में स्वयं को भाग्यशाली मानते हुए मंत्री श्री पटेल ने अपने छात्र जीवन के बारे में बताते हुए कहा कि उनके पिताजी ने हमेशा पढ़ाई और खेलों को बराबर महत्व दिया है। कभी जब अखाड़े या फुटबॉल के मैदान में खेलने नहीं जाता था, तो पिताजी और मेरे गुरू टोका करते थे। इस टोकने की प्रवृत्ति को हमें अन्यथा नहीं लेना चाहिये। यह बच्चों की बेहतरी के लिए है। मंत्री श्री पटेल ने विद्यार्थियों से संवाद के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी को कैरियर काउंसलिंग के सत्र आयोजित करने के निर्देश भी दिये। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि वे केन्द्र में मंत्री पद पर रहे और अभी प्रदेश सरकार में मंत्री पद पर है, लेकिन इस दौरान उन पर कभी कोई आरोप नहीं लगा। जीवन की सफलता यही है कि आप पर कभी कोई उंगली न उठायें। आप सभी संकल्प लें कि आप अपने जीवन को बेहतर बनाकर गांव व समाज का नाम रोशन करेंगे। हम नर्मदा तट पर रहने वाले लोग हैं। न जाने कितने परिक्रमावासी प्रतिदिन यहां से गुजरते हैं। हम सिर्फ उनके भोजन व विश्राम की जरूरतें पूरी करते हैं। आप इन परिक्रमावासियों से जब भी मिले, तो उनसे उनके जीवन के अनुभव और उनकी इस यात्रा के बारे में अवश्य जानें। हम यह नहीं जानते कि कौन व्यक्ति परिक्रमावासी के रूप में आया है और वह क्या करता है। अपने गुरू परमपूज्य श्रीश्री बाबा श्री के कथन रेखायें देशों की बीच हमने खीचीं हैं यह धरती एक ही है का भी जिक्र उन्होंने किया। कलेक्टर श्रीमती पटले ने भी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए सपने देखने और उन्हें पूरा करने की बात कही। इस दौरान उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन और संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा के दौरान आई चुनौतियों और उनका सामना कर कलेक्टर बनने के अनुभव को भी साझा किया। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें देते हुए कहा कि दृढ़ इच्छा शक्ति और आत्मविश्वास के साथ प्रयास करते रहें। मंजिल निश्चित तौर पर आपको मिलेगी।



## सोलह श्रृंगार करके निकाली गणगौर की शोभायात्रा

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

चैत्र नवरात्र में गणगौर का उत्सव नगर में श्रद्धा एवं उत्साह से मनाया गया। इसअवसर पर अग्रवाल महिला मंडल द्वारा गणगौर उत्सव पर लाडो मोदन मंदिर से भव्य गणगौर शोभायात्रा बैंड च्बाजों के साथ निकाली गई जो चावड़ी,महावीर भवन, शक्ति चौक, शिवालय चौक, झंडा चौक से होती हुई वापस बांके बिहारी मंदिर प्रांगण पहुंची। जहां गणगौर की पूजन-अर्चन कर प्रसादी का वितरण किया गया। शोभायात्रा का नगर में जगह-जगह स्वागत किया गया। इस अवसर पर महिलाएं क्रमबद्ध तरीके से सोलह श्रृंगार कर चल रहीं थीं।

## जिला विकास एवं निगरानी समिति की बैठक 8 को

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** सांसद चौ. दर्शन सिंह की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति- दिशा की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 8 व 9 अप्रैल को आयोजित की जायेगी। यह बैठक 8 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से और 9 अप्रैल को सुबह 10 बजे से आयोजित होगी। कलेक्टर एवं सदस्य सचिव जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ने बताया कि 8 अप्रैल को ग्रामीण विकास, कृषि एवं किसान कल्याण, पंचायती राज, आवास और शहरी मामले- जिला शहरी विकास अभिकरण, जल संसाधन नदी विकास एवं नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, जल प्रबंधन कार्यक्रम, महिला एवं बाल विकास, पशुपालन एवं डेयरी, कौशल विकास और उद्यमिता, मप्र विद्युत वितरण कंपनी नरसिंहपुर, जिला सहकारी समिति, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, पेयजल एवं स्वच्छता एवं भूमि एवं संसाधन विभाग की समीक्षा की जायेगी। इसी तरह 9 अप्रैल को शिक्षा, खनिज, एनटीपीसी गाडरवारा, सड़क परिवहन और राजमार्ग, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस- प्रधानमंत्री उज्जवला योजना 2.0, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता- प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, विकलांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण- सुगम्य भारत अभियान एवं विशिष्ट विकलांगता आईडी, लघु एवं मध्यम उद्यम, श्रम एवं रोजगार- ई श्रम पोर्टल, मंडी से संबंधित एवं वन विभाग की समीक्षा की जायेगी।



## स्कूल के निजी संचालक द्वारा भगवान श्री राम पर आपत्तिजनक टिप्पणी का विरोध

### विश्व हिंदी परिषद, बजरंग दल ने गिरफ्तारी की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** बिगत दिवस जबलपुर में जॉय स्कूल विजय नगर के संचालक अखिलेश मैंबन के द्वारा हमारे आराध्य भगवान श्रीराम जी के लिए एवं समस्त हिन्दू समाज के विरुद्ध अपमान एवं आपत्तिजनक टिप्पणी की गई और इन्हीं के ईसाई समुदाय से आने वाले लोगों ने इसको शेयर किया जिसका विरोध विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा शांतिपूर्वक स्कूल में प्रदर्शन किया जा रहा था वहाँ पर भी इसी प्रकार से कार्यकर्ताओं को उकसाने एवं अपशब्दों का प्रयोग स्कूल प्रबंधन के द्वारा किया जाने लगा जब विरोध ज़्यादा बड़ा तो पुलिस के द्वारा वहाँ पर सभी को अलग कराया गया है एवं प्रभु राम के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले अखिलेश मैबन के ख़िलाफ़ प्रथम सूचना रिपोर्ट विजय नगर जबलपुर थाने में दर्ज की गई हैं जिसमें अभी तक गिरफ्तारी नहीं की गयी है।विश्व हिंदू परिषद शासन प्रशासन से यह मॉग करता है कि प्रभु राम के ख़िलाफ़ में इस प्रकार आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले इस व्यक्ति जिसका आपराधिक रिकॉर्ड भी है इसके सभी अनैतिक कृत्यों पर शासन के द्वारा उस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई एवं अखिलेश का जो घर बना हुआ है वह भी अवैध रूप से बनाया गया है इस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए इसके ऊपर रासुका की कार्रवाई की जाए एवं इसके साथ में डेविड जॉर्जए, अरविंद एंड्रयूए क्रिस्टोफर एंथोनीएइसाक चौरे (बॉबी) एवं अन्य लोगों ने प्रभु रामजी के खिलाफ में की गई टिप्पणी को शेयर किया। अपने फेसबुक से डाला है उन सभी की जाँच पड़ताल करके उन सभी के ऊपर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तारी की जाए अन्यथा विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल भविष्य में उग्र आंदोलन करेगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## कलेक्टर ने किया जल संरचनाओं का निरीक्षण

### ग्राम अमोदा, मुर्गाखेड़ा व रोहणी पहुंचकर लिया जायजा



**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने गुरूवार को जिले की ग्राम पंचायत हीरापुर के ग्राम अमोदा, ग्राम रोहणी व ग्राम मुर्गाखेड़ा में जल संरचनाओं का निरीक्षण किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री दलीप कुमार, अन्य अधिकारी- कर्मचारी और स्थानीय अमला मौजूद था। कलेक्टर ने ग्राम अमोदा, रोहणी व मुर्गाखेड़ा में खेत- तालाब व स्टॉप डेम का निरीक्षण करते हुए कहा कि निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण हो। उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव और ग्राम रोजगार सहायक को निर्देशित करते हुए कहा कि वे स्थानीय किसानों को अपनी भूमि में खेत- तालाब बनाने के लिए प्रेरित करें और उन्हें खेत- तालाब से होने वाले लाभ की भी जानकारी दें। उल्लेखनीय है कि जल संरक्षण और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा खेत- तालाब योजना संचालित कर रही है।

इससे किसानों को सिंचाई, मछली पालन और कृषि विकास के लिए आर्थिक सहायता दी जाती है। खेत- तालाब बन जाने से वर्षा जल को संचय कर भूमिगत जल स्तर में बढ़ाने में मदद मिलती है। किसानों को सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता होती है, जिससे फसलों की अच्छी पैदावार बढ़ती है।

तालाब में मछली पालन करके किसानों को अतिरिक्त आय का साधन भी उपलब्ध होता है। जल की उपलब्धता से कृषि योग्य भूमि का विस्तार होता है। सरकार खेत- तालाब योजना के तहत सिंचाई और बोरिंग पर अनुदान, मछली पालन व कृषि विकास के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करती है। तालाब किनारे पौधरोपण की सुविधा भी प्रदान की जाती है। विदित है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जल संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से प्रदेश सहित जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है।

यह अभियान 30 मार्च से शुरू हो चुका और 30 जून 2025 तक चलाया जायेगा। इस दौरान जल संरचनाओं का निर्माण, बोरी बंधान, संगोष्ठी, दीवार लेखन, नारे, स्लोगन, विभिन्न प्रतियोगितायें, कुओं व बावड़ियों की साफ- सफाई व उनके जीर्णोद्धार जैसे अनेक कार्य किये जा रहे हैं।

## ग्राम चिनकी में हो जल संरचनाओं का निर्माण

नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।

जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरूआत 30 मार्च से की गई है, जो 30 जून 2025 तक लगातार चलाया जायेगा। जल गंगा अभियान को जन आंदोलन बनाने के उद्देश्य से जिले में कई महत्वपूर्ण कार्य किये जा रहे हैं। जल संरक्षण की दिशा में लोगों को जोड़ने, संगोष्ठी, बोरी बंधान, पुरानी व प्राचीन बावड़ियों की साफ- सफाई आदि के कार्य किये जा रहे हैं। इसी क्रम में मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में जिले के करेली विकासखंड के ग्राम चिनकी में सामुदायिक सहभागिता से श्रीराम आरण्यक पहाड़ी में वर्षा जल के संचय के लिए जल संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है।

जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद श्री जयनारायण शर्मा ने बताया कि अभियान के तहत जल संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में सम्पूर्ण पहाड़ी में नवांकुर संस्थाओं, विश्व गायत्री परिवार चिनकी इकाई, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति चिनकी- घूरपुर, पिपरहा एवं सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राओं व परामर्शदाताओं के साथ आमजन की सामूहिक सहभागिता से यह कार्य किया जा रहा है। इसमें कन्टूर ट्रेंच, थाला निर्माण एवं नालियों का निर्माण किया जा रहा है। इससे वर्षा काल मे जल का संचय होगा और भूमिगत जल के स्तर में वृद्धि होगी और आने वाले समय में लोगों को पानी की उपलब्धता हो सकेगी। वर्षा काल में यहां सघन पौधारोपण किया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक ठोस व प्रभावी काम ही सकेगा।

## स्वच्छता के लिए हुआ श्रमदान

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में सांईखेड़ा स्थित नर्मदा जी के झिकौली घाट में साफ- सफाई के लिए श्रमदान किया गया। स्थानीय लोगों को नर्मदा जी के घाट में स्व्च्छता के लिए प्रेरित किया, ताकि जल निर्मललता बनी रहे। इसके अलावा नागरिकों को जल गंगा संवर्धन अभियान के बारे में भी बताया।



## समय सिंधु महिला मंडल एवं अनन्त वधु मंडल का शपथ ग्रहण समारोह हुआ सम्पन्न

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन चंदना संभाग के अंतर्गत समय सिंधु महिला मंडल एवं अनन्त वधु मंडल का संयुक्त शपथ ग्रहण समारोह सावित्री सिग्रेचर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में मंगलाचरण, आचार्य विधासागर महाराज जी की फोटो का अनावरण कर दीप प्रज्ज्वलन मुख्य अतिथीयों ने किया संरक्षक किरण जैन,जबलपुर से पधारी संभाग अध्यक्ष शपथ अधिकारी संध्या कौशल सचिव श्वेता मोदी एवं मुख्य अतिथीयो को मंचासीन कराया पुष्प गुच्छ एवं माला पहनाकर स्वागत किया,सचिव दीपा मोदी जी मुख्य अतिथि श्रम अधिकारी ज्योति पांडे डाक्टर शुभ लक्ष्मी सिंघई के समक्ष शपथ ली गई, शपथ अधिकारी संध्या कौशल ने शपथ दिलाई समय सिंधु मंडल की अध्यक्ष रंजना नायक सचिव साधना डब्लया कोषाध्यक्ष भावना जैन उपाध्यक्ष नीलांजना जैन सहसचिव पूनम जैन अनन्त वधु मंडल से अध्यक्ष गुंजा बडकुर सचिव स्वाती जैन कोषाध्यक्ष आरती डब्लया उपाध्यक्ष नेनसी डब्लया रही। सभी पदाधिकारियों शपथ के वाद शेशे और क्राउन पहनाकर सम्मान एवं पत्रकारो का सम्मान किया ।सभी मुख्य अतिथियो को स्मृति चिन्ह प्रदान किया ।आभार नीलांजना जैन ने किया। सिंधु मंडल से अध्यक्ष रंजना नायक सचिव साधना डब्लया कोषाध्यक्ष भावना जैन संरक्षक किरण जैन,संमति जैन, प्रतिभा जैन,स्नेहा जैन,निधी जैन,सारिका जैन,अल्पना जैन, संगीता जैन, मनीषा जैन, श्वेता जैन, पारुल जैन, दीप्ती जैन,सुजाता बडकुर, रजनी सिंघई,कोकिला जैन, रेखा जैन, विनिता जैन, प्रतिभा जैन, वर्षा जैन, नीलांजना जैन, शशि जैन, सीमा जैन,निक्की जैन, श्वेता जैनचिरौंजी, पूनम जैन,पदमा सिंघई, सपना जैन, मंजु डब्लया, रही।

## महिला अत्याचार के मामले में मप्र नंबर एक

### जिलास्तरीय बैठक में बोलीं प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष विभा पटेल




गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

स्थानीय सुरभि होटल में महिला कांग्रेस की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया । जिसमें भारी संख्या में जिले भर की महिला कांग्रेस पदाधिकारी एवं सदस्यों ने भाग लेकर मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष श्रीमती विभा पटेल का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया । महिला कांग्रेस कमेटी की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती विभा पटेल ने बैठक को संबोधित कर भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में महिला उत्पीड़न के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं मासूम बच्चियों व महिलाओं के साथ दुष्कर्म की वारदातें हो रही है महिला अत्याचार के मामले में मध्य प्रदेश एक नंबर पर पहुंचता नजर आ रहा है और प्रदेश की भाजपा सरकार मूक दर्शक बनी हुई है प्रदेश में प्रतिदिन 20 महिलाओं के साथ बलात्कार की घटनाएं हो रही है। मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी महिलाओं के सम्मान एवं उनको न्याय दिलाने के लिए पूरे प्रदेश में बेटी बचाओ पखवाड़े का आयोजन कर धरना प्रदर्शन के माध्यम से प्रदेश की सरकार को जगाने का काम कर रही है महिला कांग्रेस का संघर्ष लगातार जारी रहेगा । जिला ,ब्लाक स्तर पर भी धरना प्रदर्शन किए जाएंगे ।

जिला कांग्रेस जल्द से जल्द संगठन का विस्तार करें महिलाए एकजुट होकर भाजपा की जन विरोधी नीतियों का विरोध करे ओर आने वाले समय मे नाकारा निकम्मी सरकार को प्रदेश से उखा? फेंकने के लिए तैयार रहे, जो बेरोजगारी महंगाई अत्याचार के मामले में मौन धारण कर झूठे सपने दिखाकर धर्म जाती के नाम पर जनता को भ्रमित कर रही है । पूर्व विधायक श्रीमति सुनीता पटेल नव रात्रि पर मौन थी लेकिन उन्होंने इशारे से विभा पटेल के संबोधन का समर्थन किया। महिला कांग्रेस प्रदेश महामंत्री श्रीमती अनीता रविशेखर जायसवाल ने भी संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की करनी ओर कथनी में बहुत अंतर है आज पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल है बच्चियां , महिलाएं सुरक्षित नहीं है आये दिन बलात्कार की घटनाएं हो रही हैं । नरसिंहपुर जिले में भी लगातार दुष्कर्म की घटनाएं हुई महिला कांग्रेस ने विरोध जताया । जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष प्रीति मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस महिलाओं के हक के लिए लगातार ल?ाई ल? रही है प्रदेश सरकार को चेताने के लिए महिला कांग्रेस बेटी बचाओ पखवाड़ा गाँव गाँव, नगर, वार्डो में चलाकर महिलाओं को जागृत करेगी । जिला पंचायत सदस्य मोना कौरव ने कहा कि नरसिंहपुर जिले में अभी अभी हुई दुष्कर्म की घटनाओं से अंदाजा लगाया जा सकता है कि पूरे प्रदेश का क्या हाल है । भाजपा एक तरफ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा दे रही है वहीं भाजपा के राज में बेटियां सुरक्षित नहीं है ।

नारी शाक्ति को सड़कों पर उतरकर सरकार की जन विरोधी नीतियों का विरोध करते हुए सबक सिखाना होगा । महिला कांग्रेस की ब्लाक अध्यक्ष संगीता जायसवाल ने भी भाजपा सरकार की दोगली नीतियों का विरोध करते हुए कहा कि भाजपा सरकार सभी मोर्चो पर असफल है महंगाई बेरोजगारी जैसे मुद्दों से भाजपा सरकार दूर भाग रही है । बैठक का संचालन करते हुए श्रीमति चांदनी दीक्षित ने भाजपा सरकार की जमकर आलोचना करते हुए कहा अब नारी शक्ति जाग चुकी है पूरे प्रदेश में महिला कॉग्रेस का बेटो बचाओ पखबा?ा संगठन को शक्ति प्रदान करेगा । बैठक के अंत में श्रीमति सुरेखा सैनी ने आभार प्रदर्शन करते हुए आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में बताया । बैठक में बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस कमेटी की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रही ।

# बड़वारा पुलिस ने पत्नी के हत्यारे फरार आरोपी को गिरफ्तार किया

कटनी (स्वतंत्रमत)

अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं डीएसपी हेडक्वाटर उमराव सिंह के मार्गदर्शन में बड़वारा पुलिस द्वारा ग्राम धनगवां में हुई हत्या के फरार आरोपी पति को गिरफ्तार किया गया। घटना का संक्षिप्त विवरण मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि मृतिका झिन्ना बाई के पुत्र अनुज सिंह पिता गोविंद सिंह गोड उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम धनगवां खड़खड़ा मोहल्ला थाना बडवारा जिला कटनी म.प्र. ने रिपोर्ट किया कि 30 मार्च को मैं अपने मामा नरेश सिंह के यहां ग्राम झिर्री मे था सुबह करीब 08:50 बजे मुझे मेरे पडोस मे रहने वाला प्रशन्नू यादव अपने मोबाइल फोन नं. 8103101559 से मुझे फोन करके बताया कि तुम्हारे पिता ने मां को लोहे की रोड से मारा है तुम्हारी मां सीरियस है जल्दी से आ जाओ तब मै अपने मामा के लडके रमन सिंह के साथ मोटर साईकिल से झिर्री से अपने घर ग्राम धनगवां आकर देखा तो मेरी मां घर के सामने रोड किनारे मृत हालत मे पडी थी जिनके सिर से खून बहकर नीचे पड़ा है मेरी




मां के सिर मे और चेहरे मे गंभीर चोटे लगी है मेरे पिता गोविंद सिंह ने हत्या करने के उद्देश्य से मेरी मां को लोहे की राड से मारकर हत्या कर दिया है। की रिपोर्ट पर थाना बड़वारा में अपराध क्र. 204/25 धारा-103(1) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में मामले की मृतिका के फरार आरोपी पति की पता तलाश हेतु थाना स्तर पर तीन टीमों का गठन किया गया। मामला गंभीर प्रकृति का होने से टीम द्वारा अविलंब तत्तरता से कार्यवाही करते हुए फरार आरोपी गोविंद सिंह गोंड़ की पता तलास हेतु ग्राम कोको डबरा, मोहनपानी, कारीबराह, पनसोखर, परसेल, अमराडांढ़ के जंगलो में लगातार प्रयास किया गया। आरोपी गोविंद सिंह पिता धूप सिंह गौड़ उम्र 47 वर्ष निवासी ग्राम धनगवां खड़खड़ा मोहल्ला की तलाश पतासाजी के दौरान पता चला कि आरोपी ग्राम भलवारा हार में कहीं छिपा बैठा है। जो बताए हुए स्थान पर टीम द्वारा पहुंचने पर देखा तो आरोपी झाड़ियों के बीच बैठा मिला जिसको घेराबंदी कर स्टाफकी मदद से पकड़ा गया। आरोपी द्वारा मौके पर मेमोरण्डम कथन में बताया गया कि घटना दिनांक को सुबह करीब 8:30 बजे में मेरी पत्नी झन्ना बाई अपने मायके जाने की जिद करने लगी जिसको मैंने जाने से मना किया था तो वह मना करने की बात को लेकर मुझसे लड़ाई करने लगी थी। तब मैंने गुस्से में आकर अपनी पत्नी झन्ना बाई को उसके सिर में एवं चेहरे में सब्बल से मारकर हत्या कर दिया था। घटना में प्रयुक्त लोहे की राड को आरोपी के द्वारा कमरे के अंदर से निकाल कर पेश किया। जिसे गवाहों के समक्ष मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्ती की गई। आरोपी गोविंद सिंह गोंड़ पिता स्व. धूप सिंह गोंड़ उम्र 47 साल निवासी ग्राम खड़खड़ा मोहल्ला घनगवां को 03 अप्रैल को गिरफ्तार किया जाकर जेआर पर माननीय न्यायालय कटनी में पेश किया गया है। विशेष भूमिका- सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि किशोर कुमार द्विवेदी, उनि प्रदीप जाटव, उनि लेख सिंह परिहार, सउनि विक्रम सिंह, सउनि रघुवीर सिंह, सउनि महेश प्रताप सिंह, सउनि रामनाथ साकेत, प्र.आर. 786 के.के. शुक्ला, प्र.आर. 353 लालजी यादव, आर. 591 गौरीशंकर, आर. 572 शिवप्रकाश तिवारी, आर. 611 दीपक सिंह, आर. 624 रवि कोरी एवं आर. 661 बृजलाल प्रजापति की विशेष भूमिका रही।

# निषाद राज जयंती पर निकाली भव्य शोभायात्रा

कटनी (स्वतंत्रमत)

बाकल परंपरा अनुसार नगर में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भीनिषाद राज जयंती भव्यता के साथ मनाई गई इस अवसर पर समस्त स्वजातीय क्षेत्र वासियों एवं स्थानीय जनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति में बड़े महावीर मंदिर प्रांगण में धर्म सभा का आयोजन एवं भगवान निषाद राज का पूजन अर्चन आरती एवं निषाद राज के जीवन पर प्रकाश डाला गया इस अवसर पर भक्तों नेअपने उद्बोधन में निषाद राज के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुहराज निषाद तीनों को गंगा नदी पार करने में महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करते हैं। वह उन्हें नदी पार कराने के लिए



अपनी नाव प्रदान करते हैं, जिससे नदी के उस पार घने जंगलों में उनका सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित होता है। यह कार्य राम के प्रति उनके अटूट समर्थन और निष्ठा का प्रतीक है। राम और गुहराज निषाद के बीच का रिश्ता विभिन्न सामाजिक वर्गों और समुदायों के बीच एकता और सद्भाव का प्रतीक है। यह इस विचार को दर्शाता है कि भक्ति और धार्मिकता सामाजिक सीमाओं से परे हैं। गुहराज निषाद का चरित्र निष्ठा के मूल्यों का प्रमाण है। कार्यकम मे प्रमुख रूप स रामस्वरूप बर्मन राम सिंह बर्मन आदि की रही उपस्थिति।

# वेंकट वार्ड शास्त्री कॉलोनी में बनेगी सीसी सड़क



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कटनी शहर में विकास कार्यों की श्रृंखला में गुरुवार 3 अप्रैल को महापौर प्रीति संजीव सूरी, एमआईसी सदस्य एवं स्थानीय पार्षद बीना बैनर्जी की गरिमामय उपस्थिति में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन वार्ड की वरिष्ठ नागरिक सुशीला श्रीवास से संपन्न कराया गया। उक्त सड़क का निर्माण वेंकट वार्ड स्थित शास्त्री कॉलोनी गली नं 3 में लगभग 8 लाख की लागत से कराया जाएगा जिससे लोगो का आवागमन और अधिक बेहतर होगा। वार्डों में नागरिकों की समस्याओं को देखते हुए विकास कार्य कराये जा रहे है, ताकि सभी को उनकी मूलभूत सुविधाएँ प्राप्त हो सकें। इस अवसर पर सभी वार्ड वसियों द्वारा महापौर सूरी एवं स्थानीय पार्षद का पुष्प गुच्छ से स्वागत कर धन्यवाद प्रेषित किया। महापौर सूरी ने उक्त सी.सी सड़क के निर्माण के दौरान गुणवत्ता और समय सीमा का विशेष ध्यान रखने हेतु ठेकेदार को निर्देश दिए हैं, साथ ही उक्त स्थल पर स्थानीय निवासियों को नाली निर्माण कराने का भी आश्वासन दिया है। इस दौरान एमआईसी सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुभाष साहू, पूर्व पार्षद डब्बू रजक, सोनू अग्रहरि, अमित निषाद, शकुन साहू, गोली साहू, ललितराम सोनी, विजय विश्वकर्मा, सिया गुप्ता एवं अन्य स्थानीय जनों की उपस्थिति रही।

# पीएम श्री स्कूल कैमोर में धूमधाम से मना प्रवेशोत्सव



कटनी (स्वतंत्रमत)

म.प्र. शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देश पर 1 अप्रैल को पीएम श्री शा. हा. स्कूल खलवारा बाजार कैमोर में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ, उक्त कार्यक्रम में नगर परिषद कैमोर के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष विद्यालय की पोषक शालाओं की पंचायत के सरपंचों एवं आम गणमान्य जनों को आमंत्रित किया गया था कार्यक्रम का शुभारंभ आगंतुक अतिथिजनों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया तत्पश्चात संस्था प्राचार्य अलका श्रीवास्तव एवं विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा समस्त अतिथिजनों का पुष्पहार से स्वागत किया गया। अतिथिजनों के कर-कमलों से विद्यालय का लोगो-बैज, पुस्तकें प्राप्त कर छात्र छात्राएं हर्षित और पफुल्लित दिखे, छात्रा आंचल कोल द्वारा स्वागत नृत्य, छोटे बच्चों द्वारा प्रोके से न रुके हम स्कूल चले हम पर शानदार नृत्य की प्रस्तुति की गयी शिक्षकों द्वारा छात्र-छात्राओं का स्कूल गेट पर ही तिलक और पुष्पहारों से स्वागत किया गया अतिथिजनों ने विद्यालय का भ्रमण किया और बाल वाटिका नवाग्रह-वाटिका आदि की भूरि-भूरि प्रशंसा की, उन सभी ने अपने गाँव और क्षेत्र के बच्चों को विद्यालय में आगे के अध्ययन हेतु प्रोत्साहित करने का आश्वासन दिलाया। विद्यालय की ओर से प्रवेश प्रारंभ के फ्लेक्स एवं पम्पलेट दिये गये वितरित किए गये।

# तालाब में ग्रामीणों ने की जनभागीदारी से साफ-सफाई



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** विकास खंड बडवारा के ग्राम महगवा बरछैका में हनुमान मंदिर के पास महावीर तालाब में जनभागीदारी से साफ-सफाई का कार्य किया गया। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की ब्लाक समन्वयक नंदिनी वाटिया के द्वारा ग्रामीणों को पानी बचाने का सन्देश ग्राम वासियों एवं उपस्थित जनों को दिया गया। इस परोपकारी कार्य में उपस्थित ब्लाक समन्वयक नंदिनी वाटिया, नवान्कुर संस्था प्रमुख हरभगत सिंह, प्रस्फुटन समिति से गुड्डू सिंह, राजेंद्र नामदेव, कमलेश कुमार नामदेव, पुष्पेंद्र सिंह, श्यामलाल बर्मन, सखिया बाई बर्मन, राम जियावन यादव, प्रदीप सिंह, सुनीता यादव, चंदन सिंह, राम, सुखेंद्र सिंह, रामलाल भूमिया, विशंभर सिंह, आशा देवी, सुनीता सिंह, दुरसा, सुखमंती बाई, सीमा सिंह और मांडवी सिंह, पूजा सिंह, रोशनी सिंह जितेंद्र सिंह एवं मुस्कान सोनी आदि की उपस्थित रही।

# स्कूली वाहनों के जांचे दस्तावेज

कटनी (स्वतंत्रमत)

पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में थाना प्रभारी यातायात राहुल पाण्डेय के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा मिशन चौक स्थित बार्डसले स्कूल के स्कूली वाहनों का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण में स्कूली वाहन एवं निजी वाहन जिसमें स्कूली बच्चे आते जाते है चैक किए गए। वाहन चैक करने पर मैजिक वाहन क्रमांक स्क्र-२०-ञ्ञ-७६९७ के दस्तावेज पेश करने हेतु चालक से बोला गया। जिस पर चालक ने मौके पर कोई दस्तावेज पेश नहीं किए जिसे अग्रिम कार्यवाही हेतु थाना यातायात भेजा गया था। थाना वाहन मालिक द्वारा थाना उपस्थित होकर



वाहन के वैध दस्तावेज पेश किए गए दस्तावेज में वाहन का बीमा वैध न होने पर वाहन मालिक के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही कर 3000 रुपए का चालान काटा गया। बाद वाहन मालिक को वाहन के वैध दस्तावेज पूर्ण करने की समझाइश देखकर वाहन छोड़ा गया।

# डीपीएस में बच्चों ने खेल-खेल में सीखी रंगों की पहचान

कटनी (स्वतंत्रमत)

दिल्ली पब्लिक स्कूल में नन्हे बच्चों ने रंगों की पहचान के लिए एक अनोखी गतिविधि में भाग लिया। इस गतिविधि में, बच्चों ने खेल-खेल में रंगों की पहचान सीखी। इस गतिविधि की शुरुआत में बच्चों ने इन रंगीन वस्तुओं को देखकर रंगों की पहचान की। इसके बाद, बच्चों ने रंगीन चित्रों को देखकर रंगों की पहचान की। इस गतिविधि में बच्चों ने बहुत उत्साह दिखाया और रंगों की पहचान सीखने में बहुत रुचि ली। स्कूल के शिक्षकों ने बच्चों को इस गतिविधि में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया और उनकी मदद की। स्कूल की प्रधानाचार्या सीमा दुबे ने कहा कि हमने बच्चों के लिए एक अनोखी गतिविधि का आयोजन किया। इस गतिविधि में, बच्चों ने अनोखे तरीके से रंगों की पहचान सीखी। हमें उम्मीद है कि यह गतिविधि बच्चों के लिए बहुत उपयोगी होगी। इस गतिविधि में भाग लेने वाले बच्चों ने अपने अनुभव साझा किए। एक बच्चे ने कहा, मुझे रंगों की पहचान सीखने में बहुत आनंद



आया, और वही दूसरे बच्चों ने कहा मुझे तो रंग बहुत पसंद है। इस अवसर पर स्कूल की निर्देशिका जूही जैन ने और उप्राचार्य शबनम अख्तर ने उपस्थित होकर बच्चों को प्रोत्साहित किया।

# नन्हे बच्चों ने खेल-खेल में सीखने का मजा लिया और नंबर पहचाने

कटनी (स्वतंत्रमत)

दिल्ली पब्लिक स्कूल के मोंटेसरी विभाग में नन्हे बच्चों ने एक अनोखे और रोमांचक तरीके से नंबर पहचानने का हुनर सीखा। इस गतिविधि में, बच्चों ने न केवल नंबर पहचाने, बल्कि उन्होंने इसका आनंद भी लिया। इस गतिविधि के दौरान, बच्चों को विभिन्न खेलों और गतिविधियों में शामिल किया गया, जैसे कि नंबर पहचानने की प्रतियोगिता, नंबर से जुड़ी पहेलियाँ, और नंबर आधारित खेल। इन गतिविधियों ने बच्चों को नंबर पहचानने में मदद की और उन्हें इसका आनंद लेने का मौका दिया। बच्चों ने इस गतिविधि में बहुत उत्साह दिखाया और उन्होंने नंबर पहचानने में अपनी क्षमता को बेहतर बनाने के लिए कड़ी मेहनत की। उनकी मेहनत और उत्साह को देखकर, यह स्पष्ट है कि वे भविष्य में भी इसी तरह से सीखने और आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं। साथ ही साथ प्रधानाचार्या, सीमा दुबे ने कहा-हमें अपने नन्हे बच्चों को सीखाने के लिए एक मज़ेदार और रोमांचक



तरीका प्रदान करने में खुशी है। स्कूल के उपप्रधानाचार्या शबनम अख्तर का कहना है खेल खेल में सिखाना नई शिक्षा नीति के अंतर्गत शामिल है जिसका हम समर्थन करते है। हमें उम्मीद है कि यह गतिविधि बच्चों को नंबर पहचानने में मदद करेगी और उन्हें इसका आनंद लेने का मौका देगी।

# लखेरा खेरमाई मंदिर परिसर में 20 लाख की लागत से होगा सामुदायिक भवन निर्माण

**नयागांव में 25 लाख की लागत से विभिन्न स्थानों में बनेगी सी.सी नाली**

**महापौर, निगमाध्यक्ष एवं स्थानीय पार्षद की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ भूमिपूजन**

कटनी (स्वतंत्रमत)



नगर निगम सीमान्तर्गत विकास कार्यों के क्रम में 31 मार्च रविवार को विवेकानंद वार्ड को विभिन्न विकास कार्यों की सौगात मिली हैं। वार्ड में स्थित खेरमाई मंदिर परिसर में लगभग 20 लाख की लागत से सामुदायिक भवन बनने जा रहा है, वहीं नयागांव दुर्गा मंदिर के पास 25 लाख की लागत से विभिन्न स्थलों में नाली निर्माण कराया जायेगा। कार्यों के शुभारंभ हेतु महापौर प्रीति संजीव सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक एवं स्थानीय पार्षद एड. सुरेंद्र गुप्ता की गरिमामय उपस्थिति में वार्ड नागरिक सुरेश रामअवतार पाठक औरा रामदास गुप्ता से विधिवत् भूमिपूजन संपन्न कराया गया। इस दौरान स्थानीय जनों द्वारा महापौर एवं सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों को पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए स्वागत अभिनंदन किया एवं विकास कार्यों हेतु धन्यवाद दिया। भूमिपूजन पश्चात महापौर सूरी ने सभी वार्ड वासियों को वार्ड में होने जा रहे विकास कार्यों हेतु बधाई देते हुए कहा, कि हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, नगरीय एवं विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं क्षेत्रीय सासंद वी.डी शर्मा के नेतृत्व में हमारी भाजपा सरकार निरंतर विकास के मार्ग में अग्रसर है, हमारा पूरा प्रयास है कि विकास में पिछड़े सभी वार्डों को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य करायें जायें, इसके लिए हमारे सभी पार्षद साथी भी जनसंपर्क कर उनकी समस्याओं के लिए हमेशा प्रयासरत रहते हैं। भूमिपूजन कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुभाष साहू, पार्षद राजेश भास्कर, शकुन्तला सोनी, ओमप्रसाद बल्ली सोनी, स्थानीय निवासी रामचरण गुप्ता, रमेश राम, भजन गौतम, सरोज दुबे, राम गौतम, एस माहेश्वरी, उमा दुबे सहित अन्य जनों की उपस्थिति रही।

# अल्प प्रवास पर कटनी पहुंची महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष विभा पटेल

## महिला कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की बैठक

कटनी (स्वतंत्रमत)

अल्पप्रवास के दौरान महिला प्रदेश अध्यक्ष विभा पटेल का कटनी आगमन हुआ, जहा उन्होंने महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों की संगठन एवम सदस्यता के विषय मे बैठक ली एवम बातचीत की। विभा पटेल जी का स्वागत कटनी शहर महिला जिलाध्यक्ष रजनी वर्मा एवम ग्रामीण अध्यक्ष माधुरी जैन ने पुष्पगुच्छ एवम माला पहनाकर किया, महिला प्रदेश अध्यक्ष के साथ प्रदेश सचिव यशोदा पांडेय का भी आगमन हुआ उनका स्वागत अदिता वर्मा द्वारा किया गया, जिले की सभी महिला पदाधिकारियो ने प्रदेशाध्यक्ष विभा पटेल का आत्मीय स्वागत किया, बैठक के दौरान विभा पटेल ने कहा कि जल्दी ही जिले एवम प्रदेश की नई महिला कार्यकारिणी घोषित की जाएगी, एवम कांग्रेस के बेटी बचाओ पखवाड़े के अंतर्गत सभी जिलों में महिला कांग्रेस द्वारा प्रदर्शन किया जाएगा, महिलाओं को सदस्यता अभियान के द्वारा ज्यादा से ज्यादा सदस्यों को जोड़ने के साथ साथ संगठित होकर कार्य करने एवम आगामी कार्यक्रमो की रणनीति



के विषय मे चर्चा हुई। विभा पटेल जी ने कहा कि भाजपा शासन में बढ़ती महँगाई एवम महिलाओं के प्रति बढ़ते शोषण और अत्याचार के खिलाफ महिला कांग्रेस लामबंद होकर विरोध करेगी, महिला कांग्रेस शहर जिलाध्यक्ष रजनी वर्मा ने कहा कि महिला होने के नाते हमे मजबूती के साथ हर पीड़ित महिलाओं एवम बच्चियों के साथ खड़े होकर उनके न्याय की लढ़ाई में साथ देना होगा, जिसके लिए हमारी कार्यकारिणी की हर महिला ततपरता से तैयार है, ग्रामीण महिला अध्यक्ष माधुरी जैन कहा कि महिलाये संगठित होकर ही अपने और पीड़ितों की लड़ाई लड़ सकती गई इसलिए सभी साथ मिलकर कार्य करे, जिला शहर कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष राजा जगवानी ने सभी मातृशक्तियो का आभार प्रकट करते हुए कहा कि भाजपा शासन में महिलाओं के प्रति बढ़ते अन्याय और अत्याचार के विरोध में सभी कांग्रेसजन मिलकर न्याय की लड़ाई लड़ेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव यशोदा पांडेय, पूर्व प्रदेश सचिव प्रमिला मरावी, पार्षद नन्ही बाई गोटिया, उपाध्यक्ष अदिता वर्मा, शोभा मंगलानी, पूर्व प्रदेश सहसचिव सुमन रजक, पूर्व पार्षद मंजू निषाद, पूर्व प्रदेश सचिव माया चौधरी, हेमा शर्मा, पूर्व सेवादल अध्यक्ष सीमा यादव, जिला महिला महामंत्री नीरा सोनी, जिला सचिव अर्चना जैसवाल, गीता निषाद, लता खरे, रूपा खरे, अलका वर्मा, सुनीता गुप्ता, बेबी बाई गोंटिया, ज्योति विश्वकर्मा, मधु सोनी बरही ब्लॉक अध्यक्ष, संगीता पांडेय रीठी ब्लॉक अध्यक्ष, मीना पटेल, बहोरीबंद ब्लॉक अध्यक्ष मनीषा झरिया, ग्रामीण उपाध्यक्ष गोरी बाई, शहर ब्लॉक अध्यक्ष कल्पना पाठक, शशि सोनी, जागृति शर्मा, मधु सोनी, पूर्वी ठाकुर आदि पदाधिकारी महिलाओं की उपास्थिति रही, कार्यक्रम के अंत मे ग्रामीण जिलाध्यक्ष माधुरी जैन ने प्रदेशाध्यक्ष विभा पटेल एवम सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करते हुए आभार प्रकट किया।

# लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ नये आत्मविश्वास के साथ उतरेंगे मुंबई इंडियंस

लखनऊ (वार्ता)।

कोलकाता नाइट राइडर्स पर शानदार जीत के बाद मुंबई इंडियंस शुक्रवार को आत्मविश्वास और जोश के साथ लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ आईपीएल 2025 के 16वें मैच में उतरेगी। मुबंई के गेंदबाजों ने केकेआर को सिर्फ 116 रनों पर ढेर कर दिया था जिसके बाद रेयान रिकेल्टन के नाबाद 62 रनों के साथ-साथ सूर्यकुमार यादव के नौ गेंदों पर 27 रनों की धमाकेदार पारी से आसान लक्ष्य हासिल कर लिया था। उस मैच में नए खिलाड़ी अश्विनी कुमार ने चार विकेट लेकर प्रभावित किया जबकि दीपक चाहर और ट्रेंट बोल्ट पावरप्ले में प्रभावी रहे। इसके अलावा पिछले आमने-सामने के रिकॉर्ड के बावजूद, मुंबई इंडियंस एलएसजी को चुनौती देने के लिए अच्छी स्थिति में है।

लखनऊ ने आईपीएल में मुंबई के खिलाफ अपने छह मुकाबलों में से पांच में जीत हासिल करते हुए बढ़त हासिल की है। हालांकि, कोलकाता पर मुंबई इंडियंस की हालिया जीत से एलएसजी को संभल कर रहना होगा। निकोलस पूरन ने अब तक एलएसजी की ओर से बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उन्होंने पिछले तीन मैचों में 220 के स्ट्राइक रेट से 189 रन बनाए हैं। इस मैच में भी हर एक की निगाहें उनके प्रदर्शन पर होंगी।




एलएसजी अपने पिछले घरेलू मैच में पंजाब किंग्स से आठ विकेट से मिली करारी हार से उबरना चाहेगी। मिचेल मार्श और पूरन ने बल्लेबाजी का बहुत भार उठाया है, और उनकी विफलता अक्सर टीम की कमज़ोरी को उजागर करती है। कप्तान ऋषभ पंत की खराब फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है, जबकि आयुष बदोनी और अब्दुल समद ने निचले क्रम में अच्छा प्रदर्शन किया है।

गेंदबाजी विभाग में शार्दुल ठाकुर ने तीन मैचों में छह विकेट लिए हैं, लेकिन वे महंगे साबित हुए हैं और 10.22 की इकॉनमी रेट से रन दिए हैं। आकाश दीप की वापसी से आक्रमण को मजबूती मिलने की उम्मीद है, जबकि लेग स्पिनर रवि बिश्नोई अपने अब तक के निराशाजनक प्रदर्शन को बेहतर करने के लिए उत्सुक होंगे। चहर और बोल्ट की अगुआई में मुंबई का गेंदबाजी आक्रमण पावरप्ले में प्रभावी रहा है। डेब्यूटेंट अश्विनी ने पिछले गेम में चार विकेट लेकर प्रभावित किया और वे फिर से अहम भूमिका निभा सकते हैं। बीच के ओवरों में मिशेल सेंटनर का अनुभव महत्वपूर्ण होगा, जबकि युवा तेज गेंदबाज विग्नेश पुथुर को सफलता के लिए बुलाया जा सकता है।

भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना स्टेडियम की पिच संतुलित होने की उम्मीद है, जो बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों को मदद करेगी। दूसरी पारी में ओस के कारण लक्ष्य का पीछा करना बेहतर विकल्प हो सकता है। आईपीएल के इतिहास में इस स्थान पर जीत के लिये सबसे बड़ा सफल लक्ष्य का तीन विकेट पर 199 रन है, जिसे पिछले सीजन में राजस्थान रॉयल्स ने एलएसजी के खिलाफ हासिल किया था।

कुल मिला कर दोनों टीमें निरंतरता की तलाश में हैं, इसलिए मुकाबला रोमांचक होने वाला है। एलएसजी ने पहले एमआई पर दबदबा बनाया है, लेकिन मेहमान टीम की हालिया वापसी उन्हें मैच में थोड़ा पसंदीदा बनाती है।



## हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप झांसी में

**झांसी (वार्ता)।** चार से 15 अप्रैल तक खेली जाने वाली 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 में 30 टीमें हिस्सा लेंगी।झांसी के मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में टूर्नामेंट उसी नए डिवीजन आधारित प्रारूप में खेला जाएगा, जैसा कि मार्च में सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप खेली गई थी। चैंपियनशिप में 30 टीमें भाग लेंगी, जिन्हें तीन डिवीजनों में विभाजित किया गया है। डिवीजन ए सबसे ऊंचा डिवीजन होगा। यहां टीमें चैंपियनशिप खिताब के लिए भिड़ेंगी जबकि डिवीजन बी में टीमें अगले सीजन में डिवीजन ए में पदोन्नति के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। डिवीजन सी में टीमें अगले संस्करण के लिए डिवीजन बी में एक स्थान के लिए लड़ेंगी। डिवीजन ए में पिछले कुछ वर्षों में टूर्नामेंट में उनके समग्र प्रदर्शन के आधार पर भारत की शीर्ष 12 टीमें शामिल हैं।

## सूर्य कुमार यादव ने किये रामलला के दर्शन



अयोध्या (वार्ता)

टीम इंडिया में टी-20 टीम के कप्तान और मुबंई इंडियंस के धाकड़ बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने गुरुवार को यहां श्रीरामजन्मभूमि में भव्य मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शन किये। सूर्य कुमार यादव आईपीएल में लखनऊ के खिलाफ मुबंई इंडियंस टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। लखनऊ और मुबंई के बीच मैच शुक्रवार को इकाना स्टेडियम पर खेला जायेगा। मैच की पूर्व संध्या पर उन्होने आज अपने परिवार के साथ प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन-पूजन किया और फिर दिव्य और भव्य मंदिर में विराजमान रामलला का आशीर्वाद लिया। उनके साथ दीपक चाहर और करण शर्मा समेत मुबंई इंडियंस के अन्य खिलाड़ियों के अलावा प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी के मुख्य पुजारी हेमंत दास थे। इस अवसर पर उन्होने अनौपचारिक बातचीत में कहा कि अयोध्या का विकास बहुत तेजी से हो रहा है और राम मंदिर के बनने से आसपास के जो भी जिले थे उनका भी विकास हो रहा है। मंदिर बहुत भव्य बना हुआ है।

आईबी के निदेशक तपन डेका ने भी प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर और श्रीरामजन्मभूमि परिसर में विराजमान रामलला का दर्शन-पूजन किया। उनके साथ में अयोध्या रेंज के आई.जी. प्रवीण कुमार और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नैय्यर भी मौजूद थे।

# सुब्रमण्यन, फिफर कोच के रूप में यूटीटी में करेंगे पदार्पण

**अहमदाबाद (वार्ता)।** द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता रमन सुब्रमण्यन, जर्मन विशेषज्ञ क्रिस फ़िफ़र, अनुभवी प्रशिक्षक पावेल रेहोरेक, जूलियन गिरार्ड और भारत के पूर्व नंबर 1 जुबिन कुमार अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) लीग के सीज़न 6 में कोच के रूप में पदार्पण करने के लिए तैयार हैं। यह संस्करण ऐतिहासिक रूप से पहला है, क्योंकि फ़्रैंचाइज़ी को अपने कोचिंग स्टाफ़ को स्वतंत्र रूप से चुनने की स्वतंत्रता दी गई है। इनके साथ वापसी करने वाले कोच एलेना टिमिना, पराग अग्रवाल, सुभाजीत साहा, सौम्यदीप रॉय और सचिन शेट्टी भी शामिल हैं, जिनका लक्ष्य अपना दूसरा यूटीटी खिताब हासिल करना है। टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के तत्वावधान में नीरज बजाज और वीटा दानी द्वारा प्रवर्तित यह लीग 29 मई से 15 जून तक अहमदाबाद के ईकेए एरिना में होगी। 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत के टेबल टेनिस दल का नेतृत्व करने वाले सुब्रमण्यन, डेब्यूटेंट जूलियन गिरार्ड के साथ सीजन 2 चैंपियन दबंग दिल्ली टीटीसी की अगुआई करेंगे। 2022 से भारतीय टेबल टेनिस में अहम भूमिका निभाने वाले फ़िफ़र अहमदाबाद एसजी पाइपर्स के कोच होंगे, जबकि तीन दशकों से ज़्यादा के कोचिंग अनुभव वाले रेहोरेक जयपुर पैट्रियट्स का मार्गदर्शन करेंगे। यूटीटी कोचिंग में पदार्पण करने वाले कुमार कोलकाता थंडरब्लेड्स की कमान संभालेंगे। इस बीच, अनुभवी रणनीतिकार टिमिना, शेट्टी और वेस्ना ओजस्टरसेक लगातार छठे सीज़न के लिए वापसी कर रहे हैं।

### यूटीटी सीजन 6 के लिए टीमें और कोच

**अहमदाबाद एसजी पाइपर्स :** सोमनाथ घोष, क्रिस फ़िफ़र (जर्मनी); जयपुर पैट्रियट्स - सचिन शेट्टी, पावेल रेहोरेक (चेक गणराज्य); पीबीजी पुणे जगुआर - सुभजीत साहा, वेस्ना ओजस्टरसेक (स्लोवेनिया); गोवा चैलेंजर्स - पराग अग्रवाल, एलेना टिमिना (नीदरलैंड)।

दबंग दिल्ली टीटीसी : रमन सुब्रमण्यन, जूलियन गिरार्ड (फ्रांस); यू मुंबा टीटी - जे मोदक, जॉन मर्फी (आयरलैंड); कोलकाता थंडरब्लैड्स - जुबिन कुमार, टोबियास बर्गमैन (स्वीडन); चेन्नई लायंस - सौम्यदीप रॉय, जोर्ग बिट्ज़िगियो (जर्मनी)।

# लाहौर में पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम का प्रशिक्षण शिविर फिर से शुरू

लाहौर (वार्ता)।

ईद-उल-फितर के लिए चार दिवसीय अवकाश के बाद गुरुवार को एलसीसीए मैदान पर पाकिस्तानी महिला टीम का प्रशिक्षण शिविर फिर से शुरू हो गया। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, यह शिविर आईसीसी महिला विश्व कप क्वालीफाइंग दौर के लिए राष्ट्रीय टीम की तैयारी के लिए आयोजित किया जा रहा है, जिसकी मेजबानी पाकिस्तान लाहौर के दो स्थानों गद्दाफी स्टेडियम और एलसीसीए मैदान पर कर रहा है। पाकिस्तान की टीम शुक्रवार को एलसीसीए मैदान पर थाईलैंड के साथ अभ्यास मैच खेलेगी। पाकिस्तान और थाईलैंड के अलावा, क्वालीफायर में भाग लेने वाले अन्य देशों में वेस्टइंडीज, बांग्लादेश, आयरलैंड और स्कॉटलैंड शामिल हैं। फाइनल 19 अप्रैल को गद्दाफी स्टेडियम में होगा। फाइनलिस्ट टीमें विश्व कप के मुख्य दौर के लिए क्वालीफाई करेंगी। इस बीच, क्वालीफाइंग इवेंट के लिए सभी छह टीमों की घोषणा कर दी गई है।



**पाकिस्तान:** फातिमा सना (कप्तान), नाजिहा अल्वी, गुल फ़िरोज़ा, सिदरा अमीन, ओमैमा सोहेल, आलिया रियाज़, डायना बेग, सादिया इकबाल, नशरा सुंधू, मुनीबा अली, रमीन शमीम, शवाल जुल्फिकार, सैयदा अरूब शाह, नतालिया परवेज, सिदरा नवाज

**बांग्लादेश:** निगार सुल्ताना जोटी (कप्तान), नाहिदा अख्तर, इश्मा तंजीम, दिलारा अख्तर, शर्मिन अख्तर सुप्ता, शोभना मोस्तरी, शोर्ना अख्तर, जन्नतुल फर्दस सुमोना, राबेया, फाहिमा खातून, फरिहा इस्लाम त्रिस्ना, फरजाना हक, शंजीदा अख्तर माघला, मारुफा अख्तर, रितु मोनी

**आयरलैंड:** गैबी लुईस (कप्तान), एवा कैनिंग, क्रिस्टीना कूल्टर रीली, अलाना डाल्ज़ेल, लॉरा डेलानी, सारा फोर्ब्स, एमी हंटर, अर्लीन केली, लुईस लिटिल, सोफी मैकमोहन, जेन मैगुएर, किआ मेकार्टनी, कारा मरे, लीह पॉल, ओरला प्रेंडरगैस्ट

**स्कॉटलैंड:** कैथरीन ब्राइस (कप्तान), क्लो एबेल, एब्बी ऐटकेन-ड्रमंड, सारा ब्राइस, डार्सी कार्टर, प्रियनाज़ चटर्जी, कैथरीन फ्रेजर, ऐल्सा लिस्टर, अबताहा मकसूद, मेगन मैककॉल, हन्ना रेनी, नायमा शेख, रेचल स्लेटर, पिप्पा स्प्राउल, एलेन वॉटसन।

**थाईलैंड:** नारुएमोल चाइवाई (कप्तान), सुनिदा चतुरोंग्रट्टाना, नन्नापत खोनचारोएनकाई, सुलेपोर्न लाओमी, सुवानन खियाओतो, ओनिचा कामचोमफू, नत्थाकन चानथम, नन्नाफट चाइहान, चानिदा सुथिरुआंग, अपिसारा सुवानचोनराथी, नट्टाया बूचाथम, चायनिसा फेंगपैन, फन्निता माया, रोसेनी कनोह। थिपाचा पुथावोंग।

**वेस्टइंडीज:** हेले मैथ्यूज (कप्तान), शेमाइन कैंपबेल, आलिया अल्लेने, अफी फ्लेचर, चेरी एन फ्रेजर, शबिका गजनबी, जैनिलिया ग्लासगो, चिनेले हेनरी, ज़ैदा जेम्स, कियाना जोसेफ, मैंडी मंगरू, अश्मिनी मुनिसर, करिश्मा रामहरैक, स्टैफनी टेलर, राशदा विलियम्स।


## कपिल कसोटिया ब्राइटनाइट इंडिया के सीओओ नियुक्त

नयी दिल्ली (वार्ता)।

अक्षय ऊर्जा उत्पादक कंपनी ब्राइटनाइट इंडिया ने कपिल कसोटिया को भारत के लिए मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) नियुक्त किया है। कंपनी ने आज यहां कहा कि सीओओ के रूप में श्री कसोटिया परिचालन रणनीति को परिष्कृत करेंगे, परियोजना निष्पादन को तेज़ करेंगे और प्रक्रिया दक्षता बढ़ाएँगे। वह प्रमुख राज्यों में ब्राइटनाइट के मल्टी-गीगावाट डिस्पैचेबल अक्षय ऊर्जा पोर्टफोलियो के क्रियान्वयन का नेतृत्व करेंगे, जिससे कंपनी के विश्वसनीय, किफायती और टिकाऊ बिजली समाधान प्रदान करने के मिशन को गति मिलेगी। उनका नेतृत्व ब्राइटनाइट के संचालन को बढ़ाने और भारत के अक्षय ऊर्जा परिदृश्य में नवाचार को आगे बढ़ाने में सहायक होगा। ब्राइटनाइट गुजरात, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में सक्रिय रूप से हाइब्रिड अक्षय परियोजनाओं का विकास कर रही है। श्री कसोटिया इस विस्तार को आगे बढ़ाएंगे, जिससे भारत के स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण में तेजी लाने के लिए ब्राइटनाइट के मिशन को आगे बढ़ाया जा सकेगा। अक्षय ऊर्जा और बुनियादी ढांचे में दो दशकों से अधिक के नेतृत्व के अनुभव के साथ, उनके पास व्यवसायों को बढ़ाने, संचालन को अनुकूलित करने और विकास को गति देने का रिकॉर्ड है। उन्होंने पहले सेम्बकॉर्प, वेना एनर्जी और एम्प एनर्जी में नेतृत्व की भूमिकाएँ निभाई हैं।

# ट्रंप के टैरिफ से बाजार हलकान

**मुंबई (वार्ता)।** अमेरिक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पारस्परिक टैरिफ लगाने की घोषणा से वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध छिड़ने की चिंता में विश्व बाजार में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर आईटी, टेक, फोकस्ड आईटी, ऑटो और तेल एवं गैस समेत नौ समूहों में हुई भारी बिकवाली से आज शेयर बाजार हलकान रहा। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 322.08 अंक का गोता लगाकर 76,295.36 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 82.25 अंक की गिरावट लेकर 23250.10 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली का रुख रहा। इससे मिडकैप 0.31 प्रतिशत बढ़कर 41,796.08 अंक और स्मॉलकैप 0.76 प्रतिशत की तेजी लेकर 47,494.11 अंक पर पहुंच गया।




इस दौरान बीएसई में कुल 4123 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2813 में तेजी जबकि 1169 में गिरावट रही वहीं 141 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2963 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2057 में लिवाली जबकि 829 में गिरावट रही वहीं 77 के भाव स्थिर रहे। बीएसई के नौ समूह में गिरावट का रुझान रहा। इससे फोकस्ड आईटी 4.13, आईटी 3.78, टेक 2.85, सीडी 0.24, ऊर्जा 0.38, ऑटो 1.14, धातु 0.99 और तेल एवं गैस 0.59 और रियल्टी समूह के शेयर 0.22 प्रतिशत लुढ़क गए। वहीं, हेल्थकेयर 1.82, यूटिलिटीज 2.44 और पावर समूह के शेयर में 1.83 प्रतिशत तेजी रही। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बिकवाली का दबाव रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 1.36, जर्मनी का डैक्स 1.94, जापान का निक्केई 2.77, हांगकांग का हैंगसेंग 1.52 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.24 प्रतिशत गिर गया। कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 806 अंक का गोता लगाकर 75,811.86 अंक पर खुला और बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 75,807.55 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। वहीं, लिवाली होने से दोपहर से पहले यह 76,493.74 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 76,617.44 अंक के मुकाबले 0.42 प्रतिशत की गिरावट लेकर 76,295.36 अंक रह गया। इसी तरह निफ्टी भी 182 अंक लुढ़ककर 23,150.30 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 23,145.80 अंक के निचले जबकि 23,306.50 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 23,332.35 अंक की तुलना में 0.35 प्रतिशत टूटकर 23,250.10 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में टीसीएस 3.98, टेक महिंद्रा 3.79, एचसीएल टेक 3.71, इंफोसिस 3.41, टाटा मोटर्स 2.64, कोटक बैंक 0.97, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.95 प्रतिशत शामिल रही।

## तेलों में टिकाव, दालें महंगी

**नई दिल्ली (वार्ता)।** विदेशी बाजार में भारी गिरावट आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि मांग निकलने से अधिकांश दालें महंगी हो गई वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे। वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 32 रिंगिट गिरकर 4810 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.12 सेंट की गिरावट के साथ 47.39 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन के बाजार में चना, दाल चना और अरहर दाल में 100-100 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। चना 5550-5650, दाल चना 6550-6650, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 8800-8900, अरहर दाल 8400-8500 रुपये प्रति क्विंटल रहे।



# ट्रंप के टैरिफ का भारत पर कम असर : उद्योग

**नई दिल्ली (वार्ता)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पारस्परिक टैरिफ लगाए जाने को लेकर भारतीय उद्योग जगत ने आज अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि इस शुल्क का दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले भारत पर कम असर पड़ेगा। वाणिज्य एवं उद्योग संगठन एसोचैम के अध्यक्ष संजय नायर ने गुरुवार को कहा कि श्री ट्रंप द्वारा कल रात घोषित किए गए नए टैरिफ वैश्विक व्यापार और विनिर्माण मूल्य श्रृंखलाओं में एक बड़े रीअलाइनमेंट का कारण बन सकते हैं। हालांकि, भारत पर इन टैरिफ का प्रभाव अन्य प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में अपेक्षाकृत कम होने की संभावना है।

श्री नायर ने कहा, भारत को 10 प्रतिशत बेसलाइन ड्यूटी के अतिरिक्त 26 प्रतिशत शुल्क के साथ मध्य स्तर पर रखा गया है। इसके वास्तविक प्रभाव का मूल्यांकन करने की आवश्यकता है। फिर भी, कुल मिलाकर ऐसा लगता है कि अमेरिकी बाजार में भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता पर तुलनात्मक आधार पर कम असर पड़ेगा। हमारे उद्योग को निर्यात दक्षता और मूल्यवर्धन को बढ़ाने के लिए ठोस प्रयास करने चाहिए ताकि इन टैरिफ के प्रभाव को कम किया जा सके। एसोचैम अध्यक्ष ने यह भी बताया कि अधिकांश अमेरिकी व्यापार साझेदार देश पारस्परिक शुल्क (रेसिप्रोकल टैरिफ) लगाने की योजना बना रहे हैं, जिससे कोई भी देश विशेष लाभ की स्थिति में नहीं होगा। इसका परिणाम उपभोक्ताओं पर अधिक कीमतों के रूप में पड़ सकता है, जिससे महंगाई का दबाव बढ़ेगा।

श्री नायर ने कहा, हम वैश्विक प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं लेकिन भारत के लिए आगे का रास्ता एक त्वरित वरीयता व्यापार समझौता (प्रेफरेंशियल ट्रेड डील) हो सकता है। राष्ट्रपति ट्रंप अभी भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का सम्मान करते हैं, इसे ध्यान में रखते हुए यह समझौता संभव हो सकता है। भारत के उद्योग जगत को इस मामले में सरकार के साथ मिलकर काम करना होगा। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के अध्यक्ष एस. सी. रल्हन ने कहा कि 26 प्रतिशत पारस्परिक टैरिफ के प्रभाव का विश्लेषण करने से यह स्पष्ट होता है कि भारत की स्थिति अन्य प्रमुख प्रतिस्पर्धियों की तुलना में अपेक्षाकृत बेहतर है। उन्होंने बताया कि भारत पर 26 प्रतिशत, वियतनाम पर 46 प्रतिशत, चीन पर 34 प्रतिशत और इंडोनेशिया पर 32 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया है। इससे यह स्पष्ट है कि भारत वियतनाम, चीन, इंडोनेशिया, बंगलादेश, श्रीलंका और म्यांमार जैसे प्रतिस्पर्धियों की तुलना में अपेक्षाकृत अनुकूल स्थिति में है। श्री रल्हन ने यह भी कहा कि परिधान, रत्न एवं आभूषण, चमड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स, रसायन, प्लास्टिक और फर्नीचर जैसे कुछ क्षेत्रों में निर्यात का डायवर्जन हो सकता है, जो संभावित रूप से इन टैरिफ के कुछ प्रतिकूल प्रभावों की भरपाई कर सकता है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच एक द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) का समय पर निष्कर्ष अत्यंत आवश्यक है। फियो अध्यक्ष ने कहा कि ऐसा समझौता न केवल शुल्कों को कम कर सकता है बल्कि भारतीय निर्यातकों को राहत प्रदान करने के लिए एक संरचित ढांचा भी तैयार कर सकता है। इससे एकतरफा व्यापार उपायों और प्रतिशोधात्मक शुल्कों की संभावनाएं भी कम हो जाएंगी। उन्होंने सरकार से अपील की कि वह इस मामले में अमेरिका के साथ वार्ता को प्राथमिकता दे और व्यापार संबंधों को सुधारने के लिए एक ठोस समझौते की दिशा में प्रयास करे। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारत और अमेरिका के बीच लंबे समय से चली आ रही व्यापार साझेदारी को बनाए रखने की अपील की और कहा, हम समझते हैं कि अमेरिकी प्रशासन व्यापार और टैरिफ असंतुलन को दूर करने के लिए पारस्परिक टैरिफ का उपयोग कर रहा है। हालांकि, हम अमेरिका से आग्रह करते हैं कि वह भारत और अमेरिका के बीच के ऐतिहासिक व्यापारिक संबंधों की भावना को बनाए रखे, जो आपसी सम्मान और साझा आर्थिक हितों पर आधारित है। जीजेईपीसी ने ट्रंप प्रशासन द्वारा अमेरिका को भारतीय रत्न एवं आभूषण निर्यात पर लगाए गए 26 प्रतिशत पारस्परिक टैरिफ को लेकर चिंता जताई और कहा कि यह निर्णय भारतीय निर्यातकों और अमेरिकी उपभोक्ताओं दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण बोझ साबित हो सकता है।





## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर
### तृतीय निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | pro-13 Date 03/04/2025 2025_UAD_414320_1 | संभाग क्रमांक 06 अंतर्गत पण्डित गोविंद वल्लभ पंत वार्ड में नाला निर्माण कार्य मालपानवी स्कूल के पीछे आर.सी.सी. स्लेब के साथ नाला निर्माण कार्य। | तीन माह 16.15 ( लाख) | 2000/- 12119/- | 21.04.2025 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptender.gov.in में पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम जबलपुर

## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर
### निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारो से ऑन लाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | pro-07 3/04/2025 2025_UAD_413915_1 | संभाग क्रमांक -07 निर्मल चंद जैन वार्ड अंतर्गत न्यू कंचनपुर एवं पुराना कंचनपुर में सड़क नाली एवं शेड निर्माण कार्य ( पार्षद अनुशंसा) | 03 माह 08.45 | 2000/- 6338/- | 20/04/2025 |
| 2 | pro-07 3/04/2025 2025_UAD_413915_2 | संभाग क्रमांक -07 महर्षि महेश योगी वार्ड अंतर्गत जय प्रकाश नगर रविन्द्र नगर, अशोक नगर एवं अन्य स्थानों का डामलीकरण कार्य (महापौर अनुशंसा) | 04 माह 29.65 | 5000/- 22243/- | 3/05/2025 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम जबलपुर

# सुशासन के मूल भाव को साकार कर रही डबल इंजन की सरकार : डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने कुशल वित्तीय प्रबंधन के संबंध में व्यक्त किए विचार

भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश में डबल इंजन की सरकार जनहितैषी संकल्पों के साथ अग्रसर है। उद्योग-व्यापार से लेकर खेलों तक राज्य में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए जा रहे हैं। केंद्र सरकार के मार्गदर्शन और नीति आयोग के निर्देशों के अनुरूप प्रत्येक विभाग में सुशासन के मूल भाव के साथ गतिविधियों की मॉनिटरिंग जारी है। राज्य सरकार के हर विभाग ने अपने-अपने क्षेत्र में श्रेष्ठतम कार्य करने का संकल्प लिया है। राज्य सरकार कुशल वित्तीय प्रबंधन के आधार पर अपनी पुरानी देनदारी चुका कर, नई दृष्टि से विकास के पैमानों पर आगे बढ़ रही है। विकास के साथ औद्योगिक गतिविधियों और जन हितैषी कार्यों का विस्तार इन्हीं दृढ़संकल्पों की परिणीती है। राज्य सरकार, प्रदेशवासी और अधिकारी- कर्मचारी एकजुट होकर एक भावना के साथ प्रगति पर अग्रसर हैं, इसी मंशा के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने इस वर्ष बजट में कोई नया टैक्स नहीं लगाया, बावजूद इसके गत वर्ष की तुलना में बजट में 16 प्रतिशत की वृद्धि की गई। कुशल वित्तीय प्रबंधन और सभी के सहयोग से सरकार हर क्षेत्र में अपने तय लक्ष्यों को प्राप्त कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया को जारी संदेश में



यह विचार व्यक्त किए।

### शासकीय कर्मचारियों के हित में निर्णय

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि राज्य सरकार ने शासकीय कर्मचारियों के हित में लगभग 10-15 वर्ष तक पुराने भत्तों की राशि बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसके लिए वर्ष 2025-26 के बजट में राशि आवंटित की गई है, जिससे सरकार पर करीब 1500 करोड़ रुपए का व्यय भार आएगा। उन्होंने कहा कि सरकार कुशल वित्तीय प्रबंधन के आधार पर ही अपने अधिकारी-कर्मचारियों की बेहतरी का ध्यान रख पा रही है। उन्होंने कहा कि विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में प्रदेश को प्राप्त हो रही उपलब्धियों का श्रेय अधिकारी-कर्मचारियों को जाता है।

### पुरानी सारी देनदारी चुकाने का कार्य किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि पूरे देश में मध्यप्रदेश एकमात्र ऐसा राज्य है, जिसने अपनी 7-8 साल पुरानी सारी देनदारी चुकाने का कार्य किया। हमारी सरकार ने एमएसएमई और हैवी इंडस्ट्रीज सहित सभी प्रकार की इकाइयों को गत एक वर्ष में लगभग 5 हजार 225 करोड़ रुपए की राशि देने का काम किया है। हमारी सरकार नवीन पहलों के माध्यम से उद्योगों के लिए निरंतर सकारात्मक वातावरण बना रही है। राज्य सरकार विकास के लिए प्रदेश से जुड़ने वाले उद्योगों से किये गये अपने सभी संकल्पों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### कोयले का भंडारण किया गया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कुशल वित्तीय प्रबंधन के आधार पर सभी केंद्रीय कोयला कंपनियों की देनदारियों का शत-प्रतिशत भुगतान कर दिया है। जेनरेशन कंपनी के चारों ताप विद्युत गृहों के कुशल प्रबंधन के फलस्वरूप अब तक का सर्वाधिक 11.73 लाख मैट्रिक टन कोयले का भंडारण किया गया है। ताप विद्युत गृहों में उपयोग के लिए कोयला भंडारण का अग्रिम भुगतान भी सरकार की ओर से किया जा चुका है।

# बिजली की दरें बढ़ाने पर उमंग ने सरकार को निशाने पर लिया

भोपाल (वार्ता)



मध्यप्रदेश में बिजली की दरें बढ़ाने पर विधानसभा में विपक्ष के नेता उमंग सिंघार ने राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार को निशाने पर लिया है। श्री सिंघार ने सोशल मीडिया एक्स के जरिए कहा, मध्यप्रदेश में बीजेपी सरकार के नए बिजली टैरिफ ने प्रदेश के लोगों को बड़ा झटका दिया है। जहां घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली 3.46% महंगी मिलेगी, वहीं राज्य के बाहर सस्ती बिजली बेची जाएगी। सरप्लस बिजली के दामों में 27 पैसे की गिरावट से यह साबित हो रहा है कि प्रदेश के लोगों को महंगी बिजली और कर्ज के बोझ का सामना करना पड़ रहा है, जबकि दूसरी तरफ अन्य राज्यों को सस्ती दरों पर बिजली दी जा रही है। श्री सिंघार ने लिखा है, अपनों से ही ऐसी बेरुखी क्यों? सच तो ये है कि यह सरकार सिर्फ भ्रष्टाचार के लिए ही प्रदेश की जनता का सहारा लेती है। राज्य में बिजली की बढ़ी हुयीं दरें अप्रैल माह से ही लागू हुयी हैं।

### सिंघार ने पुलिस प्रणाली पर उठाए सवाल

मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मध्यप्रदेश पुलिस की एक नई व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए हैं। श्री सिंघार ने सोशल मीडिया पर लिखा, मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय ने एक नई व्यवस्था लागू की है, जिसमें अब पुलिस अधीक्षकों को उप पुलिस अधीक्षकों के तबादले का अधिकार मिलेगा। यह कदम कानून-व्यवस्था सुधार के नाम पर उठाया गया है, लेकिन सवाल उठता है-क्या यह वास्तव में प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने के लिए है या फिर सत्ता के खेल का हिस्सा? नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इस प्रणाली में पुलिस अधीक्षकों को अधिक स्वतंत्रता देने की बात की जा रही है, लेकिन क्या इससे राजनीतिक हस्तक्षेप नहीं बढ़ेगा? खासकर जब अधिकारियों का कहना है कि इससे निष्पक्ष पुलिसिंग पर असर पड़ सकता है। श्री सिंघार ने आरोप लगाया कि शासन द्वारा उठाया यह कदम सच्चे प्रशासनिक सुधार के लिए कम और सत्ता के हितों के लिए अधिक है।

# निषादराज जयंती पर निकली रैकवार मांझी समाज की ऐतिहासिक शोभायात्रा





दमोह

जिला रैकवार मांझी समाज दमोह द्वारा नवरात्रि की पंचमी पर प्रभु श्रीराम के सखा और रैकवार समाज के आराध्य देव गृहराज निषादराज महाराज की जन्म जयंती पर ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली गई। सर्व प्रथम फुटेरा मुहल्ला, चैनपुरा, पलंदी चौराहा, मुकेश नायक कालोनी, शोभा नगर, सुभाष कालोनी, फिल्टर कालोनी, लोकों कालोनी में श्रृंगवेरपुर के राजा गृहराज का पूजन उपरांत विभिन्न मुहल्लों से शोभायात्रा महाराणा प्रताप स्कूल के मैदान पहुंची जहां पर स्वजातीय बंधुओं सहित समस्त जनप्रतिनिधियों द्वारा निषादराज महाराज का पूजन अर्चन करने के उपरांत निषादराज महाराज की जयंती पर आयोजित ऐतिहासिक शोभायात्रा प्रारंभ हुई जो पुराना थाना, मोहन टॉकीज, बकौली सांई मंदिर, हनुमान गढ़ी, घंटाघर, एवरेस्ट लॉज, राय तिराहा, स्टेशन चौराहा, बस स्टैंड चौराहा, जिला सहकारी बैंक चौराहा, अम्बेडकर चौक, भाजपा कार्यालय से डाक्टर हाऊस होती हुई वापिस महाराणा प्रताप स्कूल मैदान पहुंची जहां पर प्रसाद वितरण के साथ यात्रा में शामिल स्वरूपों का पूजन कर समापन किया गया। निषादराज महाराज की शोभायात्रा में भगवान प्रभु श्रीरामए लक्ष्मण सीता मैया और निषादराज महाराज की झांकी के दर्शन करने भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। यात्रा के दौरान ढिमरयाई नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। तो शोभायात्रा के दौरान बैंड़ बाजें की धुन पर महिलाएं पुरुषों के साथ समाज के युवा और युवतियां नाचते झूमते साथ चलती रही। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। निषादराज जयंती पर आयोजित शोभायात्रा के दौरान नगर के 39 वार्डों की रैकवार माझी समाज की हजारों की संख्या में मौजूदगी रही।

# बड़ी खेर माई मंदिर पर उमड़ी सैंकड़ों भक्तों की भीड़

पथरिया

भारत के मध्यप्रदेश में स्थित विधानसभा क्षेत्र पथरिया है जो दमोह जिला का एक हिस्सा है। पथरिया नगर के प्रमुख धार्मिक स्थल में से एक प्रसिद्ध स्थल बड़ी खेर माता मंदिर है जिसमें अभी नवरात्रि का पर्व चल रहा है। पर्व के दौरान सैंकड़ों भक्तों की कतारें यहां लगी रहती है। करीब रात 3 बजे से सुबह 9 बजे तक भक्तों की भींड मंदिर में जल अर्पण करने आती है तथा माई के दर्शन कर अपनी मनोकामनाएं माई के दर पर सुनाती है। वहीं शाम 4 बजे से मातारानी के दर्शन पूजन आरती के लिए भक्तों का पहुंचना प्रारंभ हो जाता है एवं संध्या की आरती के समय भी भक्तों





की भारी संख्या रहती है। मंदिर को आकृषित करने वाला यहां का मुख्य केंद्र बिंदु स्वर्ण कलश है जो खेर माता मंदिर समिति एवं जन सहयोग की सहायता से बनाया गया था यहां 41 फीट ऊंचे शिखर का निर्माण कराया गया था जिसकी गुम्बद पर स्वर्ण कलश की स्थापना की गई है। जो देखने में बहुत ही मनमोहक लगता है। यहां के जो बूढ़े बुजुर्ग है उनसे ऐसा सुनने आता है कि माता रानी का मंदिर बहुत ही प्राचीन है तथा यहां पर प्राचीन काल की कुछ और भी मूर्तियां है तथा मंदिर प्रांगड़ से जिसने भी सच्चे मन से जो मुराद मांगी है उसकी मुराद हमेशा पूरी हुई है तथा यहां दूर-दूर से अपनी समस्या या मानते मांगने लोग आया करते है। जब उनकी समय का निवारण हो जाता है या फिर उनकी मांगी हुई मानते पूर्ण हो जाती है तो वह यहां फिर से दर्शन करने आते है। इसी वजह से माता की असीम कृपा का हमे पता चलता है। यहां पर काफी समय से खेरा पति माई की कृपा बरस रही है जिसका उदाहरण नगर के बहुत से फल फूल रहे परिवार है। यहां पर भक्तों के साथ साथ उनके छोटे-छोटे बच्चे भी माई के दरबार में आते है तथा बच्चों सहित माताओं-बहिनों के लिए मेले में मूलभूत चीजें एवं खिलौने मिलते है जिससे प्रांगण में हमेशा चहल पहल बनी रहती है। इस मन मोहक दृश्य का एक मुख्य कारण यहां पर लगने वाला यहां का मेला भी है। तथा इस मेले में ऐसे कई परिवार है जिनको 9 दिन माता के दर्शन के साथ साथ एक रोजगार भी मिलता है।

# हटा लोक सेवा केन्द्र का निरीक्षण

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशानुसार जिला लोक सेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल ने तहसील हटा स्थित लोक सेवा केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार हटा मानसी अग्रवाल उपस्थित रहीं। निरीक्षण के दौरान श्री पटैल ने लोक सेवा केंद्र में उपस्थित आवेदकों से चर्चा की और उनसे आवेदनों को दर्ज कराए जाने के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान कर्मचारियों को आवश्यक



व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने हेतु निर्देशित किया।

**In The Court Of III Additional District and Session Judge, District Court, Jabalpur**

**Presiding Officer :-** इरशाद अहमद

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

(MJC/0000189/2025)

अरविंद दुबे उर्फ मिन्दु दुबे................वादी

Vs

आम जनता .............................प्रतिवादी

**Process Id-/2025**

पेशी दिनांक 25/04/2025

प्रेषिती-

(1) आम जनता पता- जबलपुर मध्यप्रदेश

यह कि प्रार्थी अरविंद दुबे उर्फ मिन्दु दुबे ने आपके विरुद्ध याचिका वास्ते वसीयतकर्ती स्व0 श्रीमति भुग्गा बाई जोजे स्व. छेदीलाल दुबे द्वारा निष्पादित अंतिम वसीयतनामा दिनांक 04 02 2001 को प्रमाणित करने बावद प्रोबेट एवं प्रशासन पत्र अनुदत्त किये जाने हेतु अंतर्गत धारा 276 एवं 278 भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम 1925 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

न्याय आज तारीख 28 March 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है

सील **(इरशाद अहमद )**

**जिला न्यायाधीश तृतीय जबलपुर (म.प्र.)**

नोट- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**In The Court Of IV Civil Judge Class-II, District Court, Jabalpur**

**Presiding Officer :-** स्वास्तिक सावंत

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

(RCSA/0000233/2025)

श्रीमती सविता दास..........................वादी

Vs

आम जनता .............................प्रतिवादी

**Process Id-/2025**

पेशी दिनांक 05/05/2025

प्रेषिती

(1) आम जनता पता. जबलपुर म0प्र0

यह कि प्रार्थी श्रीमती सविता दास ने आपके विरुद्ध दावा वास्ते स्वत्व घोषणा हेतु मूल्यांकन रू0 1000 रूपये व स्थायी निषेधाज्ञा हेतु मूल्यांकन रू0 1000 रूपये जिस पर न्याय शुल्क के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है. आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 01 अप्रैल 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

सील **(स्वास्तिक सावंत )**

**चतुर्थ सिविल न्यायाधीश (कनिष्ठ खण्ड) जबलपुर (म.प्र.)**

नोट- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

# विकासखंड शिक्षाधिकारी ने छात्रों से किया संवाद

## प्रेरक कहानियों के माध्यम से जीवन में आगे बढ़ने की दी प्रेरणा

**जबेरा।** मप्र शासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए 1 अप्रैल से 4 अप्रैल तक प्रदेश की समस्त शासकीय शालाओं में प्रवेश उत्सव प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में उत्साह पूर्वक मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जबेरा जनपद के शासकीय एकीकृत हाईस्कूल पौड़ी मानगढ़ में विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार बाजपेई पहुंचे। जहां उन्होंने भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत विद्यालय प्राचार्य रामकिंकर शर्मा एवं सरपंच मनोज राय सहित समस्त स्टाफ की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं से शैक्षिक संवाद किया और प्रेरक कहानियां के माध्यम से जीवन में आगे बढ़ने और सफल होने की प्रेरणा दी। साथ ही उन्होंने जिला कलेक्टर महोदय द्वारा चलाए जा रहे पुस्तक मेला में स्थानीय विभाग और बालकों की उपस्थिति पर सराहना करते हुए आगामी समय में होने जा रहे पुस्तक एक्सचेंज मेला के बारे में छात्रों को विस्तार से बताया। इस दौरान




विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार बाजपेई ने छात्र-छात्राओं से शैक्षिक संवाद करते हुए हिंदी विषय के पाठ्यक्रम पर आधारित जीवन में ईमानदारी का महत्व बताया। साथ ही प्राथमिक विभाग के बच्चों के साथ नवाचार करते हुए बच्चों को गोल घेरे में खड़ा करके सप्ताह के दिनों के नाम बड़े ही सरल तरीके से बताए गए जिसमें छात्रों द्वारा स्थान बदलते हुए मंगलवार को मामा आया बुधवार को मिलती छाया जैसे गीत गाकर खेल गतिविधियां भी कराई गई। इसी तरह विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा छात्रों को मगरमच्छ, बंदर एवं लकड़हारा की प्रेरक कहानियां के माध्यम से जीवन में ईमानदारी मेहनत और लगन से कार्य करने की प्रेरणा भी दी गई। इस दौरान विद्यालय प्राचार्य रामकिंकर शर्मा द्वारा छात्र-छात्राओं को शासकीय स्कूलों में प्रवेश लेने का महत्व एवं मध्य प्रदेश शासन द्वारा छात्रों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि शासकीय विद्यालय में प्रशिक्षित एवं अनुभवी शिक्षकों द्वारा अध्यापन कार्य कराया जाता है। प्रत्येक शासकीय विद्यालय में सभी छात्रों को निशुल्क पाठय पुस्तकें साइकिल एवं गणवेश वितरण की जाती है। साथ ही विद्यालय में पुस्तकालय व्यवस्था रहती है और छात्रों को समय-समय पर शासन के द्वारा सभी सुविधाओं का वरिष्ठ अधिकारियों के माध्यम से अवलोकन भी कराया जाता है और प्रत्येक शनिवार की को इस विद्यालय में बालसभा का आयोजन और प्रत्येक माह पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया जाता है।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र./ सं.क्र.11/24-25
दिनांक 3/4/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती नीतू सिंह पिता श्री श्याम सिंह ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अबंती बाई के प्लाट नं. 06 SRS लैन्डमार्क तिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1004076808 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1250 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 1050 व.फु. आरसीसी प्रथम तल 1050 व.फु. आरसीसी द्वितीय तल 50 व.फु. आरसीसी विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्रीमती निशा खम्परिया पति राकेश कुमार खम्परिया का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र./ सं.क्र.11/24-25
दिनांक 3/4/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शिवांगी कीर्ति मरावी पिता श्री भूपेन्द्र सिंह मरावी ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अबंती बाई के प्लाट नं. 07 SRS लैन्डमार्क तिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1004260732 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1250 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 1050 व.फु. आरसीसी प्रथम तल 1050 व.फु. आरसीसी टॉवर 50 व.फु. आरसीसी विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्रीमती निशा खम्परिया पति राकेश कुमार खम्परिया का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम, जबलपुर**

# प्राचीन बावड़ी में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत हुआ श्रमदान



**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत ग्राम पंचायत सोमखेड़ा में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत स्थित प्राचीन बावड़ी स्थानीय भाषा में चोपड़ा की सफाई हेतु श्रमदान कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवान्कुर संस्था वतन एकता विकास समितिए ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सोमखेड़ा एवं ग्राम पंचायत सोमखेड़ा के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान सभी ने बावड़ी की सफाई कर जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। श्रमदान के पश्चात उपस्थित जनों को जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु संकल्प दिलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जनजागृति लाना एवं पारंपरिक जल स्रोतों को पुनर्जीवित करना है। श्रमदान कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच इंजीनियर महेंद्र पटेल, जनपद पंचायत सदस्य बलिराम सिंह, वीर सिंह ठाकुर इमलिया घाट, उमेश सिंह रामगढ़, उपसरपंच शिवदयाल साहू, उमेश सिंह ठाकुर, छत्रपाल सिंह कुर्मी, सुरेंद्र पटेल, दिनेश पटेल, दिलीप पटेल, अनिल पाटकर, सागर पाटकर, बलराम पटेल, कमलेश पटेल, मुरारी रैकवार सहित जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक सुशील नामदेव, वंदना जैन विकासखंड समन्वयक तथा नवान्कुर संस्था से बबली विश्वकर्मा, परामर्शदाता बृजेश सेन उपस्थित की उपस्थिति रही।

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भूखण्ड लीज नामांतरण/ हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आनंद नगर जबलपुर में स्थित भवन क्रमांक जनता-123 श्रीमति स्वयं प्रभा मिश्रा पति स्व. श्री नरेन्द्र कुमार मिश्रा के नाम आवंटित है जिसका विक्रय विलेख दिनांक 13.09.1999 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन क्रमांक जनता-123 श्रीमत्ति स्वयं प्रभा मिश्रा पति स्व. श्री नरेन्द्र कुमार मिश्रा ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 14.12.2022 के माध्यम से श्री मुहम्मद शाहिद पिता श्री मरहूम अब्दुल लतीफ एवं श्रीमति निशात बानो पति श्री मुहम्मद शाहिद को विक्रय किया है। श्री मुहम्मद शाहिद पिता श्री मरहूग अब्दुल लतीफ एवं श्रीमति निशात बानो पति श्री मुहम्मद शाहिद द्वारा उक्त भवन क्रमांक जनता 123 उनके नाम लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं। यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उपरोक्त लीज हस्तातंरण/ नामांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि हस्तांतरण / नामांतरण की कार्यवाही की जायेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति दावा मान्य नहीं होगा।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन नामिनी नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा निर्मित कटंगा कालोनी जबलपुर स्थित भवन क्रमांक MIG-32 श्री पी.एस. पंड्या पिता श्री आर.एस. पंड्या को आंवटित है जिसका विक्रय विलेख दिनांक 11.01.1996 को निष्पादित हो चुका है। आवंटी श्री पी.एस. पंड्या पिता श्री आर.एस. पंड्या का निधन दिनांक 20. 11.1999 को हो गया है। आवंटी द्वारा मण्डल के साथ निष्पादित लीज अनुबंध में उनके नाती श्री सुदीप पंड्या पिता स्व. श्री ए.एल. पंड्या को नामिनी नियुक्त किया गया है। श्री ए.एल पंड्या पिता श्री पी.एस. पंड्या का निधन दिनांक 12.06.2003 को हो चुका है एवं उनकी पत्नी श्रीमती प्रमिला पंड्या का निधन दिनांक 21.05.2014 हो गयी है। श्री सुदीप पंड्या पिता स्व. श्री ए.एल. पंड्या के द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र एवं शपथपत्र अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ उक्त भवन के नामांतरण हेतु आवेदन / दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं, उसके आधार पर संपत्ति के नामांतरण की कार्यवाही इस कार्यालय में प्रचलन में है यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उक्त भवन नामांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् नामांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा निर्मित धनवंतरी नगर जबलपुर स्थित भवन क्रमांक MIG-MA-31 श्री अभिलाष कुमार गुप्ता पिता श्री गया प्रसाद गुप्ता को आंवटित है। आवंटी श्री अभिलाष कुमार गुप्ता पिता श्री गया प्रसाद गुप्ता से प्राप्त आवेदन / संयुक्त शपथ पत्र एवं निर्धारित दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन श्रीमती रशिम सोनी पति श्री मुकेश कुमार सोनी के नाम हस्तांतरण कि कार्यवाही की जाना है। यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उक्त भवन हस्तांतरण बावत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि में किसी भी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर धनवंतरी नगर जबलपुर स्थित भवन के MIG-MA- 31 श्रीमती रशिम सोनी पति श्री मुकेश कुमार सोनी के नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जावेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति / दावा मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन नामांतरण/ हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सुभाष नगर महाराजपुर जबलपुर में स्थित भूखण्ड क्रमांक- एम.आई.जी.-18 श्री शिवपाल चौधरी पिता श्री राममनोहर चौधरी के नाम आवंटित है जिसका विक्रय विलेख दिनांक 13.09.2019 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भूखण्ड श्री शिवपाल चौधरी पिता श्री राममनोहर चौधरी ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 02.04.2025 के माध्यम से श्री नरेंद्र कुमार गोंड पिता श्री विशाल सिंह गोंड को विक्रय किया है। अतः श्री नरेंद्र कुमार गोंड पिता श्री विशाल सिंह गोंड द्वारा उक्त भूखण्ड उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन / भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन लीज हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शिवनगर दमोहनाका कालोनी जबलपुर में भवन क्र.-MIG-II-90 श्री योगेश पटेल पिता श्री नारायण सिंह पटेल एवं मुकेश पटेल पिता श्री नारायण सिंह पटेल के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 11.09.2024 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्री योगेश पटेल एवं श्री मुकेश पटेल ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 11.12.2024 के माध्यम से श्री ऋषी सिंघई पिता श्री पूरन चंद सिंघई को विक्रय किया है। अतः श्री ऋषी सिंघई पिता श्री पूरनचंद सिंघई द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज/ आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण/ (भवन/भूखण्ड) बावत आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अन्दर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात लीज हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

# 3 साल बाद भी पुलिस के पास नहीं पहुंची अग्निकांड की जांच रिपोर्ट

## न्यू लाइफ हॉस्पिटल मामले पर मप्र हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

### हादसे में हुई थी 8 लोगों की मौत

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

आज से लगभग 3 साल पहले यानी अगस्त 2022 में शहर के न्यू लाइफ हॉस्पिटल में हुए भीषण अग्निकांड में 8 लोगों की दर्दनाक मौत के बाद भी जांच रिपोर्ट अब तक पुलिस तक नहीं पहुंची है। यह भयावह घटना दमोह नाका स्थित न्यू लाइफ मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में हुई थी। मामले में हो रही देरी को लेकर मप्र हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को कड़ी फटकार लगाई है और निर्देश दिया है कि शहर में नियमों की अनदेखी कर संचालित किए जा रहे अस्पतालों पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट जल्द से जल्द पेश की जाए।

### कोरोना काल में उड़ाई थी नियमों की धज्जियां

दरअसल गुरूवार को चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस विवेक जैन की खंडपीठ ने इस मुद्दे पर सुनवाई करते हुए स्पष्ट किया कि न्यू लाइफ मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल अग्निकांड की हाई-लेवल जांच कमेटी की रिपोर्ट भी पुलिस को सौंपी जाए।



अदालत ने सरकार को निर्देश दिया कि 2 सप्ताह के भीतर एक्शन टेकन रिपोर्ट दाखिल की जाए। यह मामला लॉ स्टूडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल द्वारा दायर जनहित याचिका से जुड़ा है, जिसमें 2022 में दलील दी गई थी कि कोरोनाकाल के दौरान शहर में कई निजी अस्पताल नियमों की अवहेलना कर संचालित किए गए थे, जिनका संचालन अब भी जारी है। याचिका में यह भी आरोप लगाया गया कि स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत से इन अस्पतालों को अनुमति दी गई थी। अब इस मामले की अगली सुनवाई 17 अप्रैल को होगी, जहां अदालत सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की समीक्षा करेगी।

### अनदेखी कर जारी किए लाइसेंस

याचिका में मप्र हाईकोर्ट को बताया गया कि नियमों को ताक में रखकर, नेशनल बिल्डिंग कोड, फायर सिक्योरिटी के नियम, बिल्डिंग कंप्लीशन सर्टिफ़िकेट की अनदेखी कर, आगज़नी की स्थिति में दमकल वाहन के लिए 6 मीटर खुला क्षेत्र सहित पार्किंग स्पेस की उपलब्धता देखे बगैर अनेकों अस्पतालों को स्वास्थ्य विभाग के द्वारा नियम विरूद्ध लाइसेंस जारी किए गए थे। याचिका के लंबित रहने के दौरान ही अगस्त 2022 में शहर के दमोह नाका स्थित न्यू लाइफ मल्टीसिटी अस्पताल में हुए अग्निकांड हादसे में 8 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। याचिका में बताया गया कि जिस अस्पताल में अग्निकांड हुआ था, वहां पर आपातकालीन द्वार नहीं होने के कारण लोग बाहर तक नहीं निकल पाए, और जिंदा जलकर खत्म हो गए। मप्र हाईकोर्ट ने मामले में शहर में संचालित सभी नियम विरूद्ध अस्पतालों की अद्यतन एक्शन टेकन रिपोर्ट 2 हफ्ते के अंदर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं ।

### पुलिस को सौंपी जाए हाईलेवल जांच रिपोर्ट

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के द्वारा मप्र हाईकोर्ट को बताया गया कि अग्निकांड के दौरान जिस न्यू लाइफ मल्टी स्पेशीलिटी में 8 लोगों की जान गई थी, उस अस्पताल को पंजीयन जारी करने के पूर्व भौतिक निरीक्षण कर अनुशंसा करने वाले चिकित्सक डॉ एल.एन.पटेल और डॉ. निशेष चौधरी को आज तक पुलिस जांच में आरोपी नहीं बना पाई है। जबकि अगर ये अधिकारी अस्पताल को पंजीयन जारी करते समय मौके की सही निरीक्षण रिपोर्ट पेश करते तो इतने लोग बेमौत नहीं मारे जाते।

### जांच रिपोर्ट तत्काल सौंपने के दिए निर्देश

मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की डिवीजन बैंच के सामने याचिकाकर्ता की ओर से तर्क दिये गये कि राज्य शासन के द्वारा संभागीय आयुक्त की अध्यक्षता में जो जांच कमेटी गठित की गई थी, उसमें भी इन व्यक्तियों को दोषी पाया पाया गया है, लेकिन वह रिपोर्ट पुलिस को नहीं दी जा रही है, जिससे दोषियों को आरोपी नहीं बनाया जा रहा है। मामले में हाईकोर्ट ने शासन को निर्देश दिये है कि कमेटी की जांच रिपोर्ट पुलिस को तत्काल सौंपी जाए, तत्पश्चात् पुलिस को सरकारी जिम्मेदारों को भी मामले में आरोपी बनाना होगा।




# नवनिर्मित भवनों का हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने किया वर्चुअली उद्घाटन

### विभिन्न जिलों में कुटुम्ब न्यायालय, बाल-सुलभ न्यायालय कक्ष एवं आवासीय परिसर का हुआ उद्घाटन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। मप्र हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत, द्वारा 3 अप्रैल को झाबुआ और बालाघाट जिले में नवनिर्मित 'कुटुम्ब न्यायालय' भवन, जिला शाजापुर, बुढ़ार (शहडोल), राजेंद्रग्राम (अनूपपुर), कोलारस (शिवपुरी) में 'आवासीय परिसर' और मनावर (धार) में 'बाल-सुलभ न्यायालय' कक्ष का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीश कहा कि झाबुआ और बालाघाट में नए 'कुटुम्ब न्यायालय' भवन पारिवारिक विवादों से निपटने के लिए एक सुव्यवस्थित स्थान प्रदान करेंगे। मनावर, जिला धार में 'बाल-सुलभ न्यायालय' कक्ष युवा गवाहों और पीड़ितों के लिए एक सुरक्षित और आश्वस्त स्थान प्रदान करने के लिए निर्मित किया गया है, जबकि नवनिर्मित आवासीय परिसर सुसज्जित और आरामदायक आवास प्रदान करेगा, जिससे न्यायिक अधिकारी अधिक ध्यान और दक्षता के साथ अपने कर्तव्यों का पालन कर सकेंगे। मुख्य न्यायाधीश ने इस बात पर जोर दिया कि प्रगति को केवल कानूनों और निर्णयों से नहीं मापा जाता है, बल्कि इस बात से भी मापा जाता है कि लोग कितनी आसानी से न्याय की प्राप्ति कर सकते हैं।इन परियोजनाओं के लिए 24 करोड़ रुपये से अधिक राशि का उपयोग किया गया है।

### सुविधाओं से लेस भवन

नवनिर्मित 'कुटुम्ब न्यायालय' भवन में कोर्ट रूम, फाइलिंग सेक्शन, काउंसलिंग रूम, कॉमन रूम, क्रेच और अन्य आवश्यक सुविधाओं की अच्छी व्यवस्था है। इसके साथ ही 'बाल-सुलभ न्यायालयों में कोर्ट रूम, गवाहों के लिए प्रतीक्षा कक्ष, कॉमन रूम और अन्य सुविधाएं शामिल होंगी। न्यायिक अधिकारियों के लिए कुल 14 आवासीय आवास उपलब्ध कराए जाएंगे। जिनमें बुढ़ार (शहडोल) में 5, शाजापुर में 5, राजेंद्रग्राम (अनूपपुर) में 2, और कोलारस (शिवपुरी) में 2 शामिल हैं।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम के दौरान न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा, न्यायमूर्ति सुबोध अभ्यंकर, न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा, न्यायमूर्ति अनुराधा शुक्ला, न्यायमूर्ति संजीव एस. कलगाओंकर, न्यायमूर्ति प्रेम नारायण सिंह, न्यायमूर्ति श्रीहिरदेश, न्यायमूर्ति अवनींद्र कुमार सिंह, न्यायमूर्ति गजेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## जल्द राजस्व रिकार्ड रूम होगा अपडेट



जबलपुर

कलेक्टर दीपक सक्सेना ने कलेक्ट्रेट स्थित राजस्व अभिलेखागार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शीघ्र ही राजस्वर रिकार्ड रूम अपडेट स्थिति में होगा। उन्होंयने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि रिकार्ड रूम को व्यरवस्थित करने के सभी आवश्यक उपाय करें। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्ट व प्रभारी अधिकारी श्रीमती शिवांगी जोशी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## जमीन विवाद में बुजुर्ग महिला से मारपीट

**जबलपुर।** रांझी इलाके में जमीन विवाद के चलते एक बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गईए जिससे पुलिस जांच में तेजी आई है।प्रभात स्कूल के सामने रहने वाली 65 वर्षीय तुलसा साहू जब मंदिर से दर्शन कर लौट रही थींए तभी कार सवार दंपति ने उन्हें रास्ते में रोक लिया। इसके बाद दोनों ने उनके साथ मारपीट की। आरोपियों की पहचान आदित्य और वंदना के रूप में हुई है।प्राप्त जानकारी के अनुसारए तुलसा साहू के घर के पीछे की जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते दोनों पक्षों में आए दिन कहासुनी होती थीए जो इस बार हिंसक झड़प में बदल गई। घटना के बाद पीड़िता ने रांझी थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हिट एण्ड रन मामले में आयोग ने लिया संज्ञान

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शहर के गढ़ा थाना क्षेत्र के त्रिपुरी चौक में गत् दिनों सुबह की सैर के लिये निकले एक 55 वर्षीय व्यक्ति को अज्ञात तेज रफ्तार कार द्वारा टक्कर मारने से मृत्यु होने की घटना सामने आई है। टक्कर लगने से व्यक्ति को गंभीर चोटें आई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों द्वारा उसे इलाज के लिये मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्रारंभिक जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मप्र मानव अधिकार आयोग की क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर मामले में संज्ञान लेकर मप्र मानव अधिकार आयोग की मुख्यपीठ भोपाल में प्रकरण पर सुनवाई करते हुए, अध्यक्ष मनोहर ममतानी तथा सदस्य राजीव कुमार टण्डन की युगलपीठ ने जनहित में मानव अधिकारों के हनन का मामला मानकर कलेक्टर से मामले की जांच कराकर, मृतक के उत्तराधिकारियों को शासन की योजना के अनुसार देय आर्थिक मुआवजा राशि के संबंध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन 3 सप्ताह में मांगा है।




# शहर में अंतराष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम बनाने संसद में उठी मांग

### सांसद आशीष दुबे ने संसद में तथ्यों सहित उठाया प्रश्न

जबलपुर



लोकसभा सांसद आशीष दुबे ने गुरुवार को लोकसभा में जबलपुर में अंतराष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम बनाने का प्रश्न उठाया और जबलपुर संसदीय क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और युवा प्रतिभाओं की महत्ता को भी तथ्यों के साथ उठाते हुए अपनी मांग रखी। सांसद श्री दुबे ने कहा कि जबलपुर अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए पहचाना जाता है, लेकिन विश्वस्तरीय खेल सुविधाओं के अभाव में स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

***दूसरे शहरों में जाने मजबूर खिलाड़ी***- अपने वक्तव्य की शुरुआत करते हुए सांसद श्री दुबे ने जबलपुर के युवाओं की खेल प्रतिभा पर प्रकाश डालाएउन्होंने कहा हमारे शहर में अपार खेल प्रतिभाएं है, लेकिन एक आधुनिक स्टेडियम न होने के कारण खिलाड़ियों को सही प्रशिक्षण सुविधाएँ नहीं मिल पातीं या उन्हें दूसरे शहरों में जाना पड़ता है। अब इसे बदलने का समय आ गया है। जबलपुर महाकौशल का केंद्र तो है ही साथ ही विंध्य और बुंदेलखंड से भी सीधे जुड़ा हुआ है, भौगोलिक रूप से जबलपुर अपना एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। श्री दुबे ने जोर देकर कहा कि एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम न केवल स्थानीय प्रतिभाओं को निखारने में मदद करेगा, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों को आकर्षित कर जबलपुर की अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देगा। अपनी मांग को मजबूत बनाने के लिए उन्होंने आंकड़ों का हवाला दिया। सांसद श्री दुबे ने कहा कि स्थानीय प्रशासन और निजी क्षेत्र भी इस परियोजना का समर्थन करने के लिए तैयार हैं, जिससे यह पहल पूरी तरह से व्यवहारिक और रणनीतिक रूप से फायदेमंद होगी।

## भारी वाहन ने बाइक सवार दम्पति को कुचला

जबलपुर

मझौली स्थित इंद्राना रोड पर भारी वाहन ने मोटर साइकल सवार दम्पति को टक्कर मारकर कुचल दिया। हादसे में महिला शिखा के शरीर पर गंभीर चोटें आने के कारण मौत हो गई। वहीं पति श्याम सुन्दर के हाथ व पैर में चोटें आई, जिसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ के बाद वाहन चालक की सरगर्मी से तलाश शुरु कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम मुरैठ सिहोरा निवासी श्याम सुन्दर बर्मन अपनी पत्नी शिखा को लेकर मोटर साइकल से जा रहे थे। जब वे ग्राम सरौदा इंद्राना रोड से आगे बढ़ रहे थे, इस दौरान पीछे से आए भारी वाहन के चालक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दम्पति मोटर साइकल सहित सामने की ओर गिरे, जिन्हे कुचलते हुए वाहन निकल गया। हादसे में शिखा के शरीर पर गंभीर चोटें आने के कारण मौके पर ही मौत हो गई। वहीं श्याम सुन्दर के शरीर गंभीर चोटें आई।




हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, **RNI No. 64561/96.**